Page 11



खेल

सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय, राहुल और पोरेल ने...

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

डीएमके विधायक का दावा, मात्र छह महीने भी नहीं चलेगी विजय की सरकार

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, आर्द्रा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 19 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 166 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,43,200 | ₹ 2,90,000 |

## आज का इतिहास

**1995 : भारतीय-अमेरिकी बालमुरली अंबाती 19 मई, 1995 को 17 साल की उम्र में दुनिया के सबसे कम उम्र के डॉक्टर बने, उन्होंने माउंट सिनाई स्कूल ऑफ़ मेडिसिन से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्हें उसी वर्ष चेन्नई में प्रतिष्ठित राजा-लक्ष्मी पुरस्कार मिला।**

**2006 : भारतीय मूल के मलेशियाई उद्योगपति टी. रविचन्द्रन ने माउंट एवरेस्ट को फ़तह किया।**

## न्यूज बाइट्स

### राज्य की बंद चीनी मिलों को चालू कराएंगे : सचिव

**पटना (नि.सं.)** । धर्मेंद्र सिंह ने सोमवार को गन्ना उद्योग विभाग के सचिव का कार्यभार संभाला। उन्होंने निवर्तमान अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार से कार्यभार लिया। इस मौके पर सचिव ने कहा कि बंद चीनी मिलों को चालू करने और ईख प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। सचिव ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें गन्ना विकास योजनाओं, किसानों के हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों तथा चीनी उद्योग से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। ईखायुक्त अनिल कुमार झा ने विभाग की अद्यतन स्थिति और किसानों के हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### टेम्पो-कंटेनर की टक्कर में 11 लोगों की मौत

**पटना (नि.सं.)** । नई दिल्ली। महाराष्ट्र के पालघर जिल में मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर एक टेम्पो और कंटेनर ट्रक की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। धानीवरी क्षेत्र में बारातियों से भरे एक ट्रक और तेज रफ्तार टेम्पो कंटेनर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर लाशें बिछ गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। प्रशासन ने हादसे की जांच शुरु कर दी है और मृतकों की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक में 100 से अधिक बाराती सवार थे, जो शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा थे।

पटना के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हाईटेक अग्निशमन सेवाओं को मजबूती देते हुए 80 नई फायर ब्रिगेड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा

# बिहार को समृद्धि की राह पर ले जाना लक्ष्य, लाएंगे पांच लाख करोड़ का निवेश

निज संवाददाता | पटना

पटना के गांधी मैदान में सोमवार को आयोजित भव्य कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हाईटेक अग्निशमन सेवाओं को मजबूती देते हुए 80 नई फायर ब्रिगेड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही विभाग को 36 नई स्कॉर्पियो गाड़ियां भी सौंपी गईं। कार्यक्रम के दौरान फायर फाइटर्स ने मॉक ड्रिल के जरिए अपनी दक्षता और साहस का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने अग्निशमन विभाग के आधुनिक उपकरणों और हाईटेक संसाधनों की जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें नई तकनीकों और आपदा प्रबंधन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि पुलिस और अग्निशमन विभाग का गठन लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग अब किसी भी बड़ी आपदा से निपटने में सक्षम हो चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि जिस विकास रूपी पौधे को नीतीश कुमार ने लगाया था, उसे मुख्यमंत्री पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।



### राज्य में उद्योग-धंधों का विस्तार ही आर्थिक प्रगति की कुंजी

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को समृद्धि और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग-धंधों का विस्तार ही आर्थिक प्रगति की कुंजी है। मुख्यमंत्री ने बिहार से बाहर रह रहे लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे वापस लौटें और बिहार में निवेश कर उद्योग स्थापित करें। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि प्रवासी बिहारी राज्य में निवेश करेंगे तो बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पद संभाले उन्हें एक महीना और तीन दिन हुए हैं तथा इस दौरान राज्य के बाहर रहने वाले लोग धीरे-धीरे वापस लौट रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार बिहार में पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सुशासन वाला राज्य है और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस को पूरी स्वतंत्रता दी गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि बिहार में कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकता और पुलिस आगे भी अपनी जिम्मेदारियां पूरी मजबूती से निभाती रहेगी।

### पुलिस के हाथ खोल दिए हैं : सम्राट चौधरी

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि बिहार में सुशासन कायम रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकता और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने मंच से कहा कि बिहार पुलिस को पूरी स्वतंत्रता दी गई है ताकि अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

### अफसरों को चेतावनी

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सख्त टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निपटारे में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चरणबद्ध तरीके से नोटिस भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहला नोटिस 10 दिन बाद, दूसरा 20 दिन बाद और तीसरा 25 दिन बाद भेजा जाएगा। इसके बावजूद अगर काम नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने यह भी दोहराया कि 'सहयोग पोर्टल' पर आने वाली शिकायतों का समाधान 30 दिनों के भीतर करना अनिवार्य होगा। तय समय में समाधान नहीं होने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खगड़िया में भीषण सड़क हादसा

# तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को रौंदा, सात की हुई मौत, कई गंभीर रूप से घायल

**एनएच-31 : 110 की स्पीड में ट्रक ने पहले ऑटो, फिर पिकअप और टाटा सफारी को मारी टक्कर, मृतकों में दो महीने का बच्चा भी शामिल**

निज संवाददाता | खगड़िया

जिले में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मानसी थाना क्षेत्र के एनएच-31 पर ठठा गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने पहले एक ऑटो को जोरदार टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर पिकअप तथा टाटा सफारी से जा भिड़ा। हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार करीब 110 किलोमीटर प्रति घंटा थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग सड़क पर दूर-दूर जा गिरे। मृतकों में दो महीने का एक नवजात बच्चा, एक महिला, एक नाबालिग लड़का और चार पुरुष शामिल बताए जा रहे हैं। कई शव सड़क और झाड़ियों में बिखरे पड़े मिले, जबकि तीन लोग ऑटो के अंदर बुरी तरह फंसे हुए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसा दोपहर करीब दो बजे हुआ। ऑटो में सवार लोग किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सीधे ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक ने एक टाटा सफारी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और फिर भागने के दौरान एक पिकअप वाहन में जा घुसा। पिकअप में टक्कर लगने के बाद ट्रक रुक गया, नहीं तो चालक वाहन लेकर फरार हो सकता था।



प्रत्यक्षदर्शी विक्रम कुमार ने बताया कि हादसे के बाद सड़क पर कई शव पड़े थे और कुछ लोग 10 से 20 फीट दूर जाकर गिरे थे। उन्होंने कहा कि मौके पर तीन लोगों की लाशें देखीं, जिनके शरीर बुरी तरह कुचल चुके थे। इनमें दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल था। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग राहत और बचाव कार्य में जुट गए। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त ऑटो से घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस तक पहुंचाया। मौके का दृश्य बेहद भयावह था। ऑटो सड़क किनारे करीब 10 फीट दूर जा गिरा था और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था। कई घायल खून से लथपथ हालत में दर्द से कराह रहे थे। एक घायल के पैर में ऑटो का लोहे का सरिया फंसा हुआ था। वहीं पिकअप वाहन का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ, हालांकि उसमें सवार लोग सुरक्षित बच गए। टाटा सफारी को भी नुकसान पहुंचा, लेकिन उसमें बैठे लोगों को केवल मामूली चोटें आईं। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। घटना की सूचना मिलते ही मानसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया।

## सासाराम : पैसेंजर ट्रेन की जनरल बोगी में लगी आग, यात्रियों में मची अफरा-तफरी



निज संवाददाता | रोहतास(सासाराम)

जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सासाराम-आरा-पटना पैसेंजर ट्रेन की जनरल बोगी में अचानक आग लग गई। घटना प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर खड़ी ट्रेन संख्या 53212 की डी-3 बोगी में हुई। आग लगते ही बोगी से धुआं और तेज लपटें उठने लगीं, जिसके बाद यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन सुबह करीब 6:45 बजे खुलने वाली थी और उस समय बड़ी संख्या में यात्री बोगी के अंदर बैठे हुए थे। अचानक कोच के भीतर से जलने की तेज गंध आने लगी। कुछ ही देर में धुआं फैल गया और फिर आग की लपटें दिखाई देने लगीं।

## बिहार में आज से शुरू होगा 'सहयोग शिविर', गांवों में ऑन-द-स्पॉट होगा समस्याओं का समाधान

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज से 'सहयोग शिविर' अभियान की शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की घोषणा के बाद पहली बार राज्यभर में इस पहल को लागू किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य गांव स्तर पर ही लोगों की शिकायतों का निपटारा करना और उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत सरकार भवन अथवा उसके निकट सार्वजनिक स्थलों पर सहयोग शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहेंगे और मौके पर ही लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर समाधान करेंगे। यदि किसी मामले का तत्काल निपटारा संभव नहीं होगा तो संबंधित अधिकारी लिखित रूप से अगली तिथि निर्धारित कर आवेदक को जानकारी देंगे।

राज्य सरकार ने शिकायतों के निपटारे के लिए 30 दिनों की समयसीमा तय की है। अगर किसी कारणवश समाधान में देरी होती है तो संबंधित विभाग को लिखित स्पष्टीकरण देना होगा। मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर से पूरे अभियान की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए "सहयोग पोर्टल" का उपयोग किया जाएगा। अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर सीधी निगरानी रखी जाएगी तथा शिकायतों के निपटारे में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिला पदाधिकारियों को पंचायतवार शिविरों की संख्या और आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिविर में पहुंचने वाले लोगों के लिए पीने का पानी, शौचालय और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। आम लोग सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 1100 पर संपर्क कर सहयोग शिविर से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

**बिहार पुलिस होगी पूरी तरह डिजिटल**

## ऑनलाइन देखी जा सकेगी केस डायरी 968 थाने सीसीटीएनएस से जुड़े

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अपराध नियंत्रण और अनुसंधान व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में पुलिस विभाग तेजी से कदम बढ़ा रहा है। आने वाले पांच से छह महीनों में राज्य में अपराध अनुसंधान की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल करने की तैयारी है। पटना स्थित सरदार पटेल भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में एडीजी (सीआईडी) पारसनाथ ने बताया कि बिहार पुलिस अब डिजिटल तकनीकों के जरिए जांच प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और वैज्ञानिक बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद मामलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग, डेटा अपडेट और जांच से जुड़े दस्तावेजों का डिजिटलीकरण बड़े पैमाने पर किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न डिजिटल टूल्स और मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग बढ़ाया जा रहा है, ताकि अनुसंधान प्रक्रिया अधिक प्रभावी बन सके। अपराधियों को समय पर सजा दिलाने के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के सही संकलन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से सीआईडी की ओर से पुलिस अधिकारियों के लिए 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। एडीजी ने बताया कि पिछले वर्ष से अब तक छह बैचों में कुल 2018 पुलिस अधिकारियों को डिजिटल और वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़े विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## मलमास मेला आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का अद्भुत संगम : डॉ. प्रेम कुमार

- **मलमास में राजगीर देवलोक समान पवित्र, स्नान-ध्यान और दान से मिलती है अक्षय पुण्य की प्राप्ति**

निज संवाददाता | राजगीर (नालंदा)

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक नगरी राजगीर में 17 मई से शुरू हुए ऐतिहासिक राजगीर मलमास मेला के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राजगीर का मलमास मेला केवल बिहार ही नहीं,



बल्कि पूरे देश की सनातनी परंपरा, अटूट आस्था और सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इस पावन अवसर पर देशभर से श्रद्धालु राजगीर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों और स्नान-दान में भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि मलमास के दौरान राजगीर की धरती देवलोक के समान पवित्र मानी जाती है।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि हिंदू धर्मग्रंथों और पुराणों में उल्लेख मिलता है कि मलमास अर्थात अधिकमास के दौरान 33 कोटि देवी-देवता, ऋषि-मुनि और समस्त पवित्र तीर्थ राजगीर में निवास करते हैं। यही कारण है कि इस अवधि में यहां स्नान, ध्यान, पूजा और दान का विशेष महत्व होता है।

उन्होंने कहा कि राजगीर स्थित पवित्र गर्म जल कुंड, विशेषकर सप्तधारा और ब्रह्मकुंड, धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। मान्यता है कि इन कुंडों में स्नान करने से मनुष्य को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उसके सभी पापों का नाश होता है। मलमास मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचकर आध्यात्मिक शांति और धार्मिक लाभ प्राप्त करते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह मेला भारतीय संस्कृति की उस महान भावना को साकार करता है, जिसमें "वसुधैव कुटुंबकम्" का संदेश निहित है। राजगीर मलमास मेला सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक चेतना का अनुपम उदाहरण है।



**BAYC Institute** स्थापित 1972

**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

**डॉक्टर बनें**

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




**DIPLOMA COURSE**

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

**BACHELOR DEGREE COURSE**

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

**MASTER DEGREE COURSE**

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

**PROFESSIONAL COURSE**

BLIS | MLIS | BBA | MBA

**TRADITIONAL COURSE**

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised


DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

**बिहार में बढ़ेगा आर्थिक बोझ : बिहार में नई सरकार बनने के बाद राजस्व बढ़ाने को लेकर बड़े स्तर पर तैयारी शुरू**

# स्टेट हाईवे पर लौटेगा टोल टैक्स और महंगी होगी जमीन रजिस्ट्री

निज संवाददाता | पटना

बिहार में नई सरकार बनने के बाद राजस्व बढ़ाने को लेकर बड़े स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार अब ऐसी नीतियों पर काम कर रही है, जिनका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ सकता है। सरकार मुफ्त बिजली, जीविका दीदियों को दो लाख रुपए की सहायता, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को मासिक पेंशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने की कोशिश में है। इसी कड़ी में स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स की वापसी, जमीन के सर्किल रेट में भारी बढ़ोतरी और निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतें चर्चा का विषय बनी हुई हैं। करीब आठ साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य सरकार की सड़कों और पुलों से टोल टैक्स पूरी तरह समाप्त कर दिया था। एक अप्रैल 2018 से यह व्यवस्था लागू हुई थी, जिसके बाद राज्य के 54 सड़कों और 116 पुलों पर टोल वसूली बंद कर दी गई थी। अब सम्राट सरकार इसे नए स्वरूप में फिर से लागू करने जा रही है। सरकार "बिहार सड़क उपयोगकर्ता शुल्क 2026" नीति लाने की तैयारी में है, जिसके तहत स्टेट हाईवे और महत्वपूर्ण पुलों पर दोबारा टोल वसूला जाएगा। केवल ग्रामीण सड़कों को इस दायरे से बाहर रखा जाएगा। पथ निर्माण विभाग की ओर से तैयार मसौदे पर जल्द कैबिनेट की मंजूरी मिलने की संभावना है। अधिसूचना जारी होने के बाद तीन महीने के भीतर टोल वसूली शुरू करने की योजना है।

### बालू की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी

दूसरी ओर बालू की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से घर बनाना पहले ही महंगा हो चुका है। निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़ने से मध्यम वर्ग और ग्रामीण परिवारों के लिए मकान बनवाना कठिन होता जा रहा है। ऐसे में टोल टैक्स और महंगी रजिस्ट्री जैसी नई व्यवस्थाएं लोगों की आर्थिक चिंता और बढ़ा सकती हैं। सरकार का कहना है कि राज्य के विकास, आधारभूत संरचना और कल्याणकारी योजनाओं को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त संसाधन जरूरी हैं। वहीं विपक्ष इन फैसलों को आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला कदम बता रहा है।

### जमीन के सर्किल रेट में भारी बढ़ोतरी

इसी के साथ सरकार जमीन के सर्किल रेट में भी भारी बढ़ोतरी करने जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में 2013 और शहरी क्षेत्रों में 2016 के बाद से सर्किल रेट में कोई बड़ी वृद्धि नहीं की गई थी, जबकि जमीन की बाजार कीमत कई गुना बढ़ चुकी है। अब सरकार सर्किल रेट को तीन से चार गुना तक बढ़ाने की तैयारी कर रही है। वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार ने जमीन और मकान की रजिस्ट्री से 11 हजार करोड़ रुपए राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा है। पिछले वित्त वर्ष में निबंधन विभाग को करीब 8403 करोड़ रुपए की आय हुई थी। सरकार का मानना है कि सर्किल रेट बढ़ने से राजस्व में लगभग ढाई हजार करोड़ रुपए की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी। सर्किल रेट बढ़ने का सीधा असर जमीन खरीदने वालों पर पड़ेगा। बिहार में शहरी क्षेत्रों में जमीन की खरीद पर आठ प्रतिशत स्टांप शुल्क और दो प्रतिशत कोर्ट फीस देनी होती है। ऐसे में यदि सर्किल रेट बढ़ता है तो रजिस्ट्री का खर्च भी काफी बढ़ जाएगा। उदाहरण के तौर पर पटना के बोरिंग रोड इलाके में यदि एक कट्ठा जमीन की सरकारी कीमत 6.25 करोड़ रुपए मानी जाती है, तो खरीदार को करीब 50 लाख रुपए स्टांप ड्यूटी और 12.50 लाख रुपए कोर्ट फीस के रूप में चुकाने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना कार्यों में आई तेजी, किया जा रहा मकान सुचिकरण

**नारदीगंज( नवादा)।** भारत की जनगणना 2027 बीते दो मई 2026 से शुरु हो गई है। यह जनगणना आगामी 31 मई 2026 तक चलेगी। यह प्रथम चरण का जनगणना कार्य हो रहा है। प्रगणक के माध्यम से एक घर छूटे नहीं, और दोहरी प्रविष्ट नहीं हो, इसका ख्याल रखते हुए मकान का सूचीकरण हो रहा है। पर्यवेक्षक के देखरख में कार्य सम्पादित हो रहा है। सोमवार को ओड़ो पंचायत के वार्ड सात, आठ,नौ दस और 11 में सभी प्रगणक पहुंचे। प्रगणक विनीता कुमारी,सुभाष चंद्र मिश्र,आशीष कुमार और शैलेंद्र पांडेय ने कहा प्रगणक के माध्यम से दो मई 2026 से मकान सूचीकरण का गणना कर रहे हैं। नजरि नक्शा बना लिया गया है। अब मकान का सूचीकरण और नम्बर अंकित किया जा रहा है। सभी गृहस्वामी के घर घर पहुंच कर 33 प्रश्नों को पूछकर डिजिटल किया जा रहा है। अभी तक 306 घर का मकान सूचीकरण हुआ है। गृहस्वामी के माध्यम से सहयोग मिल रहा है। सभी प्रश्नों का सही जबाव मिल रहा है। प्रगणक विनीता कुमारी ने 87 घर,प्रगणक सुभाषचंद्र मिश्रा ने कहा 100 घर,प्रगणक आशीष कुमार ने कहा 49 घर वहीं शैलेन्द्र पांडेय ने कहा 70 घर का मकान सूचीकरण हुआ है। आगामी 31 मई को लक्ष्य पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 20 मई को देशव्यापी दवा दुकान बंद को लेकर नरहट में दवा दुकानदारों की बैठक

**नरहट (नवादा)।** नवादा जिले के नरहट प्रखंड में आगामी 20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी दवा दुकान बंदी को सफल बनाने के लिए सोमवार को दवा दुकानदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उमाशरण गुप्ता ने की। बैठक में प्रखंड के सभी दवा दुकानदार उपस्थित रहे। इस दौरान 20 मई को पूरे भारत में दवा दुकानदारों द्वारा किए जा रहे बंद को सफल बनाने पर चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष उमाशरण ने सभी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि बंद को सफल बनाने के लिए सभी लोग अपने-अपने दवा दुकानों को पूरी तरह बंद रखें। बैठक में उपस्थित सभी दवा दुकानदारों ने एकमत होकर 20 मई को अपनी दुकानें बंद रखने पर सहमति जताई और आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। दुकानदारों ने कहा कि यह बंदी उनके हितों और मांगों को लेकर आयोजित की जा रही है, जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है।

### रंगदारी मांगने को लेकर रोकड़पाल ने डीएम से की शिकायत

**सहरसा।** नगर निगम कार्यालय के रोकड़पाल संतोष कुमार पिता स्वर्गीय दशरथ प्रसाद साह ने निगम पार्षद प्रतिनिधि द्वारा रंगदारी मांगें जाने को लेकर जिलाधिकारी सहित वरीय अधिकारी को ज्ञापन देकर उचित न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि निगम पार्षद वार्ड नंबर-13 श्रीमति दीक्षा भारती के पति चंदन कुमार सिंह द्वारा कार्यालय में आकर हर समय कार्य को अवरुद्ध करने तथा प्रतिमाह पांच लाख रुपए रंगदारी मांग किया जा रहा है। नहीं देने पर मुकदमा में फंसा देने एवं बर्बाद कर देने की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि मुझे आंशका है कि मेरे जानमाल एवं सामाजिक तथा व्यक्तिगत छवि को धूमिल करने तथा मानसिक रूप से परेशान करने के लिए इनके द्वारा साजिश रची जा रही है, जिस कारण मैं मानसिक रूप से परेशान रहता हूं तथा कार्यालय कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। विदित हो कि चंदन कुमार सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है।इनके ऊपर पूर्व में कई मुकदमे दर्ज है तथा इनका मुख्य पेशा ही आरटीआई एवं माननीय न्यायालय में मुकदमा दर्ज कर ब्लैकमेलिंग करना एवं वसूली करना है। इनके ऊपर पूर्व से भी कई मुकदमे दर्ज है।रोकड़पाल ने श्री सिंह के उपर विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है।

### भारतीय सांस्कृतिक चेतना ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्तिः राकेश




**अररिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पर श्री रानी सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में सोमवार को प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, युवा एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। वर्ष 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में संघ की सेवा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण की गौरवशाली यात्रा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक सच्चिदानंद मेहता ने किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर बिहार के प्रांत महाविद्यालय छात्र कार्य प्रमुख राकेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि एक महान सांस्कृतिक चेतना है। उन्होंने कहा कि विश्व की अनेक प्राचीन सभ्यताएं समय के साथ समाप्त हो गईं। लेकिन भारत की सनातन परंपरा, योग, आयुर्वेद एवं कला आज भी समाज जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि भारत में दान से अधिक सेवा एवं त्याग को महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति हमें समस्त विश्व को एक परिवार मानने की प्रेरणा देती है। यही सांस्कृतिक एकता भारत को केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं रखती, बल्कि एक अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित करती है। भारत को समझने के लिए इसकी ज्ञान परंपरा, अध्यात्म एवं जीवन पद्धति को समझना आवश्यक है। राकेश ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों को और अधिक सशक्त रूप से निभाने का संकल्प है। कार्यक्रम में पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण,स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। पर्यावरण एवं जल संरक्षण को नागरिक कर्तव्य बताते हुए उन्होंने स्वदेशी जीवनशैली, भारतीय भाषा, वेशभूषा एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से संघ के दृष्टिकोण एवं कार्यों की जानकारी प्राप्त की। अध्यक्षीय उद्बोधन कार्यक्रम के अध्यक्ष अजीत कुमार मंडल ने किया। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम् के साथ हुआ।

# पेट्रोल एवं डीजल की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष, नवादा में सभी तेल विपणन कंपनियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सुचारु आपूर्ति, पारदर्शिता तथा आवश्यक सेवाओं के लिए ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी तेल विपणन कंपनियों को "First In First Out" सिद्धांत के तहत पेट्रोल पंप पर क्रमानुसार ईंधन आपूर्ति करने का निदेश दिया गया , ताकि ईंधन आपूर्ति की प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनी रहे।उन्होंने खुदरा उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए सार्वजनिक यातायात वाहन, दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को उनकी आवश्यकता अनुसार पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उनके ईंधन आपूर्ति में किसी पेट्रोल पंप द्वारा कटौती नहीं किए जाने का निदेश दिया गया ।

जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को बैरल अथवा गैलन में अत्यधिक मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री से बचने का निर्देश दिया। साथ ही किसानों, सूक्ष्म उद्यमियों, ठेला-खोमचा विक्रेताओं एवं अन्य आवश्यक आजीविका गतिविधियों से जुड़े लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं को मानवीय एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से ध्यान में रखने को कहा। पम्प संचालक केस बाय केस बेसिस पर गैलन में तेल देने के विषय पर निर्णय लेंगे। बैठक में जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारियों एवं तेल विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों का एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया गया, ताकि अवैध अथवा अत्यधिक मात्रा वाले लेन-देन की सूचना तत्काल साझा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

इसके अतिरिक्त सभी तेल विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों को नवादा जिले के पेट्रोल पंप डीलरशिप को की गई ईंधन आपूर्ति का तुलनात्मक प्रतिवेदन हस्ताक्षरित रूप में उपलब्ध कराने निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी पेट्रोल पंप डीलरों को वर्तमान परिस्थिति में विवेक एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा अनावश्यक जमाखोरी एवं दुरुपयोग रोकने में प्रशासन का सहयोग करने का निर्देश दिया।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों, तेल विपणन कंपनियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया तथा आमजन से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं आवश्यकता अनुसार ही ईंधन क्रय करने की अपील की। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी श्री नवीन कुमार पांडे, अवर जिला परिवहन पदाधिकारी श्री शुभेंदु शेखर, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न तेल कंपनियों के प्रतिनिधि एवं जिले के पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित थे।

# नारदः संग्रहालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 18 मई को मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम "आओ चले संग्रहालय की ओर" निर्धारित किया गया था। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए संग्रहालय परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, कन्हाई इंटर विद्यालय, राजकीय कन्या इंटर विद्यालय, गांधी इंटर विद्यालय तथा नगर मध्य विद्यालय, नवादा के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सुश्री प्रतिभा कुमारी, सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, नारदः संग्रहालय, नवादा द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संग्रहालयों के महत्व, विरासत एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं इतिहास से जुड़ने का संदेश देते हुए पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं को संग्रहालय में संरक्षित रखने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री सुरेंद्र कुमार (इंटेक), श्री श्याम सुन्दर, सुश्री सुनीता कुमारी सहित अन्य संग्रहालय कर्मी उपस्थित रहे।

# जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित, समस्याओं का त्वरित समाधान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है।

जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में आज वरीय उप समाहर्ता, नवादा श्री मनोज चौधरी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 20 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान वरीय उपसमाहर्ता द्वारा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना-नवादा सदर, ग्राम-अस्पताल मोड़ के मनोज कुमार द्वारा अतिक्रमण हटाने के संबंध में, थाना-गोविंदपुर, ग्राम-गोविंदपुर डीह के मो. समीर द्वारा रोड की ओर रास्ता निकालने के संबंध में, थाना-नेमदारगंज, ग्राम-राजापुर इन्दौल के रामऔतार पासवान द्वारा योगदान नहीं करवाने के संबंध में, थाना-रोह, ग्राम-हमरामा के उदित पांडेय द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में आवेदन दिया गया एवं अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

वरीय उपसमाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा सदर/रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# बालू लदे ट्रैक्टर ने छात्रा को कुचला, एक की मौके पर मौत, एक रेफर, सड़क जाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**वारिसलीगंज** थाना क्षेत्र के मंजौर गांव में मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक स्कूली छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साइकिल के पीछे बैठा एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बागीबरडीहा-बरबीघा पथ को मय गांव मोड़ के पास जाम कर दिया और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बालू से लदा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर हाई स्कूल मंजौर से पढ़कर घर लौट रही छात्रा को कुचलते हुए भागने लगा। भागने के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, लेकिन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा।

मृतक छात्रा की पहचान चक मिल्की निवासी ब्रह्मदेव रविदास की 13 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी के रूप में हुई है, जो नौवीं कक्षा की छात्रा थी। वहीं मंजौर गांव निवासी अमीरख रविदास के 13 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार, जो नौवीं कक्षा में पढ़ता है, गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि दोनों साइकिल से स्कूल से अपने घर लौट रहे थे। नीतीश साइकिल के पीछे बैठा था। हादसे में घायल नीतीश को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# भीम आर्मी जिला महामंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा):** नरहट प्रखंड के शेखपुरा स्थित प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान ड्रीम लाइट कोचिंग सेंटर में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन भीम आर्मी नवादा जिला महामंत्री राजेश दास द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कुल पांच विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों में मनीष कुमार यादव ने 484 अंक, मनीष कुशवाहा ने 479 अंक, मनीष राज एवं उजमा फरहत ने 478-478 अंक तथा निखिल कुमार ने 463 अंक प्राप्त कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश दास ने कहा कि शिक्षा ही गरीब, पिछड़े और दलित समाज के बच्चों के लिए सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश और समाज का भविष्य हैं तथा मेहनत और लगन से हर छात्र अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किए जाने को अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।

इस मौके पर मुकेश संगम, अजय कुमार, मनीष कुमार सहित भीम आर्मी के कई सदस्य मौजूद रहे। वहीं संस्थान के शिक्षकों में उषा मैम, धर्मेंद्र सर, करीमु हबी, दानिश सर, बालकरण सर, कुणाल सर, एहसान सर, मल्टोत्रहा सर, रंजन सर, होना मिस, सना मिस, चांदनी मिस, शिवम सर एवं संदीप सर सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 20 मई को कौआकोल में बंद रहेंगी दवा दुकानें



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर 20 मई को कौआकोल प्रखंड की सभी दवा दुकानें बंद रहेंगी। यह निर्णय स्थानीय दवा विक्रेताओं की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। संघ के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री से स्थानीय दवा दुकानदारों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है। साथ ही बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं की उपलब्धता आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है।

उन्होंने कहा कि 20 मई को प्रखंड की सभी मेडिकल दुकानें स्वेच्छा से बंद रखकर ऑनलाइन दवा बिक्री का विरोध किया जाएगा। दवा विक्रेताओं ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण लगाने एवं पारंपरिक दवा दुकानदारों के हितों की रक्षा करने की मांग की है। बैठक में मौजूद सदस्यों ने चेतावनी दी कि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आगे भी आंदोलन जारी रहेगा।

# जनजातीय परिवारों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** डीआरडीए सभागार, नवादा में जनभागीदारी अभियान "सबसे दूर–सबसे पहले" कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रकाश प्रिय रंजन द्वारा जानकारी दी गई कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने, जनजातीय विरासत को समृद्ध करने तथा जनजातीय अधिकारों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 10 मई से 09 जून 2026 तक "जनजातीय गरिमा उत्सव 2026" का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 मई से 25 मई 2026 तक विशेष जनभागीदारी अभियान "सबसे दूर–सबसे पहले" संचालित किया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि उक्त अभियान के चार प्रमुख स्तंभ — जन भागीदारी, संतृप्तिकरण अभियान, क्षेत्र भ्रमण एवं जनसुनवाई — हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में योजनाओं की संतृप्ति, जागरूकता, समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नवादा जिले में लगभग 350 परिवार संथाल, मुंडा, पातर, बिरहोर एवं खरवार जनजाति समुदाय से संबंधित हैं, जो जिले के दो प्रखंडों — रजौली एवं कौआकोल — के छह पंचायतों क्रमशः हरदिया, सवईयाटांड़, चितरकोली, महुडर, लालपुर तथा सेखोदेवरा में निवास करते हैं। इन्हीं पंचायतों के जनजातीय गांवों में 18 मई से 25 मई 2026 तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जनजातीय परिवारों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना है।

इस हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा माइक्रो प्लान तैयार कर विकास मित्रों सहित अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। माइक्रो प्लान के अनुसार छह पंचायतों के कुल 16 स्थानों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां अनुसूचित जनजाति परिवारों को राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य जांच के अंतर्गत टीबी जांच एवं सिकल सेल एनीमिया की जांच, बैंकिंग आदि की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इन्हीं शिविर केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा जनसुनवाई के माध्यम से शिकायतों एवं समस्याओं का निष्पादन भी किया जाएगा। साथ ही पदाधिकारी जनजातीय परिवारों की समस्याओं को समझने एवं उनकी आवश्यकताओं का आकलन करने हेतु गांवों एवं टोलों का भ्रमण भी करेंगे।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्रीमती नीलिमा साहू, सिविल सर्जन नवादा श्री विनोद कुमार चौधरी, स्थापना प्रभारी डॉ० राजकुमार सिंहा, प्रभारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्री अमरनाथ कुमार, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धमौल चौकीदार हत्याकांड का मुख्य आरोपित रामपत यादव गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ पुरानी रंजिश में हत्या करने की बात को किया स्वीकार

**नवादा** जिले के धमौल थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकीदार 7/1 जितेन्द्र पासवान पे० स्व० फौदारी पासवान सा० तुर्कबन थाना धमौल जिला नवादा को गौतम उर्फ रामपत यादव उम्र 22 पे० आनंदी यादव सा० तुर्कबन थाना धमौल जिला नवादा एवं अन्य अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा चाकू मारकर जख्मी कर दिया गया था।पुलिस द्वारा जख्मी जितेन्द्र पासवान को तत्काल ईलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पकरीबरावॉ भेजा गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद, चिकित्सकों के द्वारा उन्हें बेहतर ईलाज हेतु PMCH पटना रेफर कर दिया गया है, जहां इलाज के कम में चिकित्सक द्वारा उन्हें दिनांक 11.05.2026 को सुबह में मृत घोषित कर दिया गया घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी किया। परन्तु मुख्य आरोपित फरार चल रहा था ।। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, नवादा के निर्देशानुसार SDPO पकरीबरावां के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा लगातार छापेमारी कर इस कांड में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर पूर्व में न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इस कांड में संलिप्त मुख्य अभियुक्त 'गौतम उर्फ रामपत यादव' को गिरफ्तारी हेतु पुलिस की टीम प्रयासरत थी ।

18 मई को सटीक आसूचना एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर अभियुक्त 'गौतम उर्फ रामपत




यादव को चेवाड़ा थाना (शेखपुरा) से गिरफ्तार किया गया।» गिरफ्तार अभियुक्त को थाना परिसर लाया गया एवं उससे सघन पुछताछ की गई उन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि पूर्व के विवाद को लेकर उसके मन में द्वेष की भावना थी। बदला लेने के भाव से वो दो तीन दिन से उस चौकीदार पर नजर रख रहा था। सही समय व स्थान देखकर उसके द्वारा यह घटना कारित किया गया। पुछताछ उपरांत गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। नवादा गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास है।धमौल थाना कांड संख्या 80/25, दिनांक 28.05.2025 धारा 115 (2) / 126 (2)/109 / 315 बी0एन0एस0 2023

धमौल थाना कांड संख्या 29/25, दिनांक 04.03.2026 धारा 191 (2)/190 (2)/115 2(2)/117(2)/109(2)/351 (3)/61 (2)9/352/329 (3) बी0एन0एस0 2023 एवं 3 (1) (r) (s)/3(2)(va) sc/st Act अंतर्गत कार्रवाई जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इमामगंज में इश्तहार मामले का वारंटी गिरफ्तार

**इमामगंज**। थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के जमुना गांव निवासी उमेश ठाकुर के रूप में की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उमेश ठाकुर लंबे समय से एक मामले में फरार चल रहा था और उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाकर आवश्यक पूछताछ की गई। इसके बाद न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया। थाना पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके।

### गयाजी में डायन का आरोप लगाकर महिला की पिटाई, इलाज के दौरान तोड़ा दम, 13 आरोपी गिरफ्तार



**गयाजी**। गयाजी के नौनगर गांव में डायन का आरोप लगाकर दो महिलाओं की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रविवार को दूसरी महिला ने दम तोड़ दिया। पिछले 4 दिनों से पीएमसीएच में इलाज चल रहा था। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा, जहां देर शाम गांव के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना फतेहपुर थाना क्षेत्र की है। सोमवार की रात गांव में कुछ लोगों ने अंधविश्वास के कारण मनोरमा देवी और बुल्की देवी को डायन बताकर बेरहमी से मारपीट की थी। गांव के अन्य लोग तमाशबीन बने रहे। आलम यह था कि उन्हें छुड़ाने के लिए कोई आगे नहीं आया। पिटाई इतनी खौफनाक थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। बुल्की देवी(65) ने पहले ही दम तोड़ दिया था, जबकि पिछले पांच दिनों से जिंदगी और मौत से जूझ रही मुनरवा देवी की भी रविवार को अस्पताल में मौत हो गई। परिजन मुकेश मांझी के बयान पर फतेहपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को सभी 13 आरोपियों को अरेस्ट कर जेल भेज दिया। आरोपियों में 4 नाबालिग भी शामिल हैं। इधर, घटना के बाद नौनगर गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर समाज में फैले अंधविश्वास और डायन प्रथा जैसी कुप्रथाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।


### भारतीय छात्रों को यूरोप के एजुकेशनल माहौल को सीखने-सिखाने का मौका मिलेगा, रिसर्च को भी बढ़ावा मिलेगा



**नालंदा**। नालंदा विश्वविद्यालय और नीदरलैंड्स की यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन के बीच अकादमिक सहयोग और वैश्विक ज्ञान साझेदारी को मजबूत करने के लिए MoU साइन किया गया है। 16 मई को हुए समझौते को हायर एजुकेशन, इनोवेशन, इंटरनेशनल रिसर्च के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। साझेदारी का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक गतिशीलता और अंतःविषय शोध को प्रोत्साहित करना है, जो आने वाले समय में शिक्षा के स्तर को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, ये समझौता छात्रों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके तहत मुख्य रूप से भारतीय विद्यार्थियों और प्रोफेसरों को यूरोप के अग्रणी शैक्षणिक माहौल में सीखने और सिखाने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें एक बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर प्राप्त हो सकेगा। इसके साथ ही दोनों संस्थान मिलकर वैश्विक महत्व के विभिन्न विषयों पर उच्च गुणवत्ता वाले शोध करेंगे और संयुक्त प्रकाशनों को बढ़ावा देंगे। नवाचार, प्रतिभा विनिमय और वित्तीय साझेदारी के माध्यम से एक ऐसा मजबूत वैश्विक नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जो भविष्य की जटिल वैश्विक चुनौतियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम हो। प्राचीन नालंदा महाविहार की विरासत को समेटे हुए आधुनिक नालंदा विश्वविद्यालय आज एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान के रूप में सभ्यतागत ज्ञान और अंतःविषय शिक्षा का बड़ा केंद्र बन चुका है। वहीं दूसरी ओर, नीदरलैंड्स का यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन यूरोप के सबसे अग्रणी शोध विश्वविद्यालयों में शुमार है, जिसे स्थिरता, ऊर्जा संक्रमण और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक उत्कृष्टता हासिल है। विशेषज्ञों का मानना है कि दो अलग-अलग सांस्कृतिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि वाले इन शीर्ष संस्थानों का एक साथ आना न केवल भारत और नीदरलैंड्स के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा, बल्कि वैश्विक उच्च शिक्षा के परिदृश्य में एक नया अध्याय भी लिखेगा। इस समझौते के बाद दोनों विश्वविद्यालयों में जल्द ही संयुक्त कार्यशालाओं और छात्र विनिमय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### आरपीएफ ने स्टेशन पर लावारिस बैग से 14 बोतल विदेशी शराब बरामद किया

**सहरसा**। सहरसा जंक्शन पर गश्ती के दौरान रेलवे सुरक्षा बल और उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में प्लेटफार्म संख्या तीन से सोमवार को लावारिस अवस्था में रखे एक संदिग्ध पिट्ठू बैग से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। आरपीएफ ने शराब को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को मामला सौंप दिया। आरपीएफ पोस्ट कमांडर निरीक्षक धनंजय कुमार, सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार सिंह तथा ऑन ड्यूटी प्लेटफार्म स्टाफ प्रधान आरक्षी वीरेंद्र कुमार रेलवे स्टेशन परिसर में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उत्पाद सहायक अवर निरीक्षक सहरसा नेहा कुमारी अपने स्टाफ के साथ स्टेशन परिसर में चेकिंग करती हुई मिली।इसके बाद सभी अधिकारी संयुक्त रूप से स्टेशन परिसर में सघन जांच अभियान चलाते हुए आगे बढ़े गश्ती एवं जांच के क्रम में सहरसा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन स्थित पार्सल कार्यालय के समीप एक पिट्ठू बैग लावारिस एवं संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला संदेह होने पर मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। बैग की तलाशी के दौरान बैग से कुल 14 बोतलविभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब बरामद हुई, जिस पर हरियाणा निर्मित एवं बिक्री संबंधी विवरण अंकित था।बरामद शराब को तत्काल जब्त कर लिया गया। इसके बाद उत्पाद सहायक अवर निरीक्षक नेहा कुमारी एवं उनकी टीम द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जब्त शराब को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग द्वारा ले जाया गया।



# गयाजी में हॉस्पिटल में मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

## डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप, बोले- जबरन वेंटिलेटर पर रखकर 4 लाख का बिल बना दिया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी शहर के बोधि सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिवार ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि मौत के बावजूद वेंटिलेटर पर रखा गया। इलाज के नाम पर 4 लाख से अधिक का बिल बना दिया गया। मरीज को सांस लेने में दिक्कत बताकर वेंटिलेटर पर रखा गया था, जबकि उसकी जांघ की हड्डी टूटी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। मृतक की पहचान टेकारी थाना क्षेत्र के गुलरिया चौक निवासी रामाशीष प्रसाद गुप्ता(35) के तौर पर हुई है।



**पैसे जमा कराने के लिए प्रेशर डाल रहे थेः** परिजन रजनी गुप्ता ने बताया कि रामाशीष को करीब चार दिन पहले जांघ की हड्डी टूटने के बाद इलाज के लिए एडमिट कराया गया था। शुरुआत में डॉक्टरों ने सामान्य इलाज की बात कही थी। बाद में सांस लेने में दिक्कत बताकर वेंटिलेटर पर रख दिया गया। प्रबंधन लगातार इलाज के नाम पर पैसे जमा कराने का दबाव बना रहा था, जिससे बिल 4 लाख से अधिक पहुंच गया। डॉक्टरों की लापरवाही और गलत इलाज के कारण मरीज की मौत हुई है। मरीज से मिलने नहीं दिया जा रहा था। इस बीच पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है, लेकिन डॉक्टर वेंटिलेटर पर रखकर इलाज जारी होने की बात कह रहे थे। सिर्फ पैसे के लिए ये सब किया गया।

**अस्पताल को बंद करने की मांगः** रजनी ने आगे कहा कि यह अस्पताल इलाज के नाम पर लोगों से पैसे वसूलने का काम कर रहा है। अस्पताल की पूरी जांच कराई जाए और दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ऐसे हॉस्पिटल को बंद कर देना चाहिए। इस संबंध में मगध मेडिकल थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि अस्पताल में मरीज की मौत हुई है। परिजन डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही और गलत तरीके से बिल बनाने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। अगर जांच में अस्पताल या डॉक्टर दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# इमामगंज में मवेशी चोरों का आतंक, झिकटिया गांव से दुधारू गाय चोरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**इमामगंज**। गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र में मवेशी चोरों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। ताजा मामला झिकटिया गांव का है, जहां बीती रात अज्ञात चोर एक किसान के घर के बाहर बंधी दुधारू गाय चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद गांव में दहशत और नाराजगी का माहौल है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पशुपालक और किसान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार झिकटिया गांव निवासी किसान एवं पशुपालक मथुरा साव ने रोज की तरह अपनी दुधारू गाय घर के बाहर बांध रखी थी। उन्होंने बताया कि रात करीब 10 बजे तक गाय सुरक्षित थी और उसे चारा खिलाने के बाद परिवार के लोग सोने चले गए। सुबह जब वह दूध निकालने पहुंचे तो देखा कि गाय को बांधने वाली रस्सी कटी हुई है और गाय गायब है।

इसके बाद परिवार के लोगों और ग्रामीणों ने आसपास के खेतों, गांव और रास्तों में काफी खोजबीन की, लेकिन गाय का कोई पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव के लोग बड़ी संख्या में पीड़ित किसान के घर पहुंचे और चिंता जताई।

पीड़ित मथुरा साव ने बताया कि दुधारू गाय से होने वाली आमदनी ही उनके परिवार के भरण-पोषण का मुख्य साधन थी। गाय चोरी हो जाने से परिवार को आर्थिक रूप से बड़ा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द गाय बरामद करने और चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में पिछले कुछ महीनों से मवेशी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कुछ दिन पहले भी गांव के दूध व्यवसायी अभिषेक कुमार वर्मा उर्फ चुन्नू की दुधारू गाय चोरी हो गई थी। इसके बावजूद अब तक पुलिस किसी बड़े गिरोह तक नहीं पहुंच सकी है।

लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ता जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि रात में पुलिस गश्ती नहीं होने के कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात में नियमित गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और मवेशी चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# ड्यूटी छोड़कर ऑर्केस्ट्रा डांसर का वीडियो बनाता दिखा पुलिसकर्मी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। राजगीर में लगे मलमास मेले में आयोजित किए जा रहे ऑर्केस्ट्रा में पुलिसकर्मी ड्यूटी छोड़ डांस देखते नजर आए। हालांकि, जब पुलिसकर्मी ने मीडिया का कैमरा देखा तो तत्काल सीट छोड़कर बाहर निकल गए। ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी राजगीर में रविवार से एक माह तक चलने वाले प्रसिद्ध मलमास मेले का आगाज हो गया। मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया था।

मेले में देश-दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से चाक-चौबंद व्यवस्था के दावे किए गए हैं और 3000 से अधिक अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। लेकिन मेले के पहले ही दिन सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई, जब सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिसकर्मी खुद मनोरंजन के रंग में डूबे दिखे।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा छोड़ थिएटर पहुंचे सुरक्षाकर्मीः** मामला मेले में लगे 'शोभा सम्राट थिएटर' से जुड़ा है। सोमवार की देर रात सुरक्षाकर्मियों का एक वीडियो सामने आया है, जिसने पुलिस महकमे को प्रशासनिक स्तर पर असहज कर दिया है। मेले में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए कुछ पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी छोड़ थिएटर के अंदर वीआईपी सीटों पर मजे से बैठे नजर आए। थिएटर के अंदर जब बार-बालाएं गानों पर थिरक रही थीं, तब ये पुलिसकर्मी न सिर्फ उस डांस का आनंद ले रहे थे, बल्कि अपने मोबाइल फोन से उस पूरे दृश्य को रिकॉर्ड करने में भी व्यस्त थे।

**मीडिया का कैमरा देख मची खलबली, दुम दबाकर भागेः** मेले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे मीडियाकर्मियों की नजर जब थिएटर के अंदर बैठे इन वर्दीधारियों पर पड़ी, तो पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। जैसे ही मीडिया के कैमरों के फ्लैश चमके और वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू हुई, थिएटर का आनंद ले रहे पुलिसकर्मी चेहरा छिपाकर और नजरें चुराकर बाहर की तरफ भाग निकले। गौरतलब है कि राजगीर मलमास मेले में इस बार मनोरंजन के लिए तीन बड़े थिएटर लगाए गए हैं। उद्घाटन के पहले ही दिन कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए पुलिसकर्मियों का यह रवैया अब चर्चा का विषय बना हुआ है। श्रद्धालुओं का कहना है कि जहां एक ओर भीड़ का फायदा उठाकर जेबकतरे और उचक्के सक्रिय रहते हैं, वहीं रक्षक ही भक्षक बनकर मनोरंजन में लीन हैं।

**डीएसपी बोले- मामले की जानकारी नहींः** इस पूरे मामले और वीडियो के सामने आने के बाद जब स्थानीय पुलिस प्रशासन से संपर्क किया गया, तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की। मामले को लेकर राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा फिलहाल मुझे इस तरह के किसी मामले या वीडियो की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कराई जाएगी।

# नालंदा में तेज रफ्तार गाड़ी ने मजदूर को रौंदा, खाना खाने के लिए घर आ रहे थे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में मकनपुर रोड तेज रफ्तार गाड़ी ने मजदूर को टक्कर मार दी। इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान चकदौदपुर निवासी कौशलेंद्र यादव के तौर पर हुई है। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र की है। पूर्व उप प्रमुख संजय यादव ने बताया कि कौशलेंद्र ने मकनपुर पोखर के पास कुछ जमीन ली थी, जहां निर्माण कार्य चल रहा था।



वह रोज की तरह रात में घर पर खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान एकंगरसराय रूट पर अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। रात का वक्त होने के कारण मौके पर कोई मौजूद नहीं था। ड्राइवर गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। कुछ समय बाद राहगीरों ने जब उन्हें सड़क किनारे गड्ढे में अचेत अवस्था में देखा, तो शोर मचाया। सूचना मिलते ही ग्रामीण आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले गए। स्थिति बेहद नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

**घर में अकेला कमाने वाले थेः** कौशलेंद्र अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। वह मजदूरी कर पूरे परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी असमय मौत से घर का चिराग बुझ गया है और अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। मृतक अपने पीछे तीन छोटे पुत्र और दो पुत्रियों समेत पूरे परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिसः** नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# प्रकृति संरक्षण में बिहार की ऊंची छलांग, राजगीर 'सिटी नेचर चैलेंज' में रहा सबसे आगे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। वैश्विक मंच पर बिहार के पर्यावरण प्रेमियों और युवा वैज्ञानिकों ने एक बार फिर अपनी धाक जमाई है। दुनिया के सबसे बड़े नागरिक विज्ञान उत्सव 'सिटी नेचर चैलेंज 2026' के परिणाम घोषित हो गए हैं, जिसमें बिहार ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में बिहार से 1,665 अवलोकन दर्ज किए गए, जिनमें 543 से अधिक अनूठी प्रजातियों की पहचान की गई है। इस वर्ष के वैश्विक आयोजन में दुनिया के 61 देशों से 30 लाख से अधिक अवलोकन और 76,000 से अधिक प्रजातियों को रिकॉर्ड किया गया। इस महाकुंभ में भारत के कई राज्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें बिहार की भागीदारी बेहद खास और उत्साहजनक रही।



**राजगीर रहा सबसे आगे, कैमूर और भागलपुर ने भी दिखाया दमः** बिहार में इस अभियान का नेतृत्व मुख्य रूप से राजगीर, गोरारी, भागलपुर और कैमूर जैसे क्षेत्रों ने किया। ऐतिहासिक और प्राकृतिक रूप से समृद्ध राजगीर ने राज्य में सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अवलोकन और प्रजातियों के रिकॉर्ड दर्ज कराए। वहीं कैमूर के जंगलों और भागलपुर के गांगेय क्षेत्रों से भी दुर्लभ वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की तस्वीरें आईनेचुरलिस्ट (iNaturalist) ऐप पर साझा की गईं।

**तीन सालों में दिखा अभूतपूर्व उछालः** वन्यजीव विशेषज्ञ राहुल कुमार ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में बिहार से जैव विविधता के दस्तावेजीकरण में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। यह डिजिटल डेटा न केवल शोधकर्ताओं के लिए मददगार साबित होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं को बनाने में भी मील का पत्थर साबित होगा।

**विज्ञान और प्रकृति संरक्षण से जोड़ना मुख्य लक्ष्यः** यह एक

♦ **कैमूर और भागलपुर ने भी दिखाया दम**

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है, जहां आम नागरिक अपने आस-पास पाए जाने वाले पौधों, कीड़े-मकोड़ों, पक्षियों और जानवरों की तस्वीरें खींचकर 'आईनेचुरलिस्ट' ऐप पर अपलोड करते हैं। इसका उद्देश्य आम जनता को विज्ञान और प्रकृति संरक्षण से जोड़ना है।


**युवाओं की भागीदारी से सुधरेगा भविष्यः** इस सफलता पर पर्यावरणविदों का कहना है कि बिहार के ग्रामीण और शहरी इलाकों से आए ये आंकड़े यह साबित करते हैं कि हमारे युवाओं में प्रकृति के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। सामुदायिक भागीदारी और युवाओं का यह प्रयास आने वाले समय में बिहार को पर्यावरण संरक्षण के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा करेगा।

# राजगीर में आस्था का सैलाब, एक लाख भक्तों ने पवित्र कुंड में लगाई डुबकी, 27 मई को पहला शाही स्नान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। पंच पहाड़ियों से घिरी पौराणिक और ऐतिहासिक नगरी राजगीर रविवार को पूरी तरह पुरुषोत्तम मास के रंग में रंग गई। विश्व प्रसिद्ध मलमास मेले के पहले ही दिन आस्था का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि पिछले कई मेलों के रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। देश के कोने-कोने से पहुंचे एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने ब्रह्मकुंड, सरस्वती कुंड और सप्तधारा में पवित्र डुबकी लगाकर 33 कोटि देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं के अटूट उत्साह और गगनभेदी जयकारों के आगे जेठ की तपती धूप और उमस भी पूरी तरह बेअसर साबित हुई।

पंडा कमेटी के सदस्यों के अनुसार मलमास का पहला दिन होने और साथ में रविवार का छुट्टी होने के कारण उम्मीद से कहीं ज्यादा संख्या में लोग पवित्र स्नान के लिए यहां पहुंचे। पापों से मुक्ति और मोक्ष की लालसा लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला अहले सुबह तीन बजे से ही शुरू हो गया था, जिसके बाद कुंडों की ओर जाने वाले रास्तों पर भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, कतारें और लंबी होती गईं, लेकिन भक्तों के चेहरे पर थकान की जगह गजब की लालिमा और जुबां पर ईश्वर का जयघोष था।



**भक्तों के लिए कूलर और पंखे की व्यवस्थाः** जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग जिग-जैग रास्ते बनाए गए थे, जहां अमीर-गरीब का भेद मिटाकर सब एक समान कतार में खड़े दिखे। गर्मी से राहत देने के लिए वाटरप्रूफ पंडालों में जगह-जगह कूलर और पंखे भी लगाए गए थे। इस बार मेले में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं, खासकर 70 साल से अधिक उम्र की बुजुर्ग महिलाओं की भागीदारी काफी अधिक देखी गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रद्धालुओं ने सबसे पहले सरस्वती कुंड, फिर सप्तधारा और अंत में ब्रह्मकुंड सहित अन्य 22 कुंडों और 52 धाराओं में डुबकी लगाई।

**वैतरणी नदी का महत्व भी अपरंपारः** बिहार ही नहीं, बल्कि नेपाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश समेत देश-विदेश के कई शहरों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि मलमास के दौरान सभी देवी-देवता एक महीने के लिए राजगीर में ही वास करते हैं। इस दौरान यहां की वैतरणी नदी का महत्व भी अपरंपार माना जाता है। पुरोहितों के अनुसार पुरुषोत्तम मास में गाय की पूंछ पकड़कर वैतरणी नदी पार करने से जातकों को मोक्ष, स्वर्ग की प्राप्ति और जाने-अनजाने में हुए पापों से मुक्ति मिलती है।

**सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रहीः** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, जिसके तहत 950 दंडाधिकारी, 530 पुलिस पदाधिकारी, घुड़सवार दल और 550 सीसीटीवी कैमरों के जरिए चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं को महंगे होटलों से बचाने के लिए जीविका दीदियों की ओर से 14 स्थानों पर सस्ती रसोई चलाई जा रही है, जहां मात्र 35 रुपये में सम्मानजनक तरीके से बैठाकर भरपेट भोजन कराया जा रहा है।

# राज्य के 24 जनजातीय बहुल जिलों में 'जनजातीय गरिमा उत्सव' का शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कटिहार/पटना।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य स्तरीय ओरियंटेशन सत्र के माध्यम से जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान का शुभारंभ हुआ। जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित इस अभियान के पहले दिन 24 जनजातीय बहुल जिलों में जिला पदाधिकारियों ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

इसके अंतर्गत 74 प्रखंडों के 771 जनजातीय गावों में व्यापक स्तर पर सेचुरेशन कैंप,प्लांटेशन ड्राइव,हेल्थ कैंप, जन-जागरूकता कार्यक्रम,लाभुकों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित ऑन-द-स्पॉट सेवा सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 21 मई से 23 मई के बीच संबंधित गावों में जन सुनवाई शिविर आयोजित कर स्थानीय समस्याओं,शिकायतों एवं आवश्यकताओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के दौरान पात्र लाभुकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने, आधार एवं दस्तावेज सत्यापन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ,स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड,छात्रवृत्ति,पेंशन,राशन कार्ड, बैंकिंग सेवाओं एवं अन्य आवश्यक सरकारी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। राज्य स्तर से इसकी सतत मॉनिटरिंग की जाएगी तथा सभी जिलों से प्रतिदिन प्रगति प्रतिवेदन भी लिया जाएगा। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि जनजातीय क्षेत्रों में संचालित होने वाले सभी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन मिशन मोड में सुनिश्चित किया जाए और यह ध्यान रखा जाए कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पहुंचे। उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कैंप में अधिक से अधिक लोग शामिल हों। आगे कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजातीय समुदायों के सम्मान, अधिकार एवं विकास से जुड़ा व्यापक सामाजिक अभियान है। मौके पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा, गतिविधियों की समय-सीमा, मॉनिटरिंग व्यवस्था एवं विभागवार दायित्वों की जानकारी दी। एससी-एसटी कल्याण विभाग ने सभी संबंधित विभागों, जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस सत्र में विभाग के सचिव संदीप आर पुडकलकट्टी, निदेशक प्रियंका रानी, संबंधित जिलों के जिला पदाधिकारी समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

# कटिहार रेलमंडल के 20 स्टेशन बनेंगे हाईटेक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल में रेल यात्रियों के लिए अब सुविधाओं का नया दौर शुरू होने जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कटिहार रेलमंडल के कटिहार सहित 20 स्टेशनों का चयन किया गया है। जहां रेल प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर विकास कार्य कराया जा रहा है।आने वाले दिनों में ये स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर यात्रियों को एक नया और बेहतर यात्रा अनुभव देंगे। इस संबंध में कटिहार रेलमंडल के एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित सभी स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं जैसे अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। स्टेशनों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना है। खासकर दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप, आधुनिक शौचालय, सुगम प्रवेश मार्ग, बेहतर प्रतीक्षालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। रेल प्रशासन द्वारा स्टेशन परिसरों में आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल सूचना प्रणाली, आकर्षक भवन संरचना, बेहतर प्लेटफॉर्म, स्वच्छ पेयजल, बैठने की उन्नत व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। कई स्टेशनों पर निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। वही कटिहार रेलमंडल में चल रहे इस व्यापक विकास कार्य से यात्रियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि अमृत भारत स्टेशन योजना से न केवल रेलवे स्टेशनों की तस्वीर बदलेगी, बल्कि क्षेत्र के विकास और यातायात व्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। अब यात्रियों का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। आने वाले समय में कटिहार रेलमंडल के स्टेशन आधुनिकता, सुविधा और सुंदरता की नई पहचान बनकर उभरेंगा।

# स्ट्रांम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम में यत्र-तत्र सड़क की खुदाई अविलंब बंद करें :तारकिशोर प्रसाद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कटिहार।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने नगर में स्ट्रांम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के नाला निर्माण में हो रहे विलंब एवं सड़क की बेतरतीव यत्र-तत्र खुदाई किये जाने पर प्रोजेक्ट निदेशक, सहायक अभियंता, संवेदक प्रतिनिधि अभियंता कार्तिक चौरसिया को बुलाकर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि नाला के निर्माण हेतु उतना ही खुदाई करें। जिसका निर्माण तुरंत हो।उन्होंने नाला निर्माण के लिए बेतरतीब खुदाई पर नाराजगी जताई। उन्होंने पूर्व से निर्मित शहर के पक्की सड़क को मनमाने ढंग से तोड़कर नाला निर्माण करने की कार्रवाई को अविलंब रोकने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर सड़क तोड़ना अपरिहार्य हो तो बिना नगर आयुक्त, कटिहार नगर निगम की अनुमति के उसे हरगिज़ नहीं तोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि बेतरतीब खुदाई से सड़क के कटे अंश की तत्काल मरम्मत नहीं किए जाने से राहगीरो व वाहन परिचालन में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा की नाला के एलाइनमेंट को सीधी रखें। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा की स्ट्रांम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण नगर के जल जमाव की समस्या को दूर करने के साथ ही इसे स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी व तकनीक की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ड्रेनेज सिस्टम के निर्माणाधीन चार आउटफॉल में रोजितपुर आउटफॉल को तुरंत चालू करने का निर्देश दिया। उन्होंने बुडको के अभियंताओं को सीधी एलाइनमेंट में ड्रेनेज निर्माण करने को कहने के साथ ही मनमाने तरीके से ड्रेनेज का एलाइनमेंट बनाने पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही।

# भर्री गांव में सात दिवसीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत भर्री गांव में सात दिवसीय किसान मेला सा फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कदवा विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक सह सभापति, जिला परिषद एवं पंचायती राज विभाग दुलाल चंद्र गोस्वामी ने मेला का उद्घाटन किया। मेला का संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता सह किसान धर्मेंद्र नाथ ठाकुर ने किया। किसान मेला में कटिहार जिले के सभी प्रखंड के किसानों ने भाग लिया। जदयू विधायक सह सभापति,जिला परिषद एवं पंचायती राज विभाग बिहार के दुलाल चंद्र गोस्वामी ने कहा कि इस तरह का आयोजन पंचायत स्तर पर होने से किसानों को लाभ मिलेगा।इन्होंने आयोजन समिति से कहा कि प्रत्येक पंचायत मुख्यालय में किसान मेला का आयोजन होने से गांव-गांव के किसान भाई मेला में भाग लेंगे।

इससे किसानों को आधुनिक तरीके से फसल लगाने से लेकर फसल काटने की विधि विधान की जानकारी होगी। इसलिए गांव के किसानों को उन्नत खाद बीज का उपयोग कैसे और किस समय किया जाए ताकि फसल कम समय में ज्यादा गुणवत्तापूर्ण हो सके। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह किसान धर्मेंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि इस तरह के किसान मेला का आयोजन होने से किसानों को खेती करने के तौर तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। जिसके कारण किसानों को खेती करने का तौर तरीका मालूम हो जाता है। श्री ठाकुर ने कहा कि किसान मेला में किसानों को कब किस समय कितने मात्रा में खाद, बीज का उपयोग किया जाए इसका भी प्रशिक्षण दिया गया। किसान मेला में भाग लेने वाले जिले के सभी प्रखंड से बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर किसान मेला का लाभ उठाया है। इसअवसर पर राकेश कुमार, सूरज कुमार, प्रीतम कुमार ने मक्का की खेती के बारे में विस्तार से किसानों को जानकारी दिया है। इस अवसर पर सामूहिक रूप से भोज का भी आयोजन किया गया।

## पंचायत सहयोग शिविर आयोजन को लेकर तैयारियों का एडीएम ने लिया जायजा



**कुरसेला (कटिहार):** कुरसेला प्रखंड के पूर्वी मुरादपुर पंचायत स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र में 19 मई को आयोजित होने वाले पंचायत सहयोग शिविर की तैयारियों का निरीक्षण सोमवार को एडीएम (आपदा) धनंजय कुमार, बीडीओ कुमारी प्रियंमवदा तथा अंचलाधिकारी अनुपम ने किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम धनंजय कुमार ने कहा कि इस शिविर में जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में जनता की समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदन, चाहे पहले से दिए गए हों या शिविर के दौरान प्राप्त हों, उनका त्वरित निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन आवेदनों का निष्पादन शिविर के माध्यम से संभव नहीं हो पाएगा, उन्हें संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रेषित कर जल्द से जल्द कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एडीएम ने यह भी कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जनता द्वारा दिए गए सभी आवेदनों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है।मौके पर पंचायत की मुखिया अर्चना कुमारी, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप महलदार, राजस्व कर्मचारी रोहित कुमार, पंचायत सचिव साजन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कोसी पुल पर बाइक दुर्घटना में महिला की मौत, परिवार में मातम



**कुरसेला (कटिहार) :** कुरसेला थाना क्षेत्र स्थित कोसी पुल पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान काजल कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि काजल कुमारी अपने पति अनिमेष कुमार सहनी के साथ बाइक से अपने मायके कुर्सेला बस्ती से ससुराल कटरिया गांव जा रही थी। इसी दौरान कोसी पुल पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई।जिससे पीछे बैठी काजल सड़क पर गिर पड़ी और उसके सिर में गंभीर चोट लग गई।घटना के बाद आनन-फानन में घायल महिला को पति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरसेला लाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन महिला को इलाज के लिए पूर्णिया ले जा रहे थे,लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके और ससुराल दोनों जगहों पर मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कटिहार के सदर अस्पताल में एक लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार नालसा के जागरूकता कार्यक्रम को अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार के आदेशानुसार कटिहार के सदर अस्पताल के सभागार में एक लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित की गई। इस प्रोग्राम में सी.एस. जितेंद्र नाथ सिंह के द्वारा बताया गया कि लोग ज्यादा से ज्यादा इस विधिक जागरूकता एवं सेवा के कार्यक्रम का लाभ उठावे। डी.एस. शंभू चौधरी कहा कि इस कार्यक्रम को पंचायत स्तर तक लोगों को लाभ दिलाये जाना है।डी.सी.एम. डॉक्टर किशले कुमार, डी.सी.एम.डॉक्टर अश्विनी कुमार,फिजिशियन डॉक्टर एस.के. देव, सलाहकार आभा कुमारी, जिला समन्वय साकेत कुमार क्लीनिकल फिजियोलॉजिस्ट प्रनभ कुमार,शिव शंकर रमानी सचिव कोसी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध जन कल्याण समिति कटिहार नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में नालसा के द्वारा ईगल सर्विस टू द पर्सनस विथ मेंटालियइल एंड पर्सनस विथ इंटेलेक्चुअल डिसबिलिटीयस, 2024 एक्ट बारे के प्रतिनियुक्ति विद्वान पैनल अधिवक्ता धनंजय कुमार झा द्वारा इनके के संरक्षण एवं विकास तथा मेंटेनेंस लिए उनको इस एक्ट के महत्व के संबंध में विस्तार पूर्वक बारी-बारी से एक्ट की जानकारी दी गई।

# कटिहार रेल मंडल में आरपीएफ ने दो मासूमों को किया रेस्क्यू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा लगातार चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत शनिवार को दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल किया है। रेल सूत्रों से मिली जानकारी के। अनुसार एक ओर जहां ऑपरेशन "नन्हे फरिश्ते" के तहत दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, वहीं दूसरी ओर चोरी किए गए रेलवे के ओएचई कैटेनरी तार के साथ एक रिसीवर को गिरफ्तार किया गया। कटिहार रेलमंडल अंतर्गत आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के नेतृत्व में कटिहार रेलवे स्टेशन एवं आसपास के रेल क्षेत्रों में लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 17 मई 2026 को आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कटिहार की एलएएसआई नीता छेत्री एवं एलसीटी सुमन ने एसआईबी टीम के साथ स्टेशन परिसर में ऑपरेशन "नन्हे फरिश्ते" के तहत मानव तस्करी एवं बाल तस्करी विरोधी अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-01 से दो नाबालिग लड़कों को संदिग्ध अवस्था में बरामद कर सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों में 16 वर्षीय बालक एवं 9 वर्षीय बालक हैं। वही आरपीएफ द्वारा।दोनों बच्चों को अग्रिम कार्रवाई हेतु चाइल्ड लाइन कटिहार को सुपुर्द कर दिया गया। जबकि दूसरी कार्रवाई में आरपीएफ के एसआई बाबलू कुमार द्वारा चोरी किए गए ओएचई कैटेनरी वायर मामले में एक रिसीवर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 38 वर्षीय मुकीम के रूप में हुई है। आरोपी को उस समय पकड़ा गया जब वह मोटरसाइकिल से चोरी के तार को दलन की ओर जा रहा था।आरपीएफ ने आरोपी के पास से ओएचई कैटेनरी वायर के 30 कटे हुए टुकड़े बरामद किए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 9800 रुपये बताई जा रही है। वही गिरफ्तार मो मुकीम ने खुद को निर्दोष बताया। बाद में आरपीएफ द्वारा गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आरपीएफ पोस्ट में मामला दर्ज करते हुए रेलवे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । जिसके बाद रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। आरपीएफ की इन दोनों कार्रवाइयों की रेल यात्रियों एवं स्थानीय लोगों ने काफी सराहना की है।

# कोढ़ा प्रखंड में बाढ़ अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कोढ़ा प्रखंड में बाढ़ अनुश्रवण समिति की बैठक कोढ़ा प्रखंड प्रमुख के प्रतिनिधि के रूप में पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद नईम के द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक में मैं मुख्य पार्षद,अंचल पदाधिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि रमण झा,मो.फारूक, मोहम्मद ईशा, मखदमपुर पंचायत सरपंच,मखदमपुर पंचायत समिति, रामपुर के वार्ड सदस्य रंजीत रजक, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बिजली विभाग के जेई पंकज ठाकुर, कल्याण पदाधिकारी, मनरेगा पदाधिकारी, सभी राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति रहे। बाढ़ प्रभावित कोढ़ा प्रखंड के सभी मुखिया,पंचायत समिति, सरपंच के द्वारा जिन जिन क्षेत्रों में बाढ़ के पानी से क्षेत्र प्रभावित होता है। कोढ़ा नगर पंचायत मुख्य पार्षद धीरज कुमार सिंह ने बिंदुवार बताया गया मखदमपुर पंचायत के नंद ग्राम जर्लाही जो कि प्रत्येक वर्ष बाढ़ आने से पूरा 1500 की आबादी प्रभावित होती है। दूसरी ओर मधुरा पंचायत के देवकली पैकहा गांव पूरी तरह जलमग्न हो जाती है। इन सभी जगह पर सरकार के द्वारा दिए गए राहत पशु चारा दवाइयां और कम्युनिटी किचन की व्यवस्था करने के लिए मेरे द्वारा प्रस्ताव रखा गया है। कोढ़ा नगर पंचायत मुख्य पार्षद धीरज कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि जिला की बैठक में भी कम्युनिटी किचन सेंटर अगले वर्ष नहीं चल पाया था। इस वर्ष बाढ़ की स्थिति होती है,तो निश्चित रूप से कम्युनिटी सेंटर चलाई जाय। चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए सांप काटने की दवा,कुत्ता काटने की दवा अन्य प्रकार की सभी दवाइयां उपलब्ध है। पशु चारा उपलब्ध है।

## 36 ली.देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जप्त



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** कुरसेला पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 36 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, थानाध्यक्ष राकेश कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति अवैध देशी शराब लेकर नवाबगंज मिल्की मोड़ की ओर जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम ने नवाबगंज मिल्की मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदेह के आधार पर एक बाइक सवार दो व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 36 लीटर देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही शराब जब्त कर ली और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान सिंटू कुमार निवासी टिकापट्टी चंदपुर टोला, थाना पोठिया, जिला कटिहार तथा सूरज कुमार पिताः बबलू मंडल, निवासीः टिकापट्टी नगर टोला, थाना टिकापट्टी, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस ने उनकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मद्द निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# निर्माणाधीन बेली ब्रिज के काम का लिया जायजा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर प्रमंडल के नवनियुक्त प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद विक्रमशिला सेतु का निरीक्षण किया। आयुक्त ने जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, तकनीकी अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन बेली ब्रिज के कार्य प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों को तेजी से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आयुक्त को बताया कि क्षतिग्रस्त हिस्से पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (BRO) की देखरेख में 49 मीटर लंबा बेली ब्रिज तैयार किया जा रहा है। यह पुल अस्थायी रूप से हल्के वाहनों के परिचालन के लिए बनाया जा रहा है ताकि भागलपुर, नवगछिया, कटिहार, पूर्णिया और सीमांचल क्षेत्र के लाखों लोगों को राहत मिल सके।

**व्यापार-शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा हो रही प्रभावितः** आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने कहा कि विक्रमशिला सेतु केवल एक पुल नहीं बल्कि भागलपुर और सीमांचल क्षेत्र की लाइफलाइन है। इसके बंद होने से व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसलिए प्रशासन की प्राथमिकता जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था तैयार कर लोगों को राहत पहुंचाना है। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों, तकनीकी मजबूती और निर्माण की गुणवत्ता पर भी विशेष चर्चा की गई।

**3 मई की रात पुल क्षतिग्रस्त हुआ थाः** दरअसल 3 मई की रात विक्रमशिला का एक हिस्सा टूट गया था। पहले 133 नंबर पिलर में झुकाव देखा गया और कुछ ही देर बाद उससे जुड़ा स्लैब टूटकर नदी में समा गया। घटना के तुरंत बाद प्रशासन ने पुल पर आवागमन पूरी तरह रोक दिया था। समय रहते पुलिस और प्रशासन की सतर्कता से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। जांच में सामने आया कि पिछले दो वर्षों से विक्रमशिला सेतु में दरार, जॉइंट की खराब स्थिति और पिलरों में कमजोरी की शिकायतें मिल रही थी। कई बार विभागीय स्तर पर चेतावनी भी दी गई थी, लेकिन समय पर ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।

## 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026' शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

मुंगेर। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार, मुंगेर जिले में सोमवार को जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस उत्सव का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति समुदाय को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें लाभान्वित करना है। यह अभियान 18 मई से 25 मई तक जिले के चयनित क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा।समाहरणालय सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पीणीकर, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह और नोडल पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

**योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराया जाएगाः** इस अवसर पर अधिकारियों ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत हवेली खड़गपुर, बरियारपुर और धरहरा प्रखंड के 20 चयनित गांवों को शामिल किया गया है। इन गांवों में विशेष शिविरों का आयोजन कर पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

## पंचायत सहयोग शिविर शुरू, प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे मंगलवार को आयोजन

**अररिया**। अररिया में जन समस्याओं के सरल और प्रभावी समाधान के लिए पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह पहल जिलाधिकारी विनोद दूहन के नेतृत्व में शुरू हो रही है। बिहार के मुख्य सचिव के निर्देश पर जिलाधिकारी विनोद दूहन और पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से इसकी रूपरेखा तैयार की है। ये शिविर 19 मई से शुरू होकर 16 फरवरी 2027 तक चलेंगे। इनका आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को किया जाएगा। शिविर पंचायत सरकार भवन या उसके निकट सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में राजस्व, भूमि संबंधी मामलों सहित सभी विभागों की लंबित शिकायतों का निपटारा किया जाएगा। आवेदन शिविर शुरू होने से 30 दिन पहले स्वीकार किए जाएंगे।

अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता और अंचल अधिकारी अपने न्यायालयों में लंबित मामलों की सूची शिविर में प्रदर्शित करेंगे और संबंधित पंचायत के मामलों का पूर्व निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का अनिवार्य पंजीकरण होगा और उसका निपटारा निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा। पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के लिए 'शिविर संवाद समाधान पोर्टल' का उपयोग किया जाएगा। एक रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम भी संचालित होगा, जिसकी निगरानी नोडल अधिकारी करेंगे। यह सिस्टम आईटी मैनेजर द्वारा संचालित किया जाएगा। इन शिविरों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी आम जनता को दी जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी शिविर स्थल पर बैठने, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

## मंदिर के आगे बुर्का पहनकर बनाया रील

**बेगूसराय**। बेगूसराय में बुर्का पहनकर मंदिर के सामने एक युवक की ओर से रील बनाने का मामला सामने आया है। मामला जिला मुख्यालय के काली स्थान मंदिर के सामने का बताया जा रहा है। लड़के की ओर से बुर्का पहनकर वीडियो शूट किए जाने के दौरान आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पहले तो लोग शूट कर रहे लड़के को देखकर हंसी मजाकर करने लगे। इसी दौरान एक शख्स ने वीडियो बना रहे लड़के को पकड़ा और उसे फटकार लगाई। इसके बाद उसके मोबाइल में शूट किए गए वीडियो को डिलीट भी कराया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार को काली स्थान मंदिर के सामने एक युवक बुर्का पहन कर आया और डांस करने लगा। लोगों ने बुर्का पहनकर डांस करते देखा तो चौंक गए।


### पूर्व मध्य रेल
### ई—निविदा सूचना

ई—निविदा नोटिस सं. : एस॰जी॰ – डी॰एस॰ई॰ – ओ॰ टी॰– 11–26

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई—निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है ।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : प्रोविजन ऑफ इंटरलॉकिंग ऑफ एलसी गेट नंबर 71/ई, 60/ई, 54/ई, 30/ई, 67/ई, 64/ई इन आरा—सासाराम सेक्शन ईन डीडीयू डीविजन, 2. कार्य की अनुमानित मूल्य : ₹2,49,35,930.54/— (दो करोड़ उन्चास लाख पैंतीस हजार नौ सौ तीस रूपये एवं चौवन पैसे मात्र), 3. धरोहर राशि : ₹4,98,700/— (चार लाख अट्ठानवे हजार सात सौ रूपये मात्र), 4. ई—निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.06.2026 को 12.30 तक । 5. वेब साईट का पता जहां से ईनिविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in

म॰ सं॰ एवं दू॰ सं॰ अभि॰/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0243/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/26–27/28

### पूर्व रेलवे

**ई—निविदा प्रणाली के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: एचडब्ल्यूएच—I—02—2026—27 (खुली निविदा), दिनांक 14.05.2026,** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/I/पूर्व रेलवे/हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा—711101 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई—निविदा प्रणाली के तहत मुहरबंद निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** चंदनपुर—शक्तिगढ़ चतुर्थ रेलवे लाइन परियोजनाओं के संबंध में मौजूदा अतिक्रमण को हटाना एवं एएफटीसी हट, लेवल क्रॉसिंग गेट लॉज, पीडब्ल्यूआई कार्यालय सह स्टोर का निर्माण एवं अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 12,61,70,574.08, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **बयाना राशि** : रु. 25,23,400/— **समापन अवधिः** 06 (छह) माह। **खुलने की तिथिः** दिनांक 05.06.2026 को 12.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई—निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई भी मैनुअल प्रस्ताव यदि प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं सरासर रद्द कर दिया जाएगा।

CON-07/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/757, दिनांक 15.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा—711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए ओपन ई—टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्याः ईएल—एचडब्ल्यूएच—25—21—3617, कार्य का नाम** : टिकियापाड़ा और सॉर्टिंग यार्ड डिपो से शुरू होने वाले विभिन्न रेक के कमिंस इंडिया लिमिटेड प्रस्तुतकारक के डीजी सेट से सज्जित पावर कारों की 2 वर्ष के लिए एस्कॉर्टिंग, संचालन और ए—चेक मेंटेनेंस। **निविदा मूल्य :** रु. 13,28,53,031/—, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 8,14,300/—, **पूर्णता अवधिः** 24 माह। **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल—एचडब्ल्यूएच—25—21—3618, कार्य का नाम** : टिकियापाड़ा और सॉर्टिंग यार्ड डिपो से शुरू होने वाले विभिन्न रेक के किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स लिमिटेड (केओईएल) प्रस्तुतकारक के डीजी सेट से सज्जित पावर कारों की 2 वर्ष के लिए एस्कॉर्टिंग, संचालन और ए—चेक मेंटेनेंस। **निविदा मूल्य :** रु. 5,53,36,075/—, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 4,26,700/—, **पूर्णता अवधिः** 24 माह। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 29.05.2026 को 15.00 बजे क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-67/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों का नियंत्रण

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल के कटिहार-सोनाली और कटिहार-कुरेठा खंडों में दोहरी लाइन की शुरुआत के लिए, कटिहार, मनियां, कुरेठा, डंडखोरा और सोनाली स्टेशनों पर तीन दिनों के लिए बिफोर प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, तीन दिनों के लिए प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, तीन दिनों के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के साथ ही साथ एक दिन के लिए सीआरएस निरीक्षण किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के परिचालन में निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं: • **ट्रेनों की रद्दगी: 55702/55701** कटिहार-मालदा टाउन-कटिहार पैसेंजर (दोनों की यात्रा शुरू की तारीख 10.06.2026, 11.06.2026, 12.06.2026, 13.06.2026, 14.06.2026)। • **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू:** 13159 कोलकाता-जोगबनी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 10.06.2026 और 12.06.2026) और **13160** जोगबनी-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 11.06.2026 और 13.06.2026) को **कटिहार** में/से संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू करेंगी और दोनों दिशाओं में कटिहार तथा जोगबनी स्टेशनों के बीच इनकी सेवायें रद्द रहेंगी। • **ट्रेन का मार्ग परिवर्तन: 15925** देवघर-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 11.06.2026) कटिहार-पूर्णिया-अररिया-पावाखाली-ठाकुरगंज होकर परिवर्तित मार्ग से चलेगी। यह ट्रेन बरसोई और किशनगंज स्टेशनों पर नहीं रुकेगी तथा पूर्णिया और ठाकुरगंज स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी। • **ट्रेन का नियंत्रण: 15625** देवघर-अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 08.06.2026) इसे मार्ग में **90 मिनट** के लिए नियंत्रित किया जाएगा (यदि सही समय पर चलती है)। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व मध्य रेल
### ई—निविदा सूचना

ई—निविदा नोटिस सं.—13 ऑफ 2026—27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ—साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई—निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.—19—डीडीयू—मं.इंजी.—मुख्यालय—26—27, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यायल/डीडीयू के अधीन डीडीयू में पीडी, रोजा, भारतीय संस्थान, शास्त्री, आरपीएफ, यूरोपीय, डीजल, लोको, सेंट्रल, न्यू सेंट्रल और मानसनगर कॉलोनी में जीटी तार (4 मिमी व्यास) जाल आकार 50x200 मिमी और पैनल आकार 1800x2500 मिमी के साथ बाड़ लगाकर अतिक्रमण को बचाने के लिए चारदीवारी की मरम्मत और सुधार (ii) कार्य का अनुमानित लागतः ₹3,89,95,208.60 (iii) धरोहर राशि : ₹7,79,900/— (vii) ई— निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 05.06.2026 12:00 बजे तक। (viii) बेवसाईट पर ई—निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0239/डीडीयू/अभि./टी/26—27/36

### पूर्व रेलवे

**ई—निविदा सं. 33_2026—27 एवं 34_2026—27, दिनांक 15.05.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा—711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई—निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। क्रम सं. :1, ई—निविदा सं. 33_2026—27, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52 केजी (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर—260) (नई/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट बेल्डिंग, **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,23,22,162.92, **बयाना राशिः** रु. 4,46,500/—, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **समापन अवधि :** 12 माह। **क्रम सं. :2, ई—निविदा सं. 34_2026—27, कार्य का विवरण** : (i) हावड़ा—हावड़ा मंडल के बर्द्धमान और कटवा के बीच किमी—18 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 11 का उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग जिसका टीयूवी >20000 है और (ii) हावड़ा—हावड़ा मंडल के आजिमगंज और नलहाटी के बीच किमी 31/39—32/01 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 12 का उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग जिसका टीयूवी >20000 है, **अनुमानित मूल्य :** रु. 50,93,762.63, **बयाना राशिः** रु. 1,01,900/—, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 01.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-68/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : 222—एस/1/डब्ल्यू—II, दिनांक** 13.05.2026, मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता—700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई—निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं.: टीएन—34—26—27, कार्य का नामः** सियालदह मंडल में वरिष्ठ डीईएन/सी/सियालदह के कार्यक्षेत्र में सभी सहायक कार्यों के साथ खराब तट वाले स्थान पर सेस की मरम्मत सहित मानसून के सावधानी उपाय के तौर पर तट सुरक्षा कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,30,52,006.95, **बयाना राशि :** रु.2,61,100/—, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 10.06.2026 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 10.06.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइटः **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई—निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-44/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### शपथ पत्र

मैं प्रेम पंचम, पिता श्री किशोर कुमार, साकिन हाजीपुर, पो. मिल्की, थाना वारिसलीगंज, जिला नवादा, बिहार 805130 का निवासी हूं और शपथ पूर्वक निम्न बातों की घोषणा करता हूं कि

1. यह कि मैं उपरोक्त पता का स्थायी निवासी हूं।

2 यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड में पुत्री का नाम प्रेयसी आनंद है एवं पुकारू नाम प्रेयसी है।

3. यह कि प्रेयसी आनंद उर्फ प्रेयसी दोनों नाम मेरा ही पुत्री नाम है। इस नाम से दूसरा कोई नहीं है, जिसके लिए मैं शपथ कर रहा हूं।

कंडिका 1 से 3 तक लिखी सारी बातें सही एवं सत्य है।

प्रेम पंचम
(शपथकर्ता)

शपथ सं. 3333 दिनांक : 18.05.2026

### पूर्व मध्य रेल
### ई—निविदा सूचना

ई—निविदा नोटिस सं. : एस॰जी॰ – डी॰एस॰ई॰ – ओ॰ टी॰– 05–26

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई—निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है ।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : (i) प्रोविजन ऑफ रेलनेट कनेक्टीवीटी एट एसईबी एंड आरएफजे ओएचई डीपोट्स ईन डीडीयू डीविजन। (ii) ऑगमेंटेशन ऑफ शेड फैसिलिटीस टू इम्प्रूभ द कैपेसीटी फॉर आईओएच/ पीओएच ऑफ ट्रैक मशीन्स ऐंज वेल ऐंज इम्प्रूभिंग द स्टोरेज फैसिलिटीज एट पीडी/डीडीयू (iii) रिप्लेसमेंट ऑफ डीफेक्टीव एस एंड टी केबल ओभर डीडीयू डीविजन । (iv) अरेंजमेंट फॉर शिफ्टिंग ऑफ सिगनलिंग मेटेरियल फ्रॉम एक्जिसटिंग सिगनलिंग स्टोर एसएसई/एस/1/डीडीयू एंड एसएसई/एस/2/डीडीयू टू न्यू स्टोर एट डीडीयू ईन भ्यू ऑफ थर्ड लाईन वर्क ईन बिटवीन डीडीयू – पीआरवाईजे । 2. कार्य की अनुमानित मूल्य : ₹1,96,35,253.31/— (एक करोड़ छियानबे लाख पैंतीस हजार दो सौ तिरेपन रूपये एवं इकतीस पैसे मात्र), 3. धरोहर राशि : ₹3,92,700/— (तीन लाख बानबे हजार सात सौ रूपये मात्र), 4. ई—निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.06.2026 को 12.30 तक । 5. वेब साईट का पता जहां से ईनिविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in

म॰ सं॰ एवं दू॰ सं॰ अभि॰/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0244/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/26–27/40

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद

Govt. of Bihar

(E-mail:- shlcdaurangabad@gmail.com)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित आम नागरिकों, किसानों इत्यादि जिला औरंगाबाद, अरवल, गया एवं पटना जिलान्तर्गत को सूचित किया जाता है कि विभागीय निदेशानुसार जल—जीवन—हरियाली अभियान अंतर्गत टर्न—की आधार पर औरंगाबाद, डेहरी एवं सासाराम शहरों हेतू सोन नदी में उपलब्ध सतही जल का उपयोग करते हुए पेयजल उपलब्ध कराने के क्रम में एनीकट के निकट कराए जा रहे कार्यों के सुचारू रूप से क्रियान्वनयन हेतु इन्द्रपुरी बराज के अप—स्ट्रीम (दायाँ भाग) से निःसृत पूर्वी लिंक नहर में 1500 क्यूसेक जलश्राव दिनांक 15.05.2026 से खरीफ सिंचाई अवधि 2026 के पूर्व प्रवाह किया जा रहा है, जिसमें पटना मुख्य नहर में 1000 क्यूसेक एवं सोन उच्चस्तरीय मुख्य नहर में 500 क्यूसेक जल प्रवाहीत किया जाएगा।

उक्त के संबंध में संबंधित सभी नागरिकों, किसानों इत्यादि को सतर्क किया जाता है।

(ई० नवल किशोर कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल
औरंगाबाद

PR- 003487 (WRD) 2026-27

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

Govt. of Bihar

अल्पकालीन निविदा संख्या—02/भ0प्र0 औरंगाबाद/2026—27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :—दिनांक 07.05.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :—दिनांक 29.05.2026 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :—दिनांक 01.06.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :—दिनांक 01.06.2026 को अपराहन 3:30 बजे से
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :— (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
   (ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0—1 औरंगाबाद।
   (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0—2 औरंगाबाद।
   (घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणीः—

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | औरंगाबाद एवं दाउदनगर अवस्थित विभिन्न कार्यालयों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के आवासीय परिसर में कराये जाने वाले दैनिक जलापूर्ती एवं स्वच्छता अधिष्ठापन का कार्य | 5.015 | 10100.00 | 1250.00 | 15 मार्च 2027 तक |
| 3 | व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद एवं दाउदनगर में न्यायिक गैर आवासीय एवं न्यायिक आवासीय भवनों में प्रतिदिन कराए जाने वाले दैनिक जलापूर्ती एवं स्वच्छता अधिष्ठापन का कार्य | 4.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 मार्च 2027 तक |
| | कुल | 9.015 लाख | | | |

कार्यपालक, अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

PR- 003488 (BCD) 2026-27

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

### कार्यालय, नगर पंचायत नबीनगर (औरंगाबाद)

बिहार सरकार

**बंदोवस्ती हेतु अति अल्पकालिन आम सूचना संख्या—05/2026—27**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, नबीनगर क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय **वर्ष 2026—27** के लिए सैरातों की बन्दोवस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक— 01.06.2026 से 31 मार्च 2027** तक के लिए निम्नांकित शर्तों के अधीन पूर्वा० 2:00 बजे से नगर पंचायत, नबीनगर के सभा कक्ष में किया जायेगा—

**1. सैरात डाक संबंधी विवरण—**

| ग्रुप सं० | बन्दोवस्ती का विवरण | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि | डाक की तिथि एवं समय | डाक की वैकल्पिक तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अस्थायी दैनिक दुकानों से दैनिक टॉल वसूली एवं मंगल बाजार – शनिचर बाजार हाट की बंदोवस्ती | 977540.00 | 97754.00 | 29.05.2026 | 30.05.2026 |
| 02 | सवारी वाहनों से दैनिक पड़ाव शुल्क की वसूली | 598671.00 | 59867.00 | 29.05.2026 | 30.05.2026 |
| 03 | बस पड़ाव पर अवस्थित सुलभ शौचालय से सेवा शुल्क की वसूली | 26960.00 | 2696.00 | 29.05.2026 | 30.05.2026 |
| 04 | जनकपूर वार्ड सं० – 05 सार्वजनिक शौचालय | 12000.00 | 1200.00 | 29.05.2026 | 30.05.2026 |
| 05 | शनिचर बाजार वार्ड सं० – 09 सार्वजनिक शौचालय | 12000.00 | 1200.00 | 29.05.2026 | 30.05.2026 |

2. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक डाक वक्ता अग्रधन राशि का बैंक ड्राफ्ट (कार्यालय पदाधिकारी, नगर पंचायत, नबीनगर के पदनाम), नगर पंचायत, नबीनगर द्वारा निर्गत अद्यतन No Dues Certificate, पैन कार्ड, जिला पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक से निर्गत चरित्र प्रमाण—पत्र तथा आधार कार्ड की अभिप्रमाणित छाया प्रति **दिनांक— 28.05.2026** तक कार्यालय अवधि में जमा ली जाऐगी।
3. सफलतम डाकवक्ता, डाक समाप्ति के अगले कार्य दिवस को, सम्पूर्ण डाक राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जमा कर नगर पंचायत, नजारत से प्राप्ति रसीद लेंगे।
4. पाँच लाख से उपर के बन्दोवस्ती पर विगत 03 वर्षों यथा **2022—23/2023—24 एवं 2024—25 का आयकर रिर्टन** का प्रतिवेदन संलग्न करना होगा। आयकर रिर्टन की राशि बिल्कुल शून्य मान्य नही होगा।
5. पाँच लाख से उपर के बन्दोवस्ती में डाकवक्ता का GST नम्बर रहना अनिवार्य होगा।
6. पाँच लाख से ऊपर के बन्दोवस्ती में डाकवक्ता को सैरात वसूली में कम—से—कम एक साल का अनुभव आवश्यक होगा।
7. डाक समाप्ति के पश्चात सफल डाकवक्ता को **राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार, पटना के पत्रांक – 605, दिनांक –16.08.2026** के अनुसार उच्चतम डाक राशि का 6 प्रतिशत मुद्रांक शुल्क तथा निबंधन अधिनियम 1908 के अनुच्छेद A(3)(b) के अनुसार उच्चतम डाक राशि का 2 प्रतिशत की दर से निबंधन शुल्क की राशि को भी डाक राशि के साथ अलग से जमा करना होगा।
8. यदि किसी डाक वक्ता द्वारा अप्रत्याशित बोली (सुरक्षित जमा राशि का 10 % से अधिक) लगाई जाती है तो (अग्रधन के अतिरिक्त) बोली का 50 % राशि तुरंत जमा करने पर ही बोली मान्य होगी।
9. बन्दोवस्ती प्राप्तकर्ता जो निर्धारित शुल्क वसूली दर परवाना में दिया जायेगा उसी दर पर वसूली करनी होगी। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि चलती गाड़ी वालों या अन्य वाहनों से निर्धारित राशि से अतिरिक्त वसूली की जाती है। ऐसी स्थिति में शिकायत मिलने पर नियम संगत डाकवक्ता के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। फुटपाथ पर बैठे नाई, मोची, दातुन बेचने वाले से एवं दिव्यांग तथा विधवा से शुल्क की वसूली नहीं की जायेगी।
10. जनहित के अन्तर्गत आने वाले सरकारी वाहनों से वसूली नहीं करने संबंधी आदेश आदेश देने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
11. बदोवस्तदार को नगर पंचायत, नबीनगर द्वारा निर्धारित अन्य शर्तों, जो नगर पंचायत, द्वारा तय किये जायेंगे का अक्षरशः पालन करना होगा।
12. किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या या प्राकृतिक आपदा होने पर बन्दोवस्ती की राशि में छूट नही दी जायेगी।
13. उपरोक्त में से किसी शर्त का उल्लंघन पाए जाने पर बन्दोवस्ती रद्द करते हुए जमा राशि जब्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगी।
14. डाक/बन्दोवस्ती को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार हर समय अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
15. शिवराजपूर छठ मेला में आये हुए सवारी गाड़ी, छठव्रती लोगों से वसूली नहीं की जायेगी।
16. अपरिहार्य कारणवश यदि **दिनांक—29.05.2026** को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पुनः उपर्युक्त नियम/शर्तों के अधीन अगले कार्य दिवस **दिनांक—30.05.2026** को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत,नबीनगर

PR- 003659 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### मां काली मंदिर पूर्वी नवादा में महाआरती

**आरा।** मां काली मंदिर, पूर्वी नवादा प्रांगण में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा महाआरती हुआ। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार शामिल हुए और माता भगवती आदिशक्ति जगज्जननी जगदंबा श्री दुर्गा जी की आराधना कर विश्वशांति, जनकल्याण, सामाजिक सद्भावना, धर्म रक्षा एवं आत्मोत्थान की कामना की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज में बढ़ती नशाखोरी, मांसाहार एवं नैतिक पतन को रोकने के लिए जागरूकता आवश्यक है। संगठन द्वारा पूर्ण नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, चरित्रवान, चेतनावान, परोपकारी एवं पुरुषार्थी समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। साथ ही पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों की रक्षा के लिए लोगों से सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की गई। महाआरती में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूजा एवं आरती में भाग लिया। आयोजन स्थल भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद एवं शक्तिजल का वितरण किया गया।

### कैट प्रवेश परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न

**आरा।** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पार्षद द्वारा आयोजित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (आईटीआई कैट) रविवार को आरा के 15 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा में 87% परीक्षार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा और सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को सघन जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा पार्षद के निर्देशानुसार मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को परीक्षा केंद्र में ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे से पूर्वाह्न 10:30 बजे तक ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई।

### भीषण गर्मी, लू का अलर्ट

**बक्सर।** बक्सर में भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। जिला पदाधिकारी साहिला ने आम लोगों की सुरक्षा और राहत के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने नगर परिषद बक्सर और डुमराँव के कार्यपालक पदाधिकारियों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में अस्थायी शेड बनाने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर यात्रियों के लिए कूल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि वे गर्मी से राहत पा सकें।

**स्थापित कूल रूम के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देशः** सिविल सर्जन, बक्सर को सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित कूल रूम के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया है, जिससे मरीजों और आम नागरिकों को इसकी जानकारी मिल सके। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने और हीट वेव से संबंधित दवाओं व कूल रूम की उपलब्धता की समीक्षा करने को कहा गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक यातायात नियंत्रित करते हुए वाहनों का न्यूनतम परिचालन सुनिश्चित करने का निर्देश मिला है। वहीं, श्रम अधीक्षक को इस अवधि में मजदूरों से काम न कराने, कार्यस्थलों पर पेयजल और ओआरएस उपलब्ध कराने तथा लू से बचाव का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं।

**शीतल पेयजल और ORS की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देशः** आईसीडीएस विभाग को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक संचालित करने और बच्चों के लिए शीतल पेयजल व ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग को स्कूलों के समय में कटौती करने और आवश्यकता पड़ने पर स्कूलों को अल्प अवधि के लिए बंद करने पर विचार करने को कहा गया है। विद्युत विभाग को अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का पर्याप्त भंडारण रखने के निर्देश दिए गए हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को भू-जल स्तर की निगरानी करने और खराब चापाकलों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही, 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम की जानकारी प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने का भी निर्देश दिया गया है। पशुपालन विभाग को कैटल ट्रफ चालू कराने और पशु चिकित्सालयों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं आपदा प्रबंधन विभाग को गर्मी और लू से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है।

### व्यवहार न्यायालय बक्सर में नवनियुक्त लिपिकों के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बक्सर।** बक्सर व्यवहार न्यायालय बक्सर में नवनियुक्त लिपिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झांब ने कहा कि न्यायालयीय प्रक्रिया और कार्य संपादन की कला का कुशल प्रशिक्षण न्यायिक कर्मियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिला विधिक सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय का परिवेश विश्वविद्यालय के वातावरण से अलग होता है और यहां कार्यरत कर्मियों को संवेदनशीलता, अनुशासन तथा व्यवहार कुशलता के साथ कार्य करना पड़ता है। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि यह गर्व का विषय है कि वे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया में सहयोग देंगे इस सम्मानजनक सेवा से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि समाज से पीड़ित और निराश लोग न्याय की उम्मीद लेकर न्यायालय पहुंचते हैं तथा उनकी पहली मुलाकात न्यायालय कर्मियों से ही होती है। ऐसे में कर्मियों का व्यवहार ही न्यायालय की साख और गरिमा निर्धारित करता है। **न्यायाधीश भी रोज सीखते हैं** कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झांब, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय मनोज कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय मनीष कुमार शुक्ला तथा न्यायिक दंडाधिकारी सह नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार ने कहा कि जीवन में नित्य सीखना ही यह ज्ञानार्जन की सतत् प्रक्रिया है। न्यायाधीश भी रोज सीखते हैं और वरिष्ठ कर्मचारियों तक से भी सीखते हैं ऐसे में जागरूक और न्याय प्रक्रिया से संवेदनशील कर्मचारी न्याय प्रशासन के रीढ़ की हड्डी है और उनके कार्य कुशलता और न्यायिक प्रक्रिया की जटिलता को समाधान करने से ही अभिलेखों का निष्पादन संभव हो सका है। कुशल प्रशिक्षित न्यायिक कर्मचारी न्याय प्रक्रिया को गति प्रदान करते हैं। **नए लिपिकों को वरिष्ठ कर्मचारी दे रहे प्रशिक्षण** नोडल अधिकारी सह न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि नवनियुक्त कर्मचारियों को न्यायालय के वर्षों से कार्य करने वाले वरिष्ठ कर्मचारियों से प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि जो न्यायिक प्रक्रिया में आने वाले व्यवहारिक दिक्कतों से निपटने के गुर सीख सकें। हर कर्मचारी को हर विभाग के वरिष्ठ कर्मचारियों से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है ताकि न्यायालय के किसी भी विभाग में उन्हें दिक्कत नहीं हो। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण अगले रविवार को भी आयोजित किया जाएगा और न्यायालय के अन्य दुरूह जटिलताओं और कौशल से उन्हें परिचित कराया जाएगा। **निर्देशों को अक्षरशः पालन करना जरूरी** नवनियुक्त कर्मचारियों को मार्गदर्शन करते हुए प्रभारी प्रशासन राजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कैदियों को जेल भेजने के पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों को अक्षरशः पालन करना जरूरी है और कैदियों के अधिकारों की रक्षा करना न्यायालय का ही दायित्व है। वहीं पूर्व सिरेस्तदार अजय कुमार सिंह ने सभी कर्मचारियों को न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों और उनमें बरते जाने वाले सावधानियों से अवगत कराया।दीवानी मामले के सिरेस्तदार रजनी कांत मिश्र ने कहा कि दीवानी मामले में स्वत्व वाद और अन्य वादों का निष्पादन कैसे किया जाए।कार्यक्रम का संचालन न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन नाजिर संतोष कुमार द्विवेदी ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी प्रशासन न्यायालय राजीव कुमार श्रीवास्तव, नाजिर संतोष कुमार द्विवेदी, रजनीकांत मिश्र, अजय कुमार सिंह सिस्टम ऑफिसर विजय कुमार सिंह तथा नायब नाजिर दीपक गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अविनाश कुमार, दीक्षित कुमार, रविशंकर झा, राहुल कुमार, मंजुला कुमारी, कोमल सिंह, सोनम कुमारी, प्रिया कुमारी, कहकशां परवीन, सतीश कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य नव नियुक्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गेहूं गोदाम में किशोर का शव मिला, ग्रामीण बोले- हत्या हुई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव में सोमवार को तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। यहां एक गेहूं गोदाम से 12 वर्षीय किशोर का शव बरामद किया गया। शव मिलने के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बक्सर-कोचस मुख्य मार्ग को सरेंजा के पास जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर आगजनी भी की। मृतक की पहचान सरेंजा गांव निवासी बेचन चौहान के 12 वर्षीय पुत्र किशुन चौहान के रूप में हुई है।

**रात भर उसका कोई पता नहीं चलाः** बताया गया कि किशुन रविवार शाम करीब तीन बजे अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए घर से निकला था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन रात भर उसका कोई पता नहीं चला। सोमवार को कुछ लोगों ने जानकारी दी कि किशोर को आखिरी बार गांव के एक गेहूं गोदाम की तरफ जाते देखा गया था। इसके बाद परिजन गोदाम पहुंचे। मृतक के बड़े भाई किन्नू चौहान ने आरोप लगाया कि गोदाम कर्मियों ने पहले उन्हें अंदर जाने से रोका। परिजनों और ग्रामीणों के हंगामा करने पर उन्हें अंदर जाने दिया गया।

**शव को बोरियों के नीचे छिपाया गया थाः** अंदर जाकर देखा गया कि किशोर का शव गेहूं की लगभग 30 से 40 बोरियों के नीचे दबा हुआ था। शव बाहर निकालने के बाद परिजनों का आक्रोश और बढ़ गया। परिजनों का आरोप है कि किशोर की हत्या कर शव को बोरियों के नीचे छिपाया गया था। उन्होंने दावा किया कि शव पर फफोले जैसे निशान थे और मुंह से खून निकला हुआ था। परिवार का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि शव को जलाने का भी प्रयास किया गया है। हालांकि, पुलिस की प्रारंभिक जांच में गेहूं की बोरियों के नीचे दबने से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने हत्या की संभावना से इनकार नहीं किया है और मामले की जांच जारी है। यह गेहूं का गोदाम बृज मोहन राय का बताया जा रहा है।

**"मौत के बदले मौत" जैसे नारे लगाने लगेः** घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बक्सर-कोचस मार्ग को जाम कर दिया और "मौत के बदले मौत" जैसे नारे लगाने लगे। इसी दौरान कुछ लोग गोदाम कर्मियों की तलाश में दौड़ पड़े। इसी क्रम में कुछ लोग ग्रामीण पिंटू राय के घर में घुस गए, जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ का प्रयास किया।

## दंपति समेत पांच लोगों की पिटाई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर के कारीसाथ गांव में जमीन और कमरे के विवाद को लेकर पाटीदारों के बीच हिंसक झड़प हो गई। पिता, मां और बेटों को लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायलों में पुनी लाल यादव, उनकी पत्नी झुन्नी देवी, पुत्र अनुग्रह यादव, जयप्रकाश यादव और अनुपम यादव शामिल है। पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र की है।

**जान से मारने की धमकी मिली थीः** पुनी लाल के पुत्र विकास यादव ने बताया कि पिछले करीब चार महीने से पाटीदारों के बीच एक कमरे और पांच डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। विरोधी पक्ष लगातार जमीन खाली करने और कब्जा छोड़ने का दबाव बना रहा था। इतना ही नहीं, परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। रविवार को इसी विवाद को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। पाटीदारों ने पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। जो सामने आया, उसे बेरहमी से लाठी-डंडे से पीटा गया। मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन लगातार हमला करते रहे। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

## बच्चों को लू से बचाने के लिए प्रशासन सख्त, ओआरएस रखने के निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** जिले में आसमान से बरसती आग और भीषण गर्मी के बीच प्रशासन ने मासूम बच्चों को राहत देने के लिए एक अनोखी और बेहद संवेदनशील पहल की है। डीएम साहिला और शिक्षा विभाग के नए आदेश के तहत अब बक्सर के सभी स्कूलों में बच्चों को डिहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) से बचाने के लिए विशेष "वॉटर बेल" का नियम लागू किया गया है। इसके साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए धूप में प्रार्थना सभा कराने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। नए नियमों के मुताबिक जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और कोचिंग संस्थानों में हर पीरियड शुरू होने से पहले 1 से 2 मिनट की "वॉटर बेल" बजाई जाएगी, ताकि बच्चे पर्याप्त पानी पी सकें। प्रशासन को शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ शिक्षक क्लास के बीच में बच्चों को पानी पीने या शौचालय जाने से रोकते हैं। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया गया है कि ऐसी मनमानी करने वाले शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। सभी स्कूल संचालकों को अपने यहाँ निर्बाध बिजली और पर्याप्त पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या स्कूल फंड से ओआरएस पाउडर का पर्याप्त स्टॉक रखने का निर्देश दिया गया है। सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील का संचालन और प्राइवेट स्कूलों की वैन का प्रस्थान भी निर्धारित समय से पहले करना होगा, ताकि बच्चे सुरक्षित घर पहुंच सकें।

# 7 परिवारों के घर जले, गोगौरा गांव में आग से लाखों का सामान राख

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर जिले के गोगौरा गांव में रविवार देर रात भीषण आग लगने से सात महादलित परिवारों के घर जलकर राख हो गए। इस घटना के बाद प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। गांव में अफरा-तफरी और मातम का माहौल है। रविवार देर रात करीब दो बजे एक घर से आग की लपटें उठनी शुरू हुईं। तेज गर्मी और हवा के कारण आग तेजी से फैली और आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों के कुछ समझ पाने से पहले ही घरों में रखा सामान, कपड़े, अनाज, बर्तन और महत्वपूर्ण कागजात जलकर राख हो गए। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**कुछ घंटे बाद ही आग ने पूरे घर को तबाह कर दियाः** आगजनी की इस घटना में सुखरी राम, मिथिलेश राम, जितेंद्र राम, कुंजबिहारी राम, कमल कुमार राम, कमलेश राम और अखिलेश राम के घर पूरी तरह नष्ट हो गए। एक परिवार में बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थीं। हल्दी रस्म संपन्न होने के कुछ घंटे बाद ही आग ने पूरे घर को तबाह कर दिया, जिससे शादी के लिए जुटाया गया सामान भी जल गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो चुकी थी। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

**प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासनः** घटना के बाद जिला प्रशासन भी सक्रिय हुआ। प्रशासन के निर्देश पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. श्रवण तिवारी सोमवार सुबह राहत सामग्री लेकर पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री, कपड़े और अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध कराया और प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों के लिए तत्काल आर्थिक सहायता, रहने की व्यवस्था और शादी वाले परिवार को विशेष मदद देने की मांग की है। भीषण गर्मी के बीच खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर परिवारों की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है।

# 450.91 ग्राम हेरोइन के साथ तीन तस्कर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर में कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास 450 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़े गए तीन तस्करों से पूछताछ में अंतरजिला मादक पदार्थ तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। मामले में पुलिस ने संगठित गिरोह से जुड़े 10 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। इस संबंध में दरोगा योगेंद्र प्रसाद के बयान पर कोईलवर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही और पूछताछ के आधार पर पुलिस अब बिहार के दूसरे जिलों में फैले इस नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुट गई है।

**तस्करों के पास से कार, मोबाइल जब्तः** पुलिस और पटना एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में अरवल जिले के मलहीपट्टी निवासी आविद आलम, सिपहा वार्ड संख्या-8 निवासी बिट्टू कुमार उर्फ सूरज और औरंगाबाद गोह के रहने वाले चंदन कुमार उर्फ आशिक को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से करीब 450.91 ग्राम हेरोइन, तीन मोबाइल और एक कार जब्त की गई है। बरामद कार का इस्तेमाल मादक पदार्थ की ढुलाई में किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार कार अरवल जिले के शाही मोहल्ला निवासी मो. मोहिउद्दीन के नाम पर है। प्राथमिकी में भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के सुहिया गांव के सोनू साह और रंजन जायसवाल, नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी टोला अनाईठ निवासी राजू चौधरी, अरवल जिले के महटोली निवासी सोनू सहनी, जनकपुर थाना क्षेत्र के अरवल गांव निवासी मुन्ना यादव और जलपुरा के चुन्नू यादव को भी आरोपी बनाया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर बिट्टू कुमार उर्फ सूरज ने पुलिस को बताया कि बरामद हेरोइन सोनू कुमार साह और रंजन जायसवाल से खरीदी गई थी। इसके अलावा पहले भी नवादा के राजू चौधरी से मादक पदार्थ की खरीदारी की जा चुकी है।

**फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारीः** पूछताछ में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह अरवल जिले के कई इलाकों में हेरोइन की सप्लाई करता था। सोनू सहनी, मुन्ना यादव और चुन्नू यादव को मादक पदार्थ पहुंचाने की बात स्वीकार की है। पटना एसटीएफ के अनुसार बिट्टू कुमार उर्फ सूरज का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ लूट, हत्या के प्रयास और एनडीपीएस एक्ट समेत करीब 10 मामले पहले से दर्ज है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचने और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## डीडीयू बाइपास रेल लाइन परियोजना अंतिम चरण में

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) रेल मंडल द्वारा तैयार की गई एक महत्वाकांक्षी बाइपास रेल परियोजना बक्सर और विशेषकर चौसा के आर्थिक विकास के लिए सबसे बड़ी "गेम-चेंजर" साबित होने वाली है। यह नई लाइन डीडीयू मंडल के गंज ख्वाजा स्टेशन को सीधे कुछमन स्टेशन से जोड़ती है। लगभग 2.66 किलोमीटर लंबी यह नई ब्रॉड गेज बाइपास लाइन न सिर्फ क्षेत्र में माल परिवहन की रफ्तार को दोगुना करेगी, बल्कि बक्सर और चौसा को पूर्वांचल व बिहार के सीमावर्ती इलाकों का एक बड़ा इंडस्ट्रियल हब बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। वर्तमान में इस महत्वपूर्ण लाइन का सिविल कंस्ट्रक्शन और ट्रैक बिछाने का मुख्य काम रेलवे द्वारा लगभग पूरा कर लिया गया है और यह परियोजना पूरी तरह से क्रियाशील होने के अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है। वर्तमान रेल व्यवस्था के तहत झारखंड या धनबाद की कोयला खदानों से आने वाली मालगाड़ियों को बक्सर-पटना रूट पर आगे बढ़ने के लिए डीडीयू जंक्शन के मुख्य यार्ड में जाना पड़ता था। अभी डीडीयू जंक्शन से रोज़ाना लगभग 175 यात्री ट्रेनें और 150 मालगाड़ियां गुज़रती हैं। निर्माण पूरा, अब अंतिम परीक्षण का दौर रेलवे ने इस रूट पर मिट्टी भराई, कंक्रीट के बड़े और छोटे पुलों का निर्माण तथा पटरियां बिछाने का मुख्य कार्य पूरी तरह संपन्न कर लिया है। अब यह परियोजना अपने सबसे महत्वपूर्ण दौर में है। रेलवे प्रशासन द्वारा इस नवनिर्मित रूट पर सुरक्षा और तकनीकी मानकों को जांचने के लिए ट्रायल रन और इंजन चलाकर टेस्टिंग की प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। ट्रेनों को पटना और गया सेक्शन की ओर मोड़ने में मदद करेगी इस बड़ी समस्या को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए रेलवे ने एक बेहद सटीक और छोटा रूट तैयार किया है। नई लाइन के बन जाने से अब कोयले की गाड़ियां डीडीयू स्टेशन के मुख्य यार्ड में प्रवेश ही नहीं करेंगी। वे गंजख्वाजा से इस नए 2.66 किलोमीटर के बाइपास ट्रैक को पकड़ेंगी और सीधे कुछमन स्टेशन होते हुए बक्सर-चौसा के मुख्य रूट पर आ जाएंगी। यह नई लाइन एक वैकल्पिक रास्ता देगी और आपात स्थिति में ट्रेनों को पटना और गया सेक्शन की ओर मोड़ने में मदद करेगी। चौसा थर्मल पावर प्लांट के लिए "लाइफलाइन" बनेगी यह बाइपास लाइन 1320 मेगावॉट के बक्सर थर्मल पावर प्लांट, जो कोयला-आधारित बिजली प्रोजेक्ट है, की एक यूनिट नवंबर से ही शुरु हो चुकी है (जिसका उद्घाटन 22 अगस्त को हुआ था) और दूसरी यूनिट भी जल्द ही पूरी होने वाली है। इसे सुचारू रूप से चलाने और बिना किसी रुकावट के बिजली उत्पादन के लिए रोजाना हजारों टन कोयले की आवश्यकता होगी। इस जरूरत को पूरा करने के लिए रेलवे ने मुख्य बाइपास के साथ-साथ बक्सर-चौसा स्टेशन से सीधे पावर प्लांट परिसर के भीतर तक एक अत्याधुनिक रेलवे साइडिंग (विशेष ट्रैक) का निर्माण भी पूरा कर लिया है। इस शॉर्टकट रास्ते से खदानों का कोयला बिना किसी देरी के सीधे पावर प्लांट के अंदर पहुंचेगा, जहां आधुनिक "वैगन टिपलर" सिस्टम के जरिए पूरी मालगाड़ी से कोयला बेहद कम समय में ऑटोमैटिक तरीके से अनलोड कर लिया जाएगा। यह व्यवस्था सड़कों पर भारी ट्रकों के दबाव को कम करेगी, प्रदूषण से बचाएगी और बिजली घर को बिना किसी रुकावट के निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करेगी, जिससे बिहार और आसपास के राज्यों को पर्याप्त बिजली मिल सकेगी।

# ई-फार्मेसी के विरोध में बंद रहेंगी सभी दवा दुकानें

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** ऑनलाइन दवा बिक्री, अवैध ई-फार्मेसी और बड़ी कंपनियों की प्रीडेटरी प्राइसिंग के विरोध में 20 मई को भोजपुर जिले की दवा दुकानें बंद रहेंगी। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर भोजपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी बंद का समर्थन किया है। इसे लेकर शनिवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दवा दुकानदारों से संपर्क कर बंद को सफल बनाने को कहा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 19 मई की मध्यरात्रि 12 बजे से 20 मई की मध्यरात्रि 12 बजे तक थोक और खुदरा दवा दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी टकराव के लिए नहीं, बल्कि उपभोक्ता सुरक्षा, दवा व्यवसाय में पारदर्शिता और छोटे दवा व्यवसायियों के अस्तित्व को बचाने के लिए किया जा रहा है। ऑनलाइन दवा बिक्री पर जताई चिंता संगठन ने कहा कि ई-फार्मेसी के जरिए बिना पर्याप्त निगरानी दवाओं की बिक्री हो रही है। एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार उपयोग, फर्जी पर्चियों पर दवा आपूर्ति, एंटीबायोटिक और नारकोटिक दवाओं की आसान उपलब्धता जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। इसके अलावा मरीज और फार्मासिस्ट के बीच प्रत्यक्ष संवाद खत्म होने से गलत दवा उपयोग का खतरा भी बढ़ा है। साथ ही एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) जैसी गंभीर समस्या को भी बढ़ावा मिल सकता है। छोटे दुकानदारों पर संकट पंकज कुमार सिंह ने कहा कि बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां भारी छूट देकर बाजार में असंतुलन पैदा कर रही हैं। इसका सबसे अधिक असर छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों के दवा दुकानदारों पर पड़ रहा है। इस तरह की प्रतिस्पर्धा से छोटे केमिस्टों का अस्तित्व खतरे में है और बाजार में एकाधिकार की स्थिति बन रही है। 20 मई की दवा दुकानदारों की हड़ताल से मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। अधिकांश मेडिकल दुकानें बंद रहने की संभावना है। डायबिटीज, बीपी और इमरजेंसी दवाओं की खरीद पहले हीं कर लेनी होगी, अस्पतालों के मेडिकल स्टोर या पहले से स्टॉक पर निर्भर रहना होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी पोस्ट ऑफिस में पार्सल से 310 ग्राम गांजा बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी नगर मुख्यालय स्थित स्टेशन रोड के डाकघर में पार्सल से गांजा बरामद होने का मामला सामने आया है। डाक विभाग और पुलिस की सतर्कता के कारण नशीले पदार्थ की खेप डिलीवरी से पहले ही पकड़ ली गई। बरामद गांजे का वजन करीब 310 ग्राम बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार संदिग्ध पार्सल की जांच के दौरान कर्मचारियों को उसमें आपत्तिजनक सामग्री होने की आशंका हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पार्सल की तलाशी ली, जिसमें गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत गांजा जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि पार्सल कहां से भेजा गया था और इसे किस व्यक्ति तक पहुंचाया जाना था। अधिकारियों का कहना है कि डाकघर के रिकॉर्ड और पार्सल से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

### हाजीपुर में पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, परिजन ने जताई हत्या की आशंका

**हाजीपुर**। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर रविवार की रात तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना सदर थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन के पास की है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल युवक को एक महिला ने मानवता का परिचय देते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के लोदीपुर वार्ड संख्या-35 निवासी स्वर्गीय जामुन राय के पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप वैन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान एक महिला ने घायल युवक को टेंपो पर बैठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया। महिला की इस पहल की लोग सराहना कर रहे हैं। परिजनों के मुताबिक राजेश कुमार रविवार को घर से बाइक लेकर निकले थे। रात करीब आठ बजे वह एनएच-22 के पूर्वी लेन स्थित पुलिस लाइन के पास पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन तब तक युवक गंभीर रूप से घायल हो चुका था।

### डेढ़ घंटे में 3 ट्रेनों पर पथराव, वंदे भारत एक्सप्रेस के 3 कोच के शीशे टूटे, सीसीटीवी खंगाल रही रेल पुलिस

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में रविवार शाम डेढ़ घंटे में 3 ट्रेनों पर पथराव हुआ। इन ट्रेनों में देश की प्रीमियम ट्रेन पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है। इस गाड़ी के तीन कोचों के शीशे आंशिक रूप से टूटे हैं। इसके अलावा ट्रेन संख्या 15550 पटना-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस पर भी अलग-अलग जगहों पर पथराव हुआ है। तीनों घटना मुजफ्फरपुर जंक्शन और रामदयालु नगर स्टेशन के बीच की है। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के अधिकारियों के अनुसार, वंदे भारत एक्सप्रेस में सुरक्षा के लिहाज से लगे सीसीटीवी CCTV के फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि पत्थरबाजों की पहचान की जा सके। बताया जा रहा कि रविवार शाम सबसे पहले सबसे पहले ट्रेन संख्या 26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस पर मझौलिया और खबरा के पास पत्थर फेंका गया। इसके तुरंत बाद इसी रूट पर इंटरसिटी एक्सप्रेस और लिच्छवी एक्सप्रेस पर पथराव हुआ। एक साथ तीन ट्रेनों पर पत्थरबाजी की सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर आरपीएफ (RPF) और हाजीपुर आरपीएफ की टीम तुरंत हरकत में आ गईं और घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी। मुजफ्फरपुर रेल एसपी वीणा कुमारी ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की सूचना मिली थी। इसी दौरान अन्य ट्रेनों पर भी पत्थर फेंके जाने की घटनाएं सामने आई हैं। रेल पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुछ लोग रेलवे लाइन किनारे खड़े थे और ट्रेन गुजरने के दौरान उस पर पत्थर फेंके गए। शुरुआती जांच और स्थानीय इनपुट के आधार पर रेलवे पुलिस को आशंका है कि ट्रैक के किनारे खेल रहे बच्चों ने खेल-खेल में पत्थरबाजी की होगी। हालांकि, पुलिस इस मामले में किसी भी अन्य साजिश के पहलू को खारिज नहीं कर रही है। आरपीएफ और स्थानीय पुलिस आसपास के गांवों में भी पूछताछ कर रही है ताकि इस गंभीर घटना के असली जिम्मेदारों को पकड़ा जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### 'तेजस्वी यादव की समझ छोटी और बुद्धिहीन'

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की समझ छोटी है और उन्हें Agitation और Education का अंतर तक समझ नहीं आता। मुजफ्फरपुर जिला स्कूल में एडमिशन ले लें, सरकार उनकी विशेष चिंता करेगी। एक साल में वह इतना पढ़-लिख जाएंगे कि दोनों शब्दों का फर्क समझ पाएंगे। मिथिलेश तिवारी ने कहा कि उन्होंने कई बार नेता प्रतिपक्ष से पढ़ाई करने का आग्रह किया है। अब जबकि वह बिहार के शिक्षा मंत्री हैं, तो इस नाते कहना चाहते हैं कि बिहार के छात्र-छात्राओं के साथ कुछ अशिक्षित नेताओं को भी पढ़ने की जरूरत है, जिसमें सबसे ऊपर नेता प्रतिपक्ष हैं। विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है और छात्रों के पीछे छिपकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रहा है। TRE-4 के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभ्यर्थी अपनी तैयारी में जुट जाएं क्योंकि बहुत जल्द बिहार सरकार बड़ी खुशखबरी देने वाली है। उन्होंने दावा किया कि सरकार जल्द ऐसी घोषणा करेगी जिससे अभ्यर्थियों के सपने साकार होंगे। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे उन नेताओं से बचें जो सिर्फ अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए आंदोलन करा रहे हैं। सरकार अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा करेगी और जल्द बेहतर सूचना दी जाएगी। अपने ऊपर लगे 50 लाख रुपए के गबन के आरोपों पर भी मिथिलेश तिवारी ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार हैं। विपक्ष पुराने मामलों को उठाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है और उनके वकीलों ने करीब 50 लोगों के खिलाफ FIR भी दर्ज कराई है। आगे की कार्रवाई भी कानूनी रूप से की जाएगी। इस दौरान शिक्षा मंत्री सोमवार को मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीब नाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि बाबा गरीब नाथ मंदिर हिन्दुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। बचपन से वह यहां पूजा करते आ रहे हैं। शिक्षा मंत्री बनने के बाद उन्होंने बाबा गरीब नाथ से बच्चों, युवाओं और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, पोल्ट्री फार्म की आड़ में चल रहा था कारोबार

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर पुलिस ने कथैया थाना क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म की आड़ में चल रही विदेशी शराब मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से 137 लीटर तैयार विदेशी शराब और लगभग 30 लीटर स्प्रिट जब्त की गई है। 2 तस्करों की भी गिरफ्तारी हुई है। इसके अलावा विदेशी शराब बनाने के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, 180 मिलीलीटर की 7000 खाली प्लास्टिक बोतलें, ब्रांडेड कंपनियों के नकली रैपर, स्टीकर बरामद की गई। गिरफ्तार धंधेबाजों की पहचान रामपुर भेड़ियाही निवासी टुनटुन कुमार(21) और नेपाल के मोरंग जिला निवासी दिनेश कुमार (22) के तौर पर हुई है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पूरे जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सरसियां जगदीश स्थित रौशन सिंह के पोल्ट्री फार्म पर छापा मारा। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि घटनास्थल से मिले सभी साक्ष्यों की विधिवत जब्ती सूची(सीजर लिस्ट) तैयार कर ली गई है। पुलिस टीम ने इस रैकेट से जुड़े लगभग आधा दर्जन अन्य शातिर शराब कारोबारियों को भी पूरी तरह चिन्हित कर लिया है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

# पटना ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई छह शातिर अपराधी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना ग्रामीण पुलिस को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पंडारक और दनियावां थाना क्षेत्र के टॉप-10 कुख्यात अपराधी भी शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से हथियार, कारतूस, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। सोमवार को फतुहा एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और पुलिस को इनपुट मिला था कि कुछ अपराधी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में जुटे हैं। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पहली कार्रवाई बाढ़ अनुमंडल के पंडारक थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सरहन डैम्प के पास चार से पांच अपराधी हथियार के साथ जमा हुए हैं और किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही नवनीत राय के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही अपराधियों में अफरातफरी मच गई, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार अपराधियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधियों में पंडारक थाना का टॉप-10 अपराधी सुमित कुमार उर्फ जेलर भी शामिल है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा तीरथ कुमार, संदीप कुमार उर्फ हन्नी और रंजन कुमार उर्फ कारू को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से चार देशी कट्टा, दस जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और तीन मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। सभी हथियारों को जब्त कर लिया गया है और अपराधियों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। दूसरी कार्रवाई दनियावां थाना क्षेत्र में की गई, जहां वर्ष 2023 के चर्चित हत्या कांड के दो फरार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करण पासवान उर्फ राम करण कुमार और उसके पिता देवनंदन पासवान के रूप में हुई है। दोनों मड़वा गांव के निवासी बताए जाते हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और हत्या मामले के गवाहों को लगातार धमकी देकर डराने का प्रयास कर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर अनिल प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## कैटरर गोदाम में लगी आग, 4 दमकल की गाड़ियों ने बुझाई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। पटना में सोमवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कार्यालय के सामने स्थित कैटरर के गोदाम में आग लग गई। घटना के बाद दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों से सामान निकालने में जुट गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गोदाम से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ, जिसके कुछ ही देर बाद आग तेजी से फैल गई।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। पुलिस बल भी मौके पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाने में जुटा रहा।

**शॉर्ट सर्किट की आशंका:** आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में लाखों रुपये के सामान के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल मौके पर चार गाड़िया पहुंची है। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है।किसी प्रकार की जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई है। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## अटल पथ सर्विस लेन पर नहीं चलेंगी गाड़ियां, मानसून से पहले सीवरेज का काम होगा पूरा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना में मानसून से पहले सीवरेज के काम को पूरा करने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको) द्वारा दीघा-कंकड़बाग सीवरेज परियोजना के तहत पाटलिपुत्र अंचल में यातायात व्यवस्था में 12 दिन तक अस्थायी बदलाव किया गया है। आज से 30 मई तक अटल पथ सर्विस लेन और एएन कॉलेज से राजीव नगर अंडरपास के समीप स्थित बियाडा गेट से सामान्य वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। पाटलिपुत्र क्षेत्र के कुछ प्रमुख मार्गों पर सामान्य वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से प्रतिबंधित रहेगी। राजीव नगर अंडरपास के समीप स्थित बियाडा गेट से सामान्य वाहनों का आवागमन निर्धारित अवधि तक बंद रहेगा। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक रास्ते के रूप में बियाडा रोड होते हुए अटल पथ का उपयोग करना होगा। वहीं, एएन कॉलेज से राजीवनगर अंडरपास तक अटल पथ की सर्विस लेन में भी सामान्य वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

इस दौरान केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी। यह कदम आगामी मानसून से पहले सीवरेज और हाउस कनेक्शन के कामों को तेजी से पूरा करने के उद्देश्य से उठाया गया है। दीघा और कंकड़बाग स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का संचालन शुरू हो चुका है, लेकिन घरों से कनेक्शन का काम अभी पूरा नहीं हो सका है।

# नरकटियागंज और सिकटा तक बढ़ी मेमू ट्रेनों की सेवा, यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**हाजीपुर**। यात्रियों की सुविधा और बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में पूर्व मध्य रेलवे ने बड़ा कदम उठाते हुए दो मेमू ट्रेनों के मार्ग विस्तार की शुरुआत की है। रविवार को नरकटियागंज स्टेशन पर आयोजित समारोह में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे तथा वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार ने उद्घाटन स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिकटा विधायक समृद्ध वर्मा भी मौजूद रहे। रेल प्रशासन की ओर से गाड़ी संख्या 63373/74 दरभंगा-रक्सौल मेमू पैसेंजर का परिचालन नरकटियागंज तक तथा गाड़ी संख्या 63313/14 मुजफ्फरपुर-रक्सौल मेमू पैसेंजर का विस्तार सिकटा तक किया गया है। इस नई व्यवस्था से नरकटियागंज, सिकटा और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को दरभंगा, मुजफ्फरपुर और रक्सौल के लिए बेहतर और सुगम रेल संपर्क सुविधा मिलेगी। रेल अधिकारियों ने बताया कि मेमू ट्रेनों के मार्ग विस्तार से दैनिक यात्रियों, छात्रों, व्यवसायियों और आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इससे यात्रा में समय की बचत होगी और क्षेत्रीय व्यापार एवं आवागमन को भी बढ़ावा मिलेगा। रेलवे प्रशासन लगातार सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर रेल सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है। 18 मई 2026 से गाड़ी संख्या 63373 दरभंगा-रक्सौल-नरकटियागंज मेमू अपने निर्धारित समय शाम 6:45 बजे दरभंगा से खुलेगी और रात 11:40 बजे रक्सौल पहुंचेगी। इसके बाद रक्सौल से रात 11:55 बजे प्रस्थान कर भेलवा, सिकटा, मर्जदवा और गोखुला होते हुए रात 1:55 बजे नरकटियागंज पहुंचेगी। वापसी में 19 मई 2026 से गाड़ी संख्या 63374 नरकटियागंज-रक्सौल-दरभंगा मेमू रात 2:35 बजे नरकटियागंज से खुलेगी और निर्धारित ठहरावों पर रुकते हुए सुबह 8:45 बजे दरभंगा पहुंचेगी। इसी तरह 18 मई 2026 से गाड़ी संख्या 63313 मुजफ्फरपुर-रक्सौल-सिकटा मेमू शाम 6:40 बजे मुजफ्फरपुर से खुलेगी और रात 10:45 बजे रक्सौल पहुंचेगी। वहां से रात 11 बजे रवाना होकर भेलवा होते हुए रात 11:55 बजे सिकटा पहुंचेगी। वापसी में 19 मई 2026 से गाड़ी संख्या 63314 सिकटा-रक्सौल-मुजफ्फरपुर मेमू सुबह 4 बजे सिकटा से खुलेगी और अपने निर्धारित समय एवं ठहरावों के साथ सुबह 9:35 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। रेल यात्रियों ने इस नई सुविधा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे सीमावर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी।

# बिहटा-शिवाला रोड पर दो हाइवा ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, ब्रेक फेल होने से हादसा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

### सड़क पर लगा लंबा जाम, लोग बाल-बाल बचे



**पटना**। पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में सोमवार को बिहटा-शिवाला मुख्य मार्ग पर अहियापुर मुसहरी के पास दो हाइवा ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों ट्रक सड़क पर ही फंस गए, जिससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी के मुताबिक, एक बालू लदा हाइवा ट्रक बिहटा से शिवाला की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा हाइवा ट्रक विपरीत दिशा से बिहटा की ओर आ रहा था। अहियापुर मुसहरी के पास दोनों वाहनों की सीधी भिड़ंत हो गई। एक चालक ने बताया कि ट्रक का ब्रेक फेल हो जाने के कारण हादसा हुआ।

**बाल-बाल बचे लोग, घंटों लगा रहा जाम:** स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों ट्रकों की रफ्तार ज्यादा नहीं थी, जिसके कारण बड़ा हादसा टल गया। हादसे के दौरान आसपास मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। टक्कर के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दोनों भारी वाहनों के सड़क पर फंस जाने से आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। काफी मशक्कत के बाद ट्रकों को हटाकर सड़क किनारे किया गया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

**स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल:** स्थानीय लोगों का कहना है कि दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड निर्माण शुरू होने के बाद इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही और तेज रफ्तार काफी बढ़ गई है। बालू और मिट्टी लदे ओवरलोड ट्रक बिना सुरक्षा मानकों के सड़क पर दौड़ रहे हैं, जिससे छोटे वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है और हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और निर्माण एजेंसियां इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही हैं।

**पुलिस बोली- सूचना नहीं मिली:** इधर, बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि, 'घटना की आधिकारिक सूचना स्थानीय लोगों की ओर से नहीं दी गई है। सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने कहा कि, 'ओवरलोडिंग और भारी वाहनों के खिलाफ जिला खनन विभाग के साथ मिलकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दिन और रात दोनों समय जांच अभियान चलाकर जुर्माना भी लगाया जा रहा है।'

## मसौढ़ी में चोरी हुई राम-जानकी मंदिर की अष्टधातु मूर्तियां बरामद

### पुलिस दबिश के बाद सड़क किनारे छोड़कर फरार हुए चोर





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के शाहाबाद पंचायत स्थित छाता गांव के रामजानकी मंदिर से चोरी हुई अष्टधातु की मूर्तियां आखिरकार बरामद कर ली गई हैं। पुलिस की लगातार दबिश और छापेमारी से घबराए चोर मूर्तियों को शाहाबाद-लखनौर सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। मूर्तियों की बरामदगी के बाद गांव में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार बीते 16 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने ठाकुरबाड़ी स्थित रामजानकी मंदिर के गर्भगृह से भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु मूर्तियां चोरी कर ली थीं। घटना के बाद मंदिर की महिला पुजारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस लगातार मामले की जांच और छापेमारी में जुटी हुई थी।

सोमवार की सुबह करीब 11 बजे शाहाबाद-लखनौर मार्ग से गुजर रहे लोगों की नजर सड़क किनारे रखी मूर्तियों पर पड़ी। देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

स्थानीय मुखिया रवि प्रकाश ने बताया कि पुलिस की लगातार कार्रवाई के कारण चोर दबाव में आ गए थे और मूर्तियों को सड़क किनारे छोड़कर भाग निकले। ग्रामीणों ने मूर्तियों की बरामदगी को आस्था की बड़ी जीत बताया।

पुलिस ने बरामद मूर्तियों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि चोरी की घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की भी तैयारी की जा रही है।

इधर एक अन्य मामले में चोरी हुई मां सिंहवाहिनी की मूर्ति को भी पुलिस ने आंती थाना क्षेत्र के एक सुनसान इलाके से बरामद किया है। गुरुवार को बरामद मूर्ति को कलेक्ट्रेट परिसर लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।

# स्कूल शिक्षक को गोली मारने वाले का एनकाउंटर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना में एक शिक्षक से लूटपाट और गोलीबारी के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक अपराधी घायल हो गया, जबकि दूसरे को हिरासत में लिया गया। घायल अपराधी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शिक्षक के साथ लूटपाट और गोलीबारी करने वाले अपराधी संदीप उर्फ बादल है। वह अपने साथी प्रिंस के साथ ट्रांसपोर्ट नगर के पास हाईवे से लगे गेल सीएनजी पेट्रोल पंप के पास भगवत नगर पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही संदीप उर्फ बादल ने उन पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें बादल के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद उसे और उसके साथी प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अपराधी संदीप उर्फ बादल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस को देखते ही अपराधी ने फायरिंग की: SSP:** पटना SSP कार्तिकेय शर्मा ने कहा, कुछ दिनों पहले एक टीचर से छिनतई के दौरान गोली मारी गई थी। आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी की गई। घायल बदमाश का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। घटना में इस्तेमाल बाइक और हथियार भी बरामद कर लिया गया है। घायल शिक्षक की पहचान 48 वर्षीय शंभू कुमार के रूप में हुई है, जो नालंदा के चंडी स्थित सरकारी विद्यालय में कार्यरत हैं। उन्हें इलाज के लिए एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, शंभू कुमार पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे और नेशनल हाईवे पर गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उनसे बैग और मोबाइल लूटने का प्रयास किया। जब शिक्षक ने विरोध किया तो अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके गले के नीचे लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद अपराधी उनका बैग और मोबाइल लेकर फरार हो गए।

यह घटना नेशनल हाईवे स्थित नरल पेट्रोल पंप के पास मिश्रा वैली स्कूल के समीप हुई। शिक्षक को गोली मारने की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें सुबह 4:19 बजे दो बदमाश एक बाइक पर आते दिख रहे हैं। फुटेज में बाइक सवार दो अपराधी शिक्षक को गोली मारने के बाद मौके से फरार होते दिखाई दिए। पूरी वारदात पेट्रोल पंप के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। इसी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

# पेंशन भुगतान में देरी पर झारखंड हाई कोर्ट सख्त, कहा- 40 साल सेवा देने वालों के साथ अन्याय स्वीकार नहीं

**एजेंसी। रांची**




झारखंड उच्च न्यायालय ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन और बकाया वेतनमान लाभ नहीं दिए जाने के मामले में राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जिन कर्मचारियों ने चार दशक तक अपनी सेवाएं दीं, उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके वैधानिक अधिकारों से वंचित रखना दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने बसंत कुमार साहू समेत 15 प्रार्थियों द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिए। अदालत ने स्पष्ट कहा कि यदि अगली सुनवाई, जो 22 जून को निर्धारित है, तक प्रार्थियों को पेंशन और पंचम से सप्तम वेतनमान तक का बकाया भुगतान नहीं किया गया, तो उच्च शिक्षा निदेशक का वेतन रोक दिया जाएगा। मामले में प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता प्रेम पुजारी ने अदालत में पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के पूर्व आदेशों के बावजूद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब तक उनका वैधानिक लाभ नहीं दिया गया है। इस पर अदालत ने अधिकारियों की लापरवाही पर असंतोष जताते हुए कहा कि बार-बार आश्वासन देने के बावजूद आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक चौथी बार अदालत में उपस्थित हुए। इस बार वह वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। इससे पहले हुई तीन सुनवाई में उन्होंने अदालत को अंडरटेकिंग देकर भरोसा दिलाया था कि प्रार्थियों को शीघ्र पेंशन और बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी बीएन जालान कॉलेज और सिसई, गुमला के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी रहे हैं। वे वर्ष 2022-23 में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्हें पेंशन और चतुर्थ से सप्तम वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा रहा है, जबकि रांची विश्वविद्यालय ने वर्ष 2005 में ही उनके सेवा समायोजन को मान्यता प्रदान कर दी थी। इसके बावजूद उच्च शिक्षा विभाग की ओर से उनके सेवा समायोजन को स्वीकृति नहीं दी गई। परिणामस्वरूप समान पदों पर कार्यरत अन्य कर्मचारियों को जहां सप्तम वेतनमान का लाभ मिल रहा है, वहीं प्रार्थी अब भी चतुर्थ वेतनमान का ही लाभ लेने को मजबूर हैं।

झारखंड उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने वर्ष 2024 में ही प्रार्थियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए पेंशन और बकाया राशि के भुगतान का आदेश दिया था। आदेश का पालन नहीं होने पर कर्मचारियों ने अवमानना याचिका दायर की। इसके बाद वर्ष 2025 में अदालत ने पुनः सरकार को निर्देश दिया कि प्रार्थियों को सभी सेवा लाभ और बकाया राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से यह दलील दी गई कि एकल पीठ के आदेश के खिलाफ अपील दायर की गई है। इस पर प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि सरकार की अपील अभी भी त्रुटिपूर्ण है और उस पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अपील लंबित रहने का यह अर्थ नहीं है कि कर्मचारियों के पेंशन और वेतन पुनरीक्षण संबंधी लाभ रोके जाएं।

## चाकूबाजी मामले का आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**




किरीबुरू थाना क्षेत्र स्थित मिलन चौक में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपित कालू करूआ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपित को किरीबुरू थाना प्रभारी रोहित कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, 16 मई की देर शाम मिलन चौक निवासी 32 वर्षीय चंद्रमोहन गोप पर करूआ बस्ती निवासी कालू करूआ ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल युवक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह मजदूरी कर घर लौटने के बाद पास की दुकान से सामान लेने गया था। उसी दौरान वहां मौजूद कालू करूआ उससे तमिल भाषा में कुछ बोलने लगा। भाषा समझ नहीं आने पर उसने इसे सामान्य मजाक समझते हुए जवाब दिया, जिससे आरोपी अचानक नाराज हो गया और चाकू निकालकर उसके गले पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपित ने बेहद आक्रामक तरीके से वार किया, जिससे चंद्रमोहन गोप लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को सेल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया। चिकित्सकों के अनुसार अब उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई थी। थाना प्रभारी रोहित कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपित की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## निर्माण के कुछ दिन बाद ही टूटने लगी है 52 करोड़ से बनी सड़क

**एजेंसी। खूंटी**



खूंटी-तोरपा मुख्य पथ की बदहाल स्थिति एक बार फिर सवालों के घेरे में है। करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क की मरम्मत कराए जाने के बावजूद कई जगहों पर सड़क टूटने लगी है। ममरला से रिड़ूम गांव के बीच सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग डेढ़ वर्ष पहले करीब 52 करोड़ रुपये की लागत से इस सड़क की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क की परत उखड़ने लगी और अब कई हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ग्रामीणों और वाहन चालकों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। सड़क पर बने गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। अब तक दर्जनों दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिर चुके हैं, जिनमें कई लोग घायल भी हुए हैं। खासकर रात के समय और तेज रफ्तार वाहनों के दौरान हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। इस मामले को तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने विधानसभा में भी उठाया था। विधायक ने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। बावजूद इसके अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन से संपर्क नहीं हो सका।

# एआई आधारित शिक्षा से बदलेगा भविष्य, झारखंड के छात्रों के लिए नए अवसर लेकर आई चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी

**एजेंसी। रांची**




तेजी से बदलती तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित दुनिया में उच्च शिक्षा का स्वरूप भी तेजी से परिवर्तित हो रहा है। उद्योग आधारित और वैश्विक स्तर की शिक्षा की बढ़ती मांग के बीच उत्तर प्रदेश के उन्नाव में 2,500 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित देश की पहली एआई ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी अब पूर्वी भारत, विशेषकर झारखंड के छात्रों के लिए नए अवसरों का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रही है। यह बातें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. डॉ. टी.पी. सिंह ने रांची में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि एआई अब केवल तकनीक तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह भविष्य के रोजगार, नवाचार और आर्थिक विकास की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। ऐसे समय में छात्रों को पारंपरिक शिक्षा के बजाय आधुनिक तकनीक और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना आवश्यक हो गया है। प्रो. डॉ. सिंह ने कहा कि झारखंड प्रतिभाशाली और मेहनती युवाओं की भूमि है। यहां के छात्र शिक्षा, तकनीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं। हालांकि, विश्वस्तरीय तकनीकी संसाधनों और उद्योग आधारित शिक्षा के अभाव में उन्हें बेहतर अवसरों के लिए बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी इस अंतर को कम करने का प्रयास कर रही है, ताकि छात्रों को अपने क्षेत्र के अपेक्षाकृत नजदीक ही वैश्विक स्तर की आधुनिक शिक्षा उपलब्ध हो सके। विश्वविद्यालय का लक्ष्य भारत को वैश्विक एआई हब के रूप में स्थापित करना और युवाओं को इंडस्ट्री-रेडी बनाना है। प्रो. डॉ. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षा और उद्योग जगत के बीच की दूरी कम करने की दिशा में काम कर रहा है।

विद्यार्थियों को शुरुआत से ही लाइव प्रोजेक्ट्स, रिसर्च, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और रोजगारपरक कौशल से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे पढ़ाई पूरी करने के बाद सीधे उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप काम कर सकें। उन्होंने कहा कि एआई आधारित शिक्षण, आधुनिक प्रयोगशालाओं और वैश्विक इंडस्ट्री पार्टनरशिप के जरिए छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा और शोध के अवसर मिल रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान विश्वविद्यालय प्रबंधन ने रांची में अपने प्रवेश एवं स्कॉलरशिप पोर्टल 'सीयूसीईटी 2026' की औपचारिक शुरुआत की। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह केवल प्रवेश परीक्षा नहीं, बल्कि छात्रों को स्कॉलरशिप, आधुनिक शिक्षा और वैश्विक करियर अवसरों से जोड़ने वाला मंच है। विश्वविद्यालय ने मेधावी और जरूरतमंद छात्रों के लिए 50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप योजना की भी घोषणा की है। प्रो. डॉ. टी.पी. सिंह ने बताया कि पहले ही शैक्षणिक सत्र में 2,000 से अधिक विद्यार्थियों को करोड़ों रुपये की स्कॉलरशिप दी जा चुकी है। विश्वविद्यालय ने गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम सहित 23 से अधिक अग्रणी कंपनियों के साथ एमओयू किए हैं। इन साझेदारियों के माध्यम से पाठ्यक्रमों को उद्योग की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही नई तकनीकों और व्यावहारिक अनुभव का लाभ मिल सके। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विश्वविद्यालय ने 68 एआई-एनहैंस्ड और इंडस्ट्री-अलाइनड प्रोग्राम्स शुरू किए हैं। इनमें अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट और लेटरल एंट्री कोर्स शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के जरिए छात्रों को डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम रिसर्च, एआई और मशीन लर्निंग जैसी भविष्य की तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा। न ने बताया कि स्टार्टअप और इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए 'कैंपस टैंक' और 'सीयू एआई स्पेस' जैसे प्लेटफॉर्म शुरू किए गए हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को फंडिंग, इनक्यूबेशन और पेटेंट सपोर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रो. डॉ. टी.पी. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को केवल नौकरी पाने योग्य बनाना नहीं, बल्कि उन्हें रोजगार सृजित करने वाला उद्यमी बनाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य उन्हीं छात्रों का होगा, जो नई तकनीकों के साथ खुद को तेजी से ढाल पाएंगे। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी इसी उद्देश्य के साथ छात्रों को आधुनिक शिक्षा, शोध, कौशल विकास और वैश्विक अवसरों से जोड़ने का कार्य कर रही है।

## जमशेदपुर के शंकोसाई में खड़ी तीन बसों में लगी आग, दो बसें जलकर खाक, साजिश की आशंका के बीच जांच तेज

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के उलीडीह थाना क्षेत्र स्थित शंकोसाई रोड नंबर-1 में सोमवार तड़के करीब तीन बजे खड़ी तीन बसों में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में दो बसें पूरी तरह जलकर राख हो गईं, जबकि तीसरी बस को अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद बड़े नुकसान से बचा लिया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात अचानक बसों से उठती तेज लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। इसके बाद तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने काफी देर तक कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दो बसें पूरी तरह जल चुकी थीं। तीसरी बस को आंशिक नुकसान पहुंचा है। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बसों के ऊपर से गुजर रही बिजली की मुख्य लाइन भी इसकी चपेट में आ गई। आग लगने से बिजली की केबल जल गई, जिससे आसपास के कई इलाकों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बाद में बिजली विभाग की टीम को बुलाकर क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची उलीडीह थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा बीएसएफ में डीआईजी नियुक्त

**रांची।** झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। गृह मंत्रालय ने उन्हें सीमा सुरक्षा बल में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को राज्य पुलिस सेवा के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। गृह मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा की नियुक्ति मौजूदा रिक्त पद के विरुद्ध केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के आधार पर की गई है। मंत्रालय ने झारखंड सरकार को निर्देश दिया है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाए, ताकि वे केंद्र सरकार में अपनी नई जिम्मेदारी जल्द संभाल सकें। जारी आदेश की प्रतिलिपि झारखंड के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तथा बीएसएफ मुख्यालय को भी भेज दी गई है। सुरेंद्र कुमार झा को एक कुशल, अनुशासित और अनुभवी पुलिस अधिकारी के रूप में जाना जाता है। उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता की अक्सर सराहना की जाती रही है। बीएसएफ जैसे महत्वपूर्ण केंद्रीय सुरक्षा बल में डीआईजी पद पर उनकी नियुक्ति को न केवल उनके व्यक्तिगत करियर की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## बिरसा मुंडा जेल कांड : भाजपा ने हेमंत सरकार पर बोला हमला, जेल अधीक्षक पर लगाए गंभीर आरोप

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिरसा मुंडा जेल कांड को लेकर लगातार दूसरे दिन भी राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला। पार्टी ने मामले को "कस्टोडियल रेप" बताते हुए न्यायिक जांच और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग की। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने जेल अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि स्वयं को ईमानदार और सम्मानित अधिकारी बताने वाले कुमार चंद्रशेखर पर पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। अजय साह ने दावा किया कि देवघर में पदस्थापना के दौरान एक महिला शिक्षिका ने कुमार चंद्रशेखर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था, लेकिन सत्ता और प्रभाव के कारण मामला दबा दिया गया। इसके बाद देवघर में ही एक होमगार्ड महिला ने भी उन पर शोषण का आरोप लगाया था। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि हजारीबाग जेल में कुख्यात अपराधी विकास तिवारी को संरक्षण देने के मामले में भी कुमार चंद्रशेखर दोषी पाए गए थे। उन्होंने आगे कहा कि हजारीबाग में पदस्थापना के दौरान एक सिपाही की पत्नी के शोषण के आरोप भी उन पर लगे थे। भाजपा प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि यदि महिला कैदी के साथ यौन शोषण नहीं हुआ था, तो 17 मई को गर्भावस्था जांच कराने की जरूरत क्यों पड़ी।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू**
**केन्द्र प्रयोजित "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" अन्तर्गत**

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 469/मत्स्य/राँची, दिनांक 09/04/2026 के आलोक में पलामू जिले के सभी जनजातीय समुदाय के सदस्यों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रयोजित योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा **"धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना"** नई योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारम्भ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रयोजित–प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिषरण के माध्यम से बुनियादी ढाँचे स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बहुल गाँवों में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

**धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना** के ही कुछ कम्पोनेन्ट्स का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के समान है। इस योजना के तहत जनजातीय लाभुक जनित योजनाओं जिसमें Community Forest Resoures (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये है, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90प्रतिशत (केन्द्रांश60% : राज्यांश40%) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुकों के चयन की प्रक्रिया प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के समान हो जिला स्तर पर DLC एवं SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की आधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से पलामू जिला के 12 प्रखण्डों के कुल 91 आकांक्षी गाँवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्हीं गाँवों के जनजातीय लोगो से स्वीकार किया जाएगा।

**पलामू जिलान्तर्गत चिन्हित/आकांक्षी गाँवों की सूची इस प्रकार है :–**

| DISTRICT | BLOCK | PANCHAYAT | VILLAGE |
|---|---|---|---|
| PALAMU | BISHRAMPUR | BAGHMANWAN | Gharatia |
| PALAMU | BISHRAMPUR | GHANSIDAG | Jamari |
| PALAMU | CHAINPUR | BHABHANDI | Chenrabar |
| PALAMU | CHAINPUR | KARSO | Pachlewa |
| PALAMU | CHAINPUR | SEMRA | Khura Khurd |
| PALAMU | CHAINPUR | SALATUA | Bahera |
| PALAMU | CHAINPUR | BUDHIBIR | Jainagra |
| PALAMU | CHAINPUR | BHARGAONA | Kurka |
| PALAMU | CHAINPUR | AWSANE | Khapia |
| PALAMU | CHAINPUR | BASARIYA KALA | Sokra |
| PALAMU | CHAINPUR | BASARIYA KALA | Alagdiha |
| PALAMU | CHAINPUR | AWSANE | Duba |
| PALAMU | CHHATARPUR | PINDRAHI | Pindrahi |
| PALAMU | CHHATARPUR | PINDRAHI | Khendhora Khurd |
| PALAMU | CHHATARPUR | KAWAL | Kurkuta |
| PALAMU | CHHATARPUR | RUDWA | Okraha |
| PALAMU | CHHATARPUR | MURUMDAG | Sahi |
| PALAMU | CHHATARPUR | MURUMDAG | Kekri Kalan |
| PALAMU | CHHATARPUR | CHERAI(1) | Kekri Khurd |
| PALAMU | CHHATARPUR | MURUMDAG | Jaura |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Bisaipur |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Chilho Khurd |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Hulsam |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Chuchrumanr |
| PALAMU | CHHATARPUR | HUTTUKDAG | Hutukdag |
| PALAMU | LESLIGANJ | DABARA | Erua |
| PALAMU | LESLIGANJ | DABARA | Kubua |
| PALAMU | LESLIGANJ | PURNADIH | Urhulia |
| PALAMU | LESLIGANJ | JURU | Turkadih |
| PALAMU | MANATU | RANGEYA | Tanrwa |
| PALAMU | MANATU | PADAMA | Tetardih |
| PALAMU | MANATU | BANSHIKHURD | Bhitkila |
| PALAMU | MANATU | RANGEYA | Surgiya |
| PALAMU | MANATU | DUMARI | Kedal |
| PALAMU | MEDININAGAR | KAUDIYA | Chukru |
| PALAMU | MEDININAGAR | SUA | Sua |
| PALAMU | MEDININAGAR | KAUDIYA | Ganke |
| PALAMU | MEDININAGAR | KAUDIYA | Jorkat |
| PALAMU | MEDININAGAR | JHABAR | Pirhia |
| PALAMU | MEDININAGAR | JHABAR | Kundelwa |
| PALAMU | NAWA BAZAR | KUMBHI KALAN | Tamdaga |
| PALAMU | NAWA BAZAR | KUMBHI KALAN | Sohdag Kalan |
| PALAMU | NAWA BAZAR | KUMBHI KALAN | Mahugain |
| PALAMU | NAWA BAZAR | SOHDAGKHURD | Rajdiria |
| PALAMU | NAWDIHA BAZAR | KARKATA | Nawadih. |
| PALAMU | NAWDIHA BAZAR | DAGRA | Ratnag |
| PALAMU | PANKI | ASEHAR | Kusri |
| PALAMU | PANKI | MADAN | Ahirgurha |
| PALAMU | PANKI | KARAR | Parsotimpur |
| PALAMU | PANKI | MADAN | Surjaun. |
| PALAMU | PANKI | HOTAI | Mahugain |
| PALAMU | PANKI | RATANPUR | Bihra |
| PALAMU | PANKI | RATANPUR | Irgu |
| PALAMU | PANKI | TAL | Khajuri |
| PALAMU | PANKI | TAL | Matuli |
| PALAMU | PANKI | TAL | Abun |
| PALAMU | PATAN | MERAL | Jhari Nimia |
| PALAMU | PATAN | MERAL | Siki Kalan |
| PALAMU | PATAN | SEMARI | Kisaini |
| PALAMU | PATAN | LOINGA | Angra |
| PALAMU | PATAN | NAWAKHAS | Pokharia |
| PALAMU | PATAN | NAWAKHAS | Kosiara |
| PALAMU | PATAN | KASWAKHAR | Tisibar |
| PALAMU | PATAN | KASWAKHAR | Rol |
| PALAMU | PATAN | RUNDIDIH | Khajuri |
| PALAMU | PATAN | KASWAKHAR | Homia |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Sarhauwa |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Hisra |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Gore |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Karma |
| PALAMU | RAMGARH | CHORHAT | Chorhat |
| PALAMU | RAMGARH | CHORHAT | Kundpani |
| PALAMU | RAMGARH | ULDANDA | Musurmu |
| PALAMU | RAMGARH | ULDANDA | Uldanda |
| PALAMU | RAMGARH | ULDANDA | Banalat |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Nawadih |
| PALAMU | RAMGARH | HUTAR | Chando Alias(Mayapur) |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Ulman. |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Kokaru |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Chungra Bansdih |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Pinrhe |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Muru |
| PALAMU | SATBARWA | RABADA | Rabda |
| PALAMU | SATBARWA | PONCHI | Nalumanr |
| PALAMU | SATBARWA | DULSULMA | Dulsulma |
| PALAMU | SATBARWA | DULSULMA | Murma |
| PALAMU | SATBARWA | GHUTUA | Ekta |
| PALAMU | SATBARWA | REWARATU | Daruna |
| PALAMU | SATBARWA | GHUTUA | Sohri |
| PALAMU | SATBARWA | REWARATU | Chanpi |
| PALAMU | UNTARI ROAD | LUMBA SATBAHINI | Gaurletwa |

**वित्तीय वर्ष 2026–27 के तहत् "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना" अन्तर्गत योजनाएँ निम्नांकित है :–**

| क्र0 | योजना का नाम | | इकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदान 90प्रतिशत (लाख में) | लाभुक अंशदान (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 2 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस, तिलापिया मछली पालन आदि के लिए इनपुट (नये ग्रो–आउट तालाबों के निर्माण में) | हे0 में | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 3 | नये तालाब निर्माण | हे0 में | 8.40 | 7.56 | 0.84 |
| 4 | बायोफ्लॉक तालाब का निर्माण (4 लाखरू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1हे0 में | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 5 | मध्यम आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 6 | 04मी0 व्यास एवं 1 मी0 ऊँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बॉयोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 7 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (100घनमीटर क्षमता का 01टैंक) | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 8 | 04मी0 व्यास एवं 1 मी0 ऊँचाई के 07 टैंक वाले छोटे बॉयोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 9 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | सं0 में | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 10 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन। | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 11 | इनसुलेटेड वाहन। | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 12 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | सं0 में | 0.75 | 0.675 | 0.075 |
| 13 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा) | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 14 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 15 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 16 | मध्यम पैमाने में सजावटी मछली पालन | सं0 में | 8.00 | 7.20 | 0.80 |
| 17 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | सं0 में | 100.00 | 90.00 | 10.00 |

**आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज :–**

1. संलग्न किये गये आवश्यक दस्तावेज भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र(L.P.C), जाति प्रमाण–पत्र (ST), मत्स्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित हो तो प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (D.P.R) स्वंय के खर्च से बनवा कर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना उरोक्त दस्तावेज के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा एवं बिना कारण बताए आवेदनों को रद् समझा जाएगा।
2. एक आवेदक एक ही योजना हेतु आवेदन कर सकते है। योजनओं का दोहरीकरण नहीं किया जाएगा।
3. अंशदान लगाकर कर कार्य करने से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
4. यह प्रारम्भिक चरण है इस योजना अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कार्रवाई की जा रही है। योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात ही कार्य रूप दिया जायेगा।
5. योजनाओं के क्रियान्वयन में नियम एवं शर्ते भी लागू है जिसकी जानकारी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से विस्तृत रूप में प्राप्त की जा सकती है।
6. **आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 05/06/2026 है। कार्यालय, में निर्धारित तिथि तक कार्यालय अवधि में समर्पित करेंगें।**

**नोट :– पलामू जिला के उपरोक्त पंचायत में चिन्हित गाँवों की सूची में से ही अनुसूचित जनजाति सामुदाय के ग्रामीण ही जिला मत्स्य कार्यालय में आवेदन कर सकते है।**

**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू**

**PR 380066 (District)26-27*D**

## संक्षिप्त समाचार

### उदयपुर में एएसआई ने रेप केस में नाम हटाने के बदले मांगे 1 लाख

**उदयपुर एजेंसी।** एसीबी की उदयपुर टीम ने रविवार शाम प्रतापनगर थाने में तैनात एएसआई सुनील बिश्नोई को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई शाम करीब 4:30 बजे की गई, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

#### रिश्वत मांगने का आरोप

आरोप है कि एएसआई ने रेप की कोशिश और छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज नहीं करने के बदले शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए की मांग की थी। वह लगातार दबाव बनाते हुए शिकायतकर्ता को धमका भी रहा था।



**धमकी देकर बना रहा था दबाव–** शिकायतकर्ता के अनुसार, एएसआई ने साफ कहा था कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो उसे झूठे केस में फंसा दिया जाएगा। इस डर और दबाव के चलते शिकायतकर्ता ने एसीबी से संपर्क किया।
**एसीबी ने बिछाया जाल–** शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने पहले सत्यापन किया और फिर ट्रैप प्लान तैयार किया। योजना के तहत शिकायतकर्ता ने एएसआई को पैसे लेने के लिए तय स्थान पर बुलाया।

### विजय की नजरें अब केरल पर

**चैन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में शानदार राजनीतिक शुरुआत के विजय की पार्टी टीवीके की केरल में एंट्री की चर्चाएं जोरों पर हैं। केरल के पलक्कड़ और वायनाड में लगातार फैंस मीटिंग्स ने इस अटकल को हवा दी है। वायनाड में विजय के प्रशंसकों के समूह ने पिछले सप्ताह स्थानीय टीवीके यूनिट बनाने की कोशिश शुरू की थी। रविवार को पलक्कड़ में भी उनके फैंस की बैठक हुई, जिसमें ज्यादातर युवा और महिलाएं शामिल थीं। टीवीके केरल यूनिट की अफवाहों ने सोशल मीडिया पर तेजी से फैलाव पाया है, हालांकि पार्टी की तरफ से




अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। केरल में विजय के सैकड़ों फैन एसोसिएशन पहले से सक्रिय हैं, जो थलापति विजय मक्कल इयक्कम के बैनर तले कल्याणकारी कार्य चलाते रहे हैं। अब इसे टीवीके नाम से जाना जा रहा है। ये संगठन अभी केरल में राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक तौर पर रजिस्टर्ड नहीं हैं और तमिलनाडु के टीवीके नेताओं के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। विजय के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान केरल के विभिन्न हिस्सों में उनके प्रशंसकों ने भव्य जश्न मनाया। फैंस में इस बात को लेकर आशावाद है कि पार्टी राज्य में अच्छा समर्थन हासिल कर सकती है।
**तमिलनाडु में सफलता से खुला रास्ता–** युवा वर्ग कांग्रेस में मुख्यमंत्री चयन में हो रही देरी से भी नाराज दिख रहा है, जिससे वे पड़ोसी राज्य के स्टार लीडरशिप की ओर आकर्षित हो रहे हैं। 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में टीवीके ने 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया और सीपीआई, सीपीआईएम, आईयूएमएल व वीसीके के साथ गठबंधन सरकार बनाई।

---

डीएमके के विधायक का दावा

# मात्र 6 महीने भी नहीं चलेगी विजय की सरकार

**चैन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु की राजनीति में ऐतिहासिक सत्ता परिवर्तन के बाद अब सियासी जुबानी जंग और तेज हो गई है। डीएमके के वरिष्ठ नेता और तिरुचेंदूर से विधायक अनीता राधाकृष्णन ने रविवार को राज्य के नए मुख्यमंत्री जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला है। राधाकृष्णन ने दावा किया कि यह नई सरकार छह महीने भी नहीं टिक पाएगी और अप्रैल में हुए विधानसभा चुनावों में शिकस्त झेलने वाले डीएमके प्रमुख एम.के. स्टालिन जल्द ही मुख्यमंत्री के रूप में वापसी करेंगे। दक्षिणी तमिलनाडु में आयोजित एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान राधाकृष्णन ने सत्ताधारी दल टीवीके के वरिष्ठ नेता और विलीवक्कम सीट से चुनाव जीतने वाले आधव अर्जुना को खुली चुनौती भी दे डाली।

#### राधाकृष्णन की खुली चुनौती

टीवीके नेता आधव अर्जुना पर निशाना साधते हुए अनीता राधाकृष्णन ने कहा कि यह सरकार सिर्फ चार महीने और बचेगी। आधव अर्जुना नाम का एक व्यक्ति है। अगर तुममें हिम्मत है, तो अपने विधायक पद से इस्तीफा दो, मैं भी अपनी सीट छोड़ता हूं। आओ, तिरुचेंदूर में आमने-सामने का मुकाबला करते हैं। यह हमारा इलाका है, हम यहां किसी



को भी धूल चटा देंगे। तिरुचेंदूर सीट पिछले 25 वर्षों से राधाकृष्णन का गढ़ रही है। उन्होंने पहली बार 2001 में डीएमके की चिरप्रतिद्वंदी पार्टी एआईएडीएमके के टिकट पर यहां से जीत दर्ज की थी, जिसके बाद 2009 से वे लगातार डीएमके के टिकट पर इस सीट को जीतते आ रहे हैं।

**मतदाताओं पर साधा निशाना–** राधाकृष्णन ने पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का भी बचाव किया, जो इस चुनाव में अपनी पारंपरिक और सुरक्षित सीट कोलाथुर हार गए थे। स्टालिन को डीएमके के ही एक असंतुष्ट पूर्व नेता वी.एस. बाबू ने हराया था, जिन्होंने ऐन वक्त पर विजय की पार्टी टीवीके का दामन थामकर अपने पूर्व बॉस को करारी शिकस्त दी थी।

#### तमिलनाडु में सबसे बड़ा राजनीतिक उलटफेर

यह बयानबाजी तमिलनाडु में टीवीके और डीएमके के बीच बढ़ती कड़वाहट को साफ दर्शाती है। अभिनेता से नेता बने विजय की चुनावी जीत को तमिलनाडु के इतिहास में दशकों का सबसे बड़ा राजनीतिक उलटफेर माना जा रहा है। विजय की टीवीके ने राज्य की 234 सीटों में से अकेले 108 सीटों पर बंपर जीत दर्ज की थी, जो पूर्ण बहुमत के आंकड़े से सिर्फ 10 सीट कम थी। इस जीत के साथ ही विजय ने राज्य में पिछले 62 वर्षों से बारी–बारी से राज कर रही डीएमके और एआईएडीएमके के द्विध्रुवीय राजनीतिक वर्चस्व को पूरी तरह से खत्म कर दिया। बहुमत के लिए जरूरी 10 सीटों की कमी को एक हफ्ते के भारी सियासी ड्रामे के बाद कांग्रेस, दो वामपंथी दलों और वीसीके के समर्थन से पूरा किया गया। ध्यान देने वाली बात यह है कि ये सभी दल पहले डीएमके के मजबूत सहयोगी माने जाते थे। बहुमत का आंकड़ा पार करने के बाद विजय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर अपने फिल्मी सफर से राजनीतिक शिखर तक के सफर को पूरा किया। इसके बाद उन्होंने विधानसभा में 144 बनाम 22 मतों से विश्वास मत भी हासिल कर लिया।

---

# शुभेंदु अधिकारी को मिली अभिषेक बनर्जी की संपत्तियों की लिस्ट, 2 दर्जन ठिकाने रडार पर

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस सांसद और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की संपत्तियों की जांच चल रही है। खबर है कि कोलकाता नगर निगम के अधिकारी अपने रिकॉर्ड्स खंगाल रहे हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। वहीं, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अभिषेक से जुड़ी कंपनी लीप्स एंड बाउंड्स का जिक्र किया था। साथ ही इससे जुड़ी दो दर्जन कंपनियों की सूची मिलने का दावा किया था। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि चस्ष्ट के इंजीनियर और



अधिकारी बीते कुछ दिनों से उन संपत्तियों की पहचान करने में जुटे हुए हैं, जो अभिषेक बनर्जी या उनके परिवार के सदस्यों की हैं। केएमसी अधिकारियों ने रविवार को भी काम किया था।

#### कहां तक पहुंची जांच

अधिकारियों और इंजीनियरों को आदेश दिया गया है कि वे नगर निगम के प्रॉपर्टी रिकॉर्ड्स की बारीकी से जांच करें। उन्हें अभिषेक बनर्जी, उनके माता–पिता या उनकी कंपनी लीप्स एंड बाउंड्स से जुड़ी सभी संपत्तियों का पता लगाने के लिए कहा गया है। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि यह काम पिछले हफ्ते ही शुरू हो चुका है। दरअसल, इस जांच के घेरे में लीप्स एंड बाउंड्स नाम की एक प्राइवेट कंपनी भी आई है, जिसका कनेक्शन अभिषेक बनर्जी से बताया जा रहा है। आरोप है कि यह कंपनी शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़ी हो सकती है। हालांकि, अभिषेक ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है और इसे राजनीति से प्रेरित बताया है।

#### नक्शों की हो रही है जांच

रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि सबसे पहले नगर निगम के एसेसमेंट डिपार्टमेंट ने अपने कागजातों को खंगाला। वहां से उन्होंने अभिषेक बनर्जी के नाम पर दर्ज संपत्तियों के पते और उनके मकान नंबर निकाले। इसके बाद, यह लिस्ट नगर निगम के ही भवन निर्माण विभाग को सौंप दी गई। अब इस विभाग ने अपने रिकॉर्ड्स चेक किए ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन संपत्तियों को बनाने के लिए सरकारी नक्शा पास कराया गया था या नहीं।

---

# कर्नाटक बना भारत का पहला राज्य, जहां लागू हुई अल्कोहल-आधारित एक्साइज ड्यूटी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने शराब पर टैक्स व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए 11 मई 2026 से अल्कोहल-इन-बेवरेज (एआईबी) आधारित उत्पाद शुल्क प्रणाली लागू कर दी है। इस नए मॉडल ने राज्य की पुरानी थोक लीटर-आधारित कर प्रणाली को पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

राज्य सरकार ने इसे भारत का पहला ऐसा सुधार बताया है, जिसका उद्देश्य शराब की कीमतों को तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और केरल के समान स्तर पर लाना तथा अल्कोहल की मात्रा के आधार पर टैक्स का तर्कसंगत पुनर्गठन करना है।

कर्नाटक उत्पाद शुल्क विभाग ने रविवार को जारी



आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया कि यह सुधार मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की 2026-27 बजट घोषणा का हिस्सा है। विभाग ने कहा कि भारत में पहली बार कर्नाटक राज्य में 11 मई से एआईबी आधारित उत्पाद शुल्क संरचना लागू की गई है, जिसे विश्व स्तर पर शराब कराधान का स्वर्ण मानक माना जाता है।

नए ढांचे में सरकार द्वारा तय अधिकतम खुदरा मूल्य व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। अब उत्पादक बाजार की मांग और अल्कोहल प्रतिशत के आधार पर अपने उत्पादों की कीमत तय कर सकेंगे। 8 मई को जारी अधिसूचना के मुताबिक, भारतीय निर्मित शराब की स्लैब संख्या 16 से घटाकर 8 कर दी गई है।

#### कीमतों पर क्या असर?

उद्योग विशेषज्ञों के अनुमान के अनुसार, 5त्र अल्कोहल वाली माइल्ड और लेगर बियर की कीमतों में 20-25 प्रतिशत की कमी आ सकती है। इसके अलावा प्रीमियम स्कॉच व्हिस्की की कीमतों में करीब 20 प्रतिशत गिरावट की संभावना है। वहीं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रीमियम और आयातित मादक पेय पदार्थों की कीमतों में 16-20 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। हालांकि, सस्ती शराब की कीमतें बढ़ सकती हैं। खासकर 180 मिलीलीटर टेट्रा पैक वाले व्हिस्की, रम, ब्रांडी, जिन और वोदका के दाम 20-30 प्रतिशत तक महंगे हो सकते हैं।

---

# वंदे मातरम के विरोध पर भड़कीं बंगाल की मंत्री, जमीयत के आरोपों पर बोलीं- बंगाल में रहना है तो...

**कोलकाता, एजेंसी।** जमीयत उलेमा ए हिंद ने पश्चिम बंगाल में स्कूलों में वंदे मातरम अनिवार्य किए जाने समेत सरकार के कई फैसलों का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि इसे लेकर कानूनी और लोकतांत्रिक जंग जारी रहेगी। इसपर बंगाल सरकार में मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि अगर किसी को भारत मां की संतान होने में परेशानी है, तो वह किसी और देश में रह सकता है। साथ ही का है कि भारतीय न्याय संहिता सभी पर समान रूप से लागू होती है।
**मंत्री ने किया पलटवार–** मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी के दावों पर पलटवार किया है। एक रैली में आज तक से बातचीत में उन्होंने कहा, देखिए भारत को हम लोग मां समझते हैं, मानते हैं, जैसे हमारी मां होते हैं। वैसे जिस मिट्टी ने हमको खिलाया और पिलाया, आज उनको भी हम लोग मां मानते हैं। जो लोग भारत




को मां कहने के लिए झिझकते हैं, जो अदालत जाते हैं, उनको देश में रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा, भारत के संतान सब हैं, सब धर्म के लोग भारत मां के संतान है। वो जो नहीं मानते हैं कि भारत उनका मां है, तो उन लोगों को इस देश में रहने का अधिकार नहीं है। यह देश उनके लिए नहीं है, आप दूसरे देश चले जाइए। मुसलमानों को निशाना बनाने के आरोपों पर उन्होंने कहा, किसी धर्म के लोगों को निशाना नहीं बनाया जा रहा है। आज भारतीय न्याय संहिता में जो लिखा है, वो सभी के लिए है। क्या हिंदू, क्या मुसलमान... सभी के लिए है। बंगाल में रहना है, तो भारतीय न्याय संहिता को मानना है। अगर नहीं मानना है, तो भारत के बाहर जाना है।
**जमीयत ने लगाए ये आरोप–** मौलाना मदनी ने लिखा, देश को योजनाबद्ध तरीके से एक वैचारिक राष्ट्र में बदलने की कोशिश की जा रही है। समान नागरिक संहिता, वंदे मातरम् को अनिवार्य बनाना, मस्जिदों और मदरसों के खिलाफ कार्रवाइयां तथा एसआईआर की आड़ में वास्तविक नागरिकों को मताधिकार से वंचित करने जैसे कदम इसी सिलसिले की कड़ियां हैं। जमीयत उलमा–ए–हिंद इन सभी कदमों के खिलाफ अपनी कानूनी और लोकतांत्रिक लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने लिखा, देश के वर्तमान हालात, बढ़ती सांप्रदायिकता, संवैधानिक संस्थाओं की चुप्पी, मुसलमानों और इस्लामी प्रतीकों के खिलाफ बढ़ते कदम तथा नफरत आधारित राजनीति अत्यंत चिंताजनक है। हालांकि मुसलमान न कभी झुका है और न कभी झुकेगा। वह प्रेम से झुक सकता है, लेकिन ताकत, धमकी और अत्याचार के सामने उसे कभी झुकाया नहीं जा सकता। देश में नफरत की राजनीति अब धमकी की राजनीति में बदल चुकी है, जिसका उद्देश्य मुसलमानों को भयभीत करके उन्हें अपनी शर्तों पर जीवन बिताने के लिए मजबूर करना है।

---

# गुजरात में कार से मिले 2.5 करोड़ रुपये नकद, आयकर विभाग करेगा जांच



**वडोदरा, एजेंसी।** गुजरात के दाहोद में वाहनों की नियमित जांच के दौरान एक कार से 2.56 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई। पुलिस उपाधीक्षक एके कलास्वा ने बताया कि शनिवार को धनपुर चौकी के पास कार को रोका गया। इसके बाद जब कार की जांच की गई तो कार में एक पार्सल मौजूद था और नकदी भी मिली। यह पैसा दाहोद की एक अंगड़िया (पारंपरिक कूरियर) कंपनी से वडोदरा ले जाया जा रहा था। वाहन चालक राजू निनामा नकदी के स्त्रोत और परिवहन के संबंध में कोई दस्तावेज या सबूत पेश नहीं कर सका। अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत लिमखेड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है, जबकि आयकर विभाग को नकदी के स्त्रोत और संभावित वित्तीय अनियमितताओं की आगे जांच करने के लिए सूचित किया गया है।

---

इंदौर पटाखा फैक्ट्री हादसे में झुलसे अररिया के एक और मजदूर की मौत

# 4 हुई मृतकों की संख्या



**इंदौर एजेंसी।** बीते 14 मई को मध्य प्रदेश की इंदौर जिले के देवास टोंक कला में पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से बुरी तरह झुलसे नरपतगंज प्रखंड के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत भवानीपुर गांव के इलाजरत 23 वर्षीय अभिषेक कुमार पासवान पुत्र सलूकी पासवान की इलाज के दौरान मौत हो गई।

इंदौर जिले के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। जिसका शव एंबुलेंस से भवानीपुर गांव स्थित उसके घर लाया जा रहा है। जबकि छह अन्य मजदूर लापता बताया जा रहा है। वहीं, चार मजदूरों का अभी भी इंदौर स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके साथ ही नरपतगंज प्रखंड के अलग-अलग गांवों से इस घटना में मरने वालों की संख्या चार हो गई है।

#### शनिवार को पहुंचा था 3 मजदूरों का शव

शनिवार तक तीन मजदूरों का शव गांव पहुंचा था। इनमें फुलकाहा थाना अंतर्गत मानिकपुर पंचायत के भवानीपुर वार्ड संख्या पांच के धीरज कुमार (25) और नरपतगंज थाना क्षेत्र की गोखलापुर पंचायत के वार्ड संख्या आठ निवासी 18 वर्षीय अमर कुमार राम सहित गोखलापुर गांव निवासी 19 वर्षीय अमन कुमार का शव शामिल है। वहीं, भवानीपुर गांव के ही 24 वर्षीय बबलू कुमार अब भी लापता हैं। स्वजन लगातार खोजबीन में जुटे हैं, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस हादसे में 20 वर्षीय पिंटू कुमार, 25 वर्षीय अजय कुमार, 25 वर्षीय लालटू कुमार तथा 50 वर्षीय रामवृक्ष पासवान गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिनका इलाज इंदौर के अस्पताल में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि सभी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। इधर घटना के बाद पूरे भवानीपुर गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

---

# एमपी वही जगह, 15 साल का गैप और राजधानी ट्रेनों में आग



**रतलाम, एजेंसी।** 17 मई की सुबह जब तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में आग लगी तो मध्य प्रदेश के रतलाम के लोगों ने शायद कहा होगा, फिर से! दरअसल, उनके पास ऐसा कहने की एक ठोस वजह भी थी। 18 अप्रैल, 2011 को भी रतलाम राजधानी एक्सप्रेस में लगी आग की वजह से सुर्खियों में था। वह ट्रेन मुंबई से दिल्ली की ओर जा रही थी। रात करीब 2 बजे पैंट्री कार में आग लग गई, जो फैलकर तीन और डिब्बों तक पहुंच गई। सभी 1,100 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उस समय राजधानी एक्सप्रेस रतलाम रेलवे मंडल के अंतर्गत आने वाले आलोट और थुरिया स्टेशनों के बीच थी। आलोट स्टेशन, जिसे आज विक्रमगढ़ आलोट के नाम से जाना जाता है वह मध्य प्रदेश के आलोट कस्बे को सेवा प्रदान करता है। यह रेलवे के नक्शे पर मौजूद उन छोटे-छोटे बिंदुओं में से एक है, जिनसे होकर यात्री दिल्ली-मुंबई मार्ग पर गुजरते हैं।

#### अब आते हैं ताजा घटना पर

अब 17 मई, 2026 की सुबह की बात करते हैं। सुबह करीब 5 बजे एक और राजधानी ट्रेन में आग लग गई। यह घटना रतलाम रेलवे डिवीजन के विक्रमगढ़ आलोट और लुनी रिछा स्टेशनों के बीच हुई। गनीमत रही कि 2011 की तरह इस आग से भी किसी की जान नहीं गई। सभी 68 यात्री सुरक्षित बाहर निकल गए। 2011 की तुलना में इस बार नुकसान सिर्फ एक ही डिब्बे तक सीमित रहा, जिसे तुरंत ही ट्रेन से अलग कर दिया गया।
राजधानी ट्रेनें कब–कब हुई आग की घटनाओं की शिकार
राजधानी को कभी देश की सबसे बेहतरीन ट्रेनें माना जाता था वो पहले भी कई बार अलग–अलग जगहों पर आग की घटनाओं का शिकार हो चुकी हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## हिंसा की आग में फिर मणिपुर ?

हाल ही में उग्रवादियों ने एक बार फिर हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी। कांगपोकपी जिले में अंधाधुंध गोलीबारी में चार नागरिक भी घायल हो गए।अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे सशस्त्र समूहों में एक-दूसरे के प्रति संदेह और अविश्वास खत्म नहीं हो रहा।मणिपुर तीन साल से हिंसा की आग में झुलस रहा है। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब ढाई सौ से ज्यादा लोग हिंसा में जान गंवा चुके हैं। हजारों लोगों के विस्थापन से राज्य का सामाजिक ताना-बाना टूट-सा गया है। राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी के बावजूद आखिर क्या वजह है कि उग्रवादी गतिविधियों पर अंकुश नहीं लग सका है।बीते बुधवार को उग्रवादियों ने एक बार फिर हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी। कांगपोकपी जिले में अंधाधुंध गोलीबारी में चार नागरिक भी घायल हो गए। इस घटना से नाराज नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को बंद कर दिया। गौरतलब है कि यह मार्ग मणिपुर को न केवल नगालैंड से, बल्कि देश के अन्य हिस्सों से भी जोड़ता है। इस समय राज्य में कानून-व्यवस्था की जो स्थिति बनी हुई है, वह बेहद चिंताजनक है। एक बार फिर हुई हिंसा से साबित होता है कि सुरक्षा एजेंसियां सशस्त्र समूहों को नियंत्रित कर पाने में विफल रही हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप का भी कोई असर नहीं दिखता। समझौते भी औपचारिक बनकर रह गए हैं।दरअसल, मणिपुर में शांति बहाली का कोई भी प्रयास इसलिए भी नाकाम हो जाता है, क्योंकि परस्पर विरोधी समूहों को कायदे से अब तक संवाद की मेज पर नहीं लाया जा सका है और न ही शायद इसकी जरूरत महसूस की गई। यही वजह है कि अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे सशस्त्र समूहों में एक-दूसरे के प्रति संदेह और अविश्वास खत्म नहीं हो रहा।यह निराशाजनक ही है कि जब भी राज्य में थोड़ी-बहुत स्थिति सुधरती दिखाई देती है, कोई न कोई उग्रवादी हमला राज्य को हिंसा की आग में झोंक देता है। सरकार अगर अलग-अलग समुदायों के प्रतिनिधियों को संवाद के लिए राजी करती, तो शायद उनके बीच भरोसा कायम होता। मगर केंद्र से लेकर राज्य सरकारों के भीतर इस मसले पर कोई संजीदगी नहीं दिखती।आज राज्य में शांति प्रबंधन की नहीं, बल्कि उसे स्थापित करने के लिए सक्रिय होने की जरूरत है। इसके लिए राज्य सरकार और केंद्रीय सुरक्षा बलों को मिलकर काम करना होगा, अन्यथा मणिपुर में लगातार जारी हिंसा के घातक नतीजे सामने आ सकते हैं।

*तीसरा, डॉलर प्रभुत्व कम करने का संकेत- बैठक में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने और वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों पर भी चर्चा हुई। यह संदेश था कि ब्रिक्स देश डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं ताकि अमेरिकी आर्थिक दबाव का असर घटाया जा सके। चतुर्थ, पश्चिम एशिया संकट पर चिंता- ईरान-इज़राइल तनाव और समुद्री मार्गों की सुरक्षा बड़ा मुद्दा रहा। ब्रिक्स देशों ने रेड सी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य जैसे मार्गों की सुरक्षा पर जोर दिया।*

## ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों के 'दिल्ली-विमर्श' के निहितार्थ

(कमलेश पांडे)

देखा जाए तो नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का जमावड़ा लगा हुआ है। दो दिनों का यह 18वां शिखर सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया कई मोर्चे पर अस्थिरता से गुजर रही है। ब्रिक्स के सदस्य देश - ईरान और यूएई सीधे तौर पर इस हलचल में शामिल है। ऐसे में यह जुटान पूरी दुनिया के लिए अहम हो जाती है। ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय दिल्ली बैठक ने दुनिया को कई महत्वपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक संदेश दिए हैं, जिनके कूटनीतिक निहितार्थ को समझने की जरूरत है। अन्यथा शेष दुनिया को अमेरिकी-यूरोपीय दादागिरी (नाटो सैन्य गठबंधन) के दुनियावी दांवपेंचों से निजात मिलनी मुश्किल है। लिहाजा, इस बैठक में मुख्य रूप से वैश्विक शक्ति-संतुलन, अमेरिकी प्रतिबंध नीति, पश्चिम एशिया संकट, वैश्विक व्यापार व्यवस्था और 'ग्लोबल साउथ' की भूमिका पर जोर दिखाई दिया। देखा जाए तो नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का जमावड़ा लगा हुआ है। दो दिनों का यह 18वां शिखर सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया कई मोर्चे पर अस्थिरता से गुजर रही है। ब्रिक्स के सदस्य देश - ईरान और यूएई सीधे तौर पर इस हलचल में शामिल है। ऐसे में यह जुटान पूरी दुनिया के लिए अहम हो जाती है। इस अहम बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, रूस के विदेश मंत्री सर्जेइ लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची जैसे नेताओं के दूरदर्शिता भरे बयान विशेष चर्चा में रहे। जिसके दुनियावी मायने बेहद अहम हैं। जिस तरह से कूटनीतिक सम्मेलन के पहले ही दिन जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के खिलाफ लगाए जाने वाले एकतरफा प्रतिबंधों का जिक्र किया, जो सबसे ज्यादा विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाते हैं। स्वाभाविक तौर पर उनका इशारा अमेरिका है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से दुनिया को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं, ईरान मामले में भी गतिरोध की वजह बहुत हद तक वॉशिंगटन की अव्यवहारिक मांगें है। ब्रिक्स के बड़े मंच से उठी आवाज का असर ज्यादा होगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर का उद्घाटन भाषण मौजूदा चुनौतियों का सही खाका खींचता है। पश्चिम एशिया पर मंडराता युद्ध का खतरा, ऊर्जा संकट, सप्लाई चेन में रुकावट और जलवायु परिवर्तन ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। तमाम देशों की अर्थव्यवस्था को मंदी में फंसने का डर सता रहा है। ऐसे में जैसा कि विदेश मंत्री ने कहा, विकासशील देशों ने ब्रिक्स से यह उम्मीद लगाई है कि यह मंच स्थिरता कायम करने में सकारात्मक भूमिका अदा करेगा। इसके कतिपय निहितार्थ इस प्रकार हैं-

पहला, एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था को चुनौती- बैठक का सबसे बड़ा संदेश यह था कि दुनिया अब केवल अमेरिका-केन्द्रित व्यवस्था पर निर्भर नहीं रहना चाहती। ब्रिक्स देशों ने मल्टीपोलर वर्ल्ड के दृष्टिगत बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। इसका अर्थ है कि वैश्विक निर्णयों में पश्चिमी देशों के साथ एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की शक्तियों की भी बराबर भूमिका हो। दूसरा, अमेरिकी प्रतिबंधों और आर्थिक दबाव का विरोध- भारत, रूस, चीन और ईरान सहित कई देशों ने एकतरफा प्रतिबंधों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और संप्रभुता के खिलाफ बताया। विशेष रूप से एस जयशंकर ने कहा कि प्रतिबंध और दबाव कूटनीति का विकल्प नहीं हो सकते। यह संदेश सीधे तौर पर अमेरिका की प्रतिबंध नीति की आलोचना माना गया। तीसरा, डॉलर प्रभुत्व कम करने का संकेत- बैठक में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने और वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों पर भी चर्चा हुई। यह संदेश था कि ब्रिक्स देश डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं ताकि अमेरिकी आर्थिक दबाव का असर घटाया जा सके। चतुर्थ, पश्चिम एशिया संकट पर चिंता- ईरान-इज़राइल तनाव और समुद्री मार्गों की सुरक्षा बड़ा मुद्दा रहा। ब्रिक्स देशों ने रेड सी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य जैसे मार्गों की सुरक्षा पर जोर दिया। दुनिया को यह संदेश दिया गया कि क्षेत्रीय युद्ध अब वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को सीधे प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि इस मंच के सामने भी चुनौती है। ईरान और यूएई के आपसी रिश्ते ठीक नहीं चल रहे। जबकि चीन ने अपने विदेश मंत्री को नहीं भेजा है। एक बात और, जब सम्मेलन की शुरुआत हुई, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग तब ट्रंप की मेजबानी में व्यस्त थे। ब्रिक्स के सबसे बड़े विरोधी ट्रंप है। उन्हें लगता है कि यह मंच अमेरिकी हितों के खिलाफ खड़ा किया गया है। मेजबान होने के नाते यह भारत की जिम्मेदारी है कि यहां से निकला संदेश किसी के विरोध में नहीं, साझा हित में हो। भारत के पास सभी सदस्यों को करीब लाने और मौजूदा संकट का समाधान पेश करने का मौका है। पांचवां, ग्लोबल साउथ की राजनीतिक आवाज- बैठक में यह स्पष्ट हुआ किब्रिक्स स्वयं को केवल आर्थिक समूह नहीं, बल्कि विकासशील देशों की सामूहिक राजनीतिक आवाज के रूप में स्थापित करना चाहता है। अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों की समस्याओं-जैसे खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा संकट और कर्ज-को वैश्विक एजेंडा में प्रमुखता देने की बात कही गई। छठा, संयुक्त राष्ट्र सुधार की मांग- भारत और ब्राजील ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और विकासशील देशों के अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता दोहराई। यह संदेश था कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी संस्थाओं में अब नई वैश्विक वास्तविकताओं के अनुसार बदलाव होना चाहिए। सातवां, ब्रिक्स के भीतर मतभेद भी सामने आए- हालांकि बैठक में एकजुटता दिखाई गई, लेकिन यह भी स्पष्ट हुआ कि सभी सदस्य अमेरिका-विरोधी नीति पर पूरी तरह एकमत नहीं हैं। भारत और ब्राजील जैसे देश पश्चिम के साथ संतुलित संबंध बनाए रखना चाहते हैं, जबकि रूस और ईरान अधिक आक्रामक रुख चाहते हैं। इससे यह संकेत मिला कि ब्रिक्स अभी पूर्ण राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि साझा हितों वाला मंच है। समग्र रूप से कहा जाए तो, इस बैठक का वैश्विक संदेश यह था कि उभरती शक्तियाँ अब विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था में अधिक स्वतंत्र, संतुलित और पश्चिम से अलग भूमिका चाहती हैं। ब्रिक्स ने यह दिखाने की कोशिश की कि ग्लोबल साउथ अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन का सक्रिय खिलाड़ी बनना चाहता है। चूंकि ब्रिक्स अब केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का समूह नहीं रहा, इसकी भूमिका आज कहीं ज्यादा व्यापक हो चुकी है। वास्तव में यह वैश्विक संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण हो सकता है। भारत का रोल इसमें सबसे अहम हो जाता है। उसने पश्चिमी देशों के साथ रिश्ते बनाए हुए हैं, जबकि रूस, ईरान और चीन के साथ भी बैलेंस रखा है। उसने हमेशा संवाद से समाधान की बात की है। यह रवैया उसे भरोसेमंद साथी बनाता है।

## आंधी-तूफान से आखिर हर साल क्यों बेबस दिखते हैं लोग?

पिछले कुछ वर्षों से हर बार यह देखा जाता है कि एक ओर तूफान में पेड़ या घर गिरने जैसी घटनाओं की वजह से कई लोग मारे जाते हैं, तो दूसरी ओर घर से लेकर फसलों तक को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचता है। उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने एक बार फिर यही दर्शाया कि मौसम की मार से बचाव के लिए एहतियात बरतने से लेकर सटीक पूर्वानुमान को लेकर तकनीकी स्तर पर अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। राज्य के कई इलाकों में बुधवार की शाम को तेज आंधी-तूफान, बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि एक तरह से कहर बरपा रही थी और आम लोग उसके सामने लाचार थे।कई जगहों पर तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई। कितनी ही जगहों पर भारी पेड़ उखड़कर वाहनों पर गिर गए और सड़कों के किनारे लगे बोर्ड उड़कर तेज रफ्तार से जमीन पर गिरे। करीब चौबीस घंटों के दौरान करीब सौ लोगों की जान चली गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए। कई जिलों में दो हजार से ज्यादा गांवों में बिजली गुल हो गई। कुदरत के इस कहर के बाद मौसम विभाग ने राज्य के अड़तीस जिलों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की आशंका के मद्देनजर पीली चेतावनी जारी की, लेकिन अफसोस की बात यह है कि पूर्वानुमानों के बावजूद कई बार ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं, जिनमें तूफान या बिजली गिरने की घटनाएं आम लोगों पर कहर बनकर टूटती हैं।जाहिर है, मौसम की अपनी गति होती है और प्रकृति में उथल-पुथल के नतीजे में ऐसे हालात पैदा हो सकते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि अमूमन हर वर्ष अचानक मौसम का रुख बिगड़ने की आशंका के बावजूद आम लोग इससे बचाव के लिए एहतियात नहीं बरत पाते। इसका खमियाजा यह सामने आता है।

## सत्ता संभालते ही हिंदुत्व मॉडल के जरिये बंगाल में बड़े बदलाव कर रहें सुवेंदु अधिकारी

(नीरज कुमार दुबे)

नई सरकार के शुरुआती फैसलों में सार्वजनिक स्थानों पर नमाज और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर सख्ती प्रमुख रही। सरकार ने स्पष्ट किया कि सड़कों और सार्वजनिक मार्गों पर नमाज की अनुमति नहीं होगी तथा धार्मिक गतिविधियां निर्धारित परिसरों तक सीमित रहेंगी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सत्ता की कमान संभालते ही चुनावी वादों पर अमल की दिशा में कदम बढ़ाने तो शुरू कर ही दिये हैं साथ ही राज्य की राजनीति और प्रशासन में तेज बदलावों का दौर भी शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद संभालते ही कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिन्हें राज्य की दिशा बदलने वाला माना जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को उनके गढ़ में पराजित कर सत्ता तक पहुंचे सुवेंदु अधिकारी ने शपथ लेने के केवल 48 घंटे के भीतर लगभग डेढ़ दर्जन बड़े निर्णयों की घोषणा कर यह संकेत दे दिया कि नई सरकार प्रशासनिक, राजनीतिक और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर व्यापक बदलाव चाहती है। नई सरकार के शुरुआती फैसलों में सार्वजनिक स्थानों पर नमाज और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर सख्ती प्रमुख रही। सरकार ने स्पष्ट किया कि सड़कों और सार्वजनिक मार्गों पर नमाज की अनुमति नहीं होगी तथा धार्मिक गतिविधियां निर्धारित परिसरों तक सीमित रहेंगी। कोलकाता के रेड रोड क्षेत्र में सार्वजनिक नमाज पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी नियंत्रण लगाया गया है। सरकार ने पत्थरबाजी की घटनाओं पर भी कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही सुवेंदु अधिकारी सरकार ने वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव और वर्ष 2023 के पंचायत चुनावों के बाद हुई हिंसा से जुड़े मामलों को फिर से खोलने का आदेश दिया है। इन मामलों को पिछली सरकार के दौरान बंद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित और बंद मामलों की दोबारा जांच कराने का निर्देश दिया। सरकार का कहना है कि चुनाव बाद हिंसा के पीड़ितों को न्याय दिलाना उसकी प्राथमिकता है। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के मामलों को भी दोबारा जांच के दायरे में लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पंद्रह वर्षों में मारे गए तीन सौ इक्कीस भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवार यदि चाहें तो सरकार निष्पक्ष जांच कराएगी। यह फैसला राजनीतिक हिंसा के मुद्दे पर भाजपा के लंबे अभियान का हिस्सा माना जा रहा है। इसके अलावा, नई सरकार ने सांप्रदायिक हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ गैर जमानती धाराओं में कार्रवाई करने और पुलिस को बिना राजनीतिक दबाव के काम करने की खुली छूट देने की घोषणा की है। प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और किसी की राजनीतिक पहचान को महत्व न दिया जाए। सरकार ने दावा किया है कि कानून व्यवस्था को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त किया जाएगा। साथ ही सीमा पार से होने वाली अवैध घुसपैठ और पशु तस्करी के मुद्दे पर भी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्य में अवैध पशु बाजारों को बंद करने और अवैध परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही भारत बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को पैंतालीस दिनों के भीतर भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6096

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6095

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 6096




**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 26 सितंबर 1923 को इस महान अभिनेता और निर्माता ने जन्म लिया था (5)
5. विवाह के समय वधू को वर को अंगीकार करना (3)
6. 1970 की पंजाब की प्रसिद्ध प्रेम कथा पर आधारित फिल्म जिसमें राजकुमार-प्रिया राजवंश की जोड़ी थी (4)
9. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनखंख्या वाला द्वीप है (2)
11. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर ललिता पंवार अभिनीत 1970 की सफल फिल्म (6)
13. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला, पेंदा, नीचे की सतह (2)
14. सड़क, मार्ग (2)
15. यहूदियों और मुसलमानों के धर्म शास्त्रों के अनुसार मनुष्य आदि का प्रजापति (3)
16. यह अभिनेत्री 2000 की मिस यूनिवर्स थी (4)
18. पराया, गैर आदमी (3)
20. कपि, दोहे का एक भेद (3)
21. रचित होना, क्रियान्वयन होना (3)

**ऊपर से नीचे**
1. देवकी के बेटे होने के कारण भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम (5)
2. किसी देवता आदि से मांगा हुआ मनोरथ (2)
3. आवागमन (4)
4. खटाई के योग से जमाया हुआ दूध (2)
7. गति, चाल (3)
8. यह भारत का 28 वां राज्य है जिसकी स्थापना 15 नवंबर 2000 को हुई थी (4)
10. यह एक संस्कृत नाटक है (5)
12. अवस्था, दशा (2)
14. कारोबार, तिजारत, व्यवसाय (4)
15. प्रतिष्ठा, मान, इज्जत (3)
16. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
17. जंघा, जांघ (2)
18. पीछे (अंग्रेजी) (2)
19. विविध, अनेक प्रकार के (2)

### वर्ग पहेली 6095 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ल | दी | व | | ए | शि | या |
| ल | ल | न | | अ | क | रा | |
| वा | क | | त | मा | चा | | वि |
| | ना | त | | न | द | | य |
| त | | ह | | त | र | स | ना |
| ब | ह | री | न | | मै | ल | |
| ला | म | | फा | | ली | मा | |
| | ल | क्ष्य | | ह | सी | न | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन लाभकारी रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और प्रमोशन के संकेत भी मिल सकते हैं। व्यापार में रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा और रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग आपके आत्मविश्वास को मजबूत करेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

### वृष
आज का दिन नई संभावनाएं लेकर आएगा। नौकरी में आपके काम की सराहना होगी और किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में धन लाभ के योग बन रहे हैं और नए लोगों से संपर्क भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकते हैं। परिवार में किसी शुभ कार्य की योजना बन सकती है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा।

### कर्क
आज का दिन नई उम्मीदें लेकर आएगा। नौकरी में सफलता मिलने के योग हैं और अधिकारियों से प्रशंसा मिल सकती है। व्यापार में नई योजना पर काम शुरू करने का अवसर मिलेगा। परिवार में सुखद वातावरण बना रहेगा और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में लाभ मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### सिंह
आज का दिन लाभकारी रहेगा। नौकरी में आपके काम की सराहना होगी और पदोन्नति के संकेत मिल सकते हैं। व्यापार में लाभ के नए अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में धार्मिक माहौल बना रहेगा और किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बचत में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

### मिथुन
आज का दिन शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। व्यापार में पुराने निवेश से लाभ हो सकता है। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और घर का माहौल सकारात्मक रहेगा।

### कन्या
आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। नौकरी में अधिक काम के कारण मानसिक तनाव बढ़ सकता है लेकिन आपकी मेहनत रंग लाएगी। व्यापार में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लाभदायक रहेगी। परिवार में रिश्तों को मजबूत बनाए रखने के लिए धैर्य से काम लें।

### तुला
आज का दिन आत्मविश्वास और सफलता से भरा रहेगा। नौकरी में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी और अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में किसी बड़े सौदे से लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा आर्थिक स्थिति मजबूत होगी लेकिन निवेश सोच-समझकर करें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन सामान्य लेकिन महत्वपूर्ण रहेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिन्हें आप सफलता से पूरा करेंगे। व्यापार में लाभ होगा लेकिन किसी पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचें। परिवार में छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव हो सकता है, इसलिए वाणी पर नियंत्रण रखें। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। स्वास्थ्य में कमजोरी और थकान महसूस हो सकती है।

### मकर
आज का दिन खुशियां लेकर आ सकता है। नौकरी और व्यापार में तरक्की के संकेत हैं। लंबे समय से रुका हुआ कोई काम आज पूरा हो सकता है। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल रहेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा लेकिन मौसम बदलने के कारण सर्दी-जुकाम की समस्या हो सकती है।

### कुंभ
आज का दिन धैर्य और समझदारी से काम लेने का है। नौकरी में किसी सहकर्मी के साथ विवाद हो सकता है, इसलिए शांत रहना जरूरी होगा। व्यापार में निवेश सोच-समझकर करें और जोखिम लेने से बचें। परिवार में किसी सदस्य की सेहत चिंता का कारण बन सकती है। आर्थिक मामलों में फिजूल खर्च बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य में सिरदर्द और तनाव महसूस हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अतिरिक्त मेहनत करनी होगी।

### धनु
आज का दिन थोड़ा व्यस्त रह सकता है। नौकरी में काम का दबाव अधिक रहेगा लेकिन आपकी मेहनत आपको सफलता दिलाएगी। व्यापार में किसी नए निवेश को लेकर सोच-समझकर फैसला लें। परिवार में किसी सदस्य की सलाह आपके लिए लाभदायक साबित होगी। आर्थिक मामलों में सावधानी रखने की जरूरत है क्योंकि अचानक खर्च बढ़ सकते हैं।

### मीन
आज का दिन काफी सकारात्मक रहेगा। नौकरी में लंबे समय से रुके कार्य पूरे हो सकते हैं। व्यापार में लाभ के नए अवसर मिलेंगे और पुराने संपर्क आपके काम आएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और बचत करने में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : soneversha vani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# भारतीय मूल के आरोन राय ने रचा इतिहास

## पहला पीजीए चैंपियनशिप खिताब जीता

**पेनसिल्वेनिया (एजेंसी)।** भारतीय मूल के इंग्लिश गोल्फर आरोन राय ने 2026 पीजीए चैंपियनशिप जीतकर अपने करियर का सबसे बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। पेनसिल्वेनिया के एरोनिमिंक गोल्फ क्लब में खेले गए टूर्नामेंट में राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला मेजर खिताब जीता। 31 वर्षीय आरोन राय ने फाइनल राउंड में शानदार संयम दिखाया और 9-अंडर पार के स्कोर के साथ चैंपियन बने।

**68 फीट के बर्डी पुट ने बदल दिया मैच** – टूर्नामेंट का सबसे यादगार पल 17वें होल पर देखने को मिला, जब आरोन राय ने 68 फीट लंबा शानदार बर्डी पुट लगाया। इस शानदार शॉट ने उन्हें बाकी खिलाड़ियों से तीन स्ट्रोक आगे पहुंचा दिया और यहीं से उनकी जीत लगभग तय हो गई। 18वें होल पर उन्होंने शांत अंदाज में पार पूरा किया और प्रतिष्ठित वानामेकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

**100 साल बाद इंग्लैंड को मिला पीजीए चैंपियन** – आरोन राय 1919 के बाद पीजीए चैंपियनशिप जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले जिम बार्न्स ने यह खिताब जीता था। यह जीत उनके लिए इसलिए भी खास रही क्योंकि 2026 सीजन में वह लगातार संघर्ष कर रहे थे और कई मौकों पर निराशा हाथ लगी थी।

**करियर की सबसे बड़ी जीत** – पीजीए चैंपियनशिप जीतने के बाद आरोन राय अब गोल्फ की दुनिया के नए मेजर चैंपियन बन गए हैं। एरोनिमिंक में उनका यह प्रदर्शन 2026 सीजन के सबसे यादगार फाइनल राउंड में गिना जा रहा है।

**जीत के बाद भावुक हुए आरोन राय** – खिताब जीतने के बाद आरोन राय ने कहा, यह सब किसी सपने जैसा लग रहा है। यह सीजन मेरे लिए काफी निराशाजनक रहा था, इसलिए यहां खड़े होकर ट्रॉफी जीतना मेरी कल्पना से भी बाहर है। उन्होंने गोल्फ को जिंदगी सिखाने वाला खेल बताते हुए कहा, गोल्फ आपको विनम्रता, अनुशासन और कड़ी मेहनत सिखाता है। इस खेल में कुछ भी आसानी से नहीं मिलता।

**दूसरे खिलाड़ियों का प्रदर्शन** – आरोन राय ने 9-अंडर पार के स्कोर के साथ टूर्नामेंट खत्म किया। उनके पीछे एलेक्स स्मैली और जॉन रहम 6-अंडर पार के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। वहीं मैटी श्मिड, लुडविग ऑबर्ग और जस्टिन थॉमस 5-अंडर पार के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

**राहुल का 8वां 500+ रन वाला सीजन, यशस्वी के 4 हजार टी-20 रन पूरे**



# सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 के 62वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान ने 193 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.2 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। रविवार को वैभव सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

वहीं, केएल राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500+ रन पूरे किए। यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में अपने 4 हजार रन पूरे किए।

**सूर्यवंशी ने सीजन में 44 सिक्स लगाए** – राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में 44 छक्के लगा चुके हैं।

वे किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा का 42 छक्कों का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा।

**राहुल आईपीएल में 50 बार 50+ स्कोर बनाने वाले पांचवें बल्लेबाज बने** – राहुल आईपीएल इतिहास में 50 बार 50+ स्कोर बनाने वाले सिर्फ पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में विराट कोहली सबसे आगे हैं, जिनके नाम 76 फिफ्टी प्लस स्कोर हैं।

### राहुल और पोरेल ने नाबाद 105 रन जोड़े

राहुल और अभिषेक पोरेल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 105 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआत से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। यह राजस्थान के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की चौथी 100+ रन की साझेदारी रही।

### यशस्वी के 129 पारी में 4 हजार टी-20 रन

राजस्थान रॉयल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टी20 क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। उन्होंने यह उपलब्धि 129 पारियों में हासिल की। वह सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### वैभव ने इस सीजन पहली गेंद पर तीसरी बार सिक्स लगाया

वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन तीसरी बार अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। आईपीएल इतिहास में एक सीजन में तीन बार पहली गेंद पर सिक्स लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में अब उनका नाम भी शामिल हो गया है। उनसे पहले शाहरुख खान ने 2023, सुनील नरेन 2025, देवदत्त पडीक्कल 2026 में ऐसा कर चुके हैं। आईपीएल में यह 8वीं बार रहा, जब वैभव ने अपनी पारी की शुरुआत सिक्स से की।

- **राहुल का 8वां 500+ रन वाला आईपीएल सीजन** – केएल राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 से ज्यादा रन पूरे किए। वह अब आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 500+ रन वाले सीजन खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस मामले में सिर्फ विराट कोहली उनसे आगे हैं। राहुल ने लगातार तीसरे आईपीएल सीजन में 500+ रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 2024, 2025 और 2026 में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले राहुल 2018 से 2022 तक लगातार 5 सीजन 500+ रन बना चुके हैं।
- **राहुल ने राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाए** – दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान के खिलाफ एक और बड़ी पारी खेलते हुए आईपीएल में अपना 9वां 50+ स्कोर बनाया। इसके साथ ही वह राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा, जिन्होंने ञ्ञ्के खिलाफ 8 बार 50+ स्कोर बनाए थे। राहुल ने यह उपलब्धि सिर्फ 19 पारियों में हासिल की।

**लगातार छठी हार के बाद गावस्कर का बड़ा बयान**

# मुझे पंजाब किंग्स के प्लेऑफ में पहुंचने पर हैरानी नहीं होगी



**मुंबई (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों हार के बाद (लगातार छठी हार थी) पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि उन्हें अब भी पीबीकेएस के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने पर हैरानी नहीं होगी। इसकी वजह है राजस्थान रॉयल्स (केके) का हालिया खराब प्रदर्शन और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के आगे आने वाले दो मुश्किल मैच।

स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर बोलते हुए गावस्कर ने कहा, मुझे पंजाब किंग्स के प्लेऑफ में पहुंचने पर हैरानी नहीं होगी, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स जैसी टीमें क्वालिफाई न करने की पूरी कोशिश कर रही हैं। वे दिल्ली के खिलाफ यह मैच एक जीतने लायक स्थिति से हार गए और अगर राजस्थान जीतने वाली स्थितियों से हारना जारी रखती है, तो पंजाब को बस अपना अगला मैच जीतना होगा। इससे वे 15 अंकों तक पहुंच जाएंगे, जो शायद काफी हो। उन्होंने आगे कहा, सनराइजर्स पंजाब से आगे हैं, और सीएसके अब भी 14 या यहां तक कि 16 अंकों तक पहुंच सकती है। लेकिन अगर सीएसके एक मैच हार जाती है, तो पंजाब के पास क्वालिफाई करने का एक बहुत ही ठोस मौका होगा। पीबीकेएस का सफर ऐतिहासिक सात मैचों की अजेय दौड़ के साथ शुरू हुआ था जिसमें छह जीत और एक बिना नतीजे वाला मैच शामिल था, अब पूरी तरह से उथल-पुथल में बदल गया है। आरसीबी के हाथों 23 रनों की हार के दौरान पीबीकेएस की बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों की कमजोरियां लगातार सामने आती रहीं। 2025 की उप-विजेता टीम 13 अंकों के साथ अब भी चौथे स्थान पर है। फाइनल चार में बने रहने का कोई भी मौका पाने के लिए उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीतना होगा, ताकि वे 15 अंकों तक पहुंच सकें। इसके अलावा पीबीकेएश को यह दुआ करनी चाहिए कि चौथे प्लेऑफ स्थान के लिए उनके सबसे सीधे प्रतिद्वंद्वी सीएसके (एसआरएच और जीटी के खिलाफ), आरआर(एलएसजी और मुंबई के खिलाफ) और केकेआर (डीसी और मुंबई के खिलाफ़ दो मैच बाकी) अपने बाकी बचे मैचों में से सिर्फ एक-एक मैच जीतें, या फिर बिल्कुल भी न जीतें। अगर ऐसा होता है और पीबीकेएस अपना आखिरी मैच जीत जाती है तो पीबीकेएस चौथे स्थान पर बनी रहेगी और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर जाएगी।

# केएल राहुल ने रचा इतिहास, शानदार फिफ्टी के दम पर रोहित-कोहली के खास क्लब में शामिल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए आईपीएल इतिहास में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। राहुल ने अपने आईपीएल करियर का 50वां 50+ स्कोर पूरा किया और साथ ही आठवीं बार एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दिल्ली ने राजस्थान को 5 विकेट से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा।

### विराट कोहली के खास क्लब में पहुंचे केएल राहुल

केएल राहुल अब आईपीएल में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले खिलाड़ियों की एलीट लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इस सूची में विराट कोहली, डेविड वॉर्नर, शिखर धवन और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज शामिल हैं



### आईपीएल में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर

76 - विराट कोहली (9 शतक, 67 अर्धशतक)
66 - डेविड वॉर्नर (4 शतक, 62 अर्धशतक)
53 - शिखर धवन (2 शतक, 51 अर्धशतक)
51 - रोहित शर्मा (2 शतक, 49 अर्धशतक)
50 - केएल राहुल (6 शतक, 44 अर्धशतक)

इसके अलावा राहुल ने आईपीएल में आठवीं बार 500+ रन का सीजन पूरा किया, जो विराट कोहली (9) के बाद दूसरा सबसे ज्यादा है।

**इस सीजन राहुल का दमदार प्रदर्शन** – केएल राहुल इस सीजन दिल्ली कैपिटल्स के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने 14 पारियों में 533 रन बनाए हैं। उनका औसत 44.41 और स्ट्राइक रेट लगभग 172 का रहा है। इस दौरान उन्होंने एक शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152* रहा है।

**राजस्थान के खिलाफ फिर चला राहुल का बल्ला** – राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ राहुल का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने आरआर के खिलाफ 19 पारियों में 882 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 51.88 और स्ट्राइक रेट 135.27 का रहा है। उनके नाम आरआर के खिलाफ नौ अर्धशतक दर्ज हैं।

**आरआर ने बनाए 193 रन** – मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और यशस्वी जायसवाल जल्दी आउट हो गए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में 46 रन की विस्फोटक पारी खेली।

# कूपर कॉनोली ने आईपीएल में बनाया बड़ा रिकॉर्ड, डेब्यू सीजन में जयसूर्या को छोड़ा पीछे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर में 222/4 का विशाल स्कोर बनाया, जिसके जवाब में पंजाब किंग्स 199/8 ही बना सकी। हालांकि हार के बावजूद पीबीकेएस के युवा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कॉनोली ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

कूपर कॉनोली ने तोड़ा जयसूर्या का रिकॉर्ड

कूपर कॉनोली आईपीएल के डेब्यू सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में श्रीलंका के दिग्गज सनथ जयसूर्या को पीछे छोड़ दिया। कॉनोली ने आरसीबी के खिलाफ 22 गेंदों में 37 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। इसी के साथ उनके इस सीजन में छक्कों की संख्या 32 पहुंच गई। वहीं सनथ जयसूर्या ने आईपीएल 2008 के



पहले सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए 31 छक्के लगाए थे।

**शानदार फॉर्म में हैं कॉनोली** – पीबीकेएस के लिए कूपर कॉनोली इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने 12 पारियों में 473 रन बनाए हैं। उनका औसत 47.30 और स्ट्राइक रेट 162.54 का रहा है। इस दौरान उन्होंने एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 107* रहा है।

**विराट और वेंकटेश ने पीबीकेएस पर बरपाया कहर** – मैच में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जैकब बेथेल जल्दी आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने शानदार साझेदारी कर टीम को संभाला। विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रन बनाए, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 25 गेंदों में 45 रन की पारी खेली। इसके बाद वेंकटेश अय्यर ने 40 गेंदों में नाबाद 73 रन ठोक दिए। टिम डेविड ने भी 12 गेंदों में 28 रन बनाकर टीम को 222 रन तक पहुंचाया।

**पीबीकेएस की कोशिश नाकाम** – 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही। प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य और कप्तान श्रेयस अय्यर जल्दी आउट हो गए। इसके बाद कूपर कॉनोली और सूर्यांश शेडगे ने टीम को संभालने की कोशिश की। बाद में मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह ने तेज बल्लेबाजी करते हुए मुकाबले में वापसी दिलाने का प्रयास किया। शशांक ने 27 गेंदों में 56 रन बनाए, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। ञ्ञ्ञ्के लिए रसिख सलाम डार ने 3 विकेट लिए, जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 2 विकेट झटके।

**प्लेऑफ में पहुंची आरसीबी, पीबीकेएस की मुश्किलें बढ़ीं** – इस जीत के साथ आरसीबी ने 18 अंकों के साथ आईपीएल 2026 प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है और टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं पंजाब किंग्स को लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। अब पीबीकेएस को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने आखिरी मुकाबले में जीत के साथ दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

# धोनी एनएसजी कमांडो ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे, मशीनगन चलाई

## पिस्टल से निशाना भी लगाया, कमांडोज से पूछा- फिट लग रहा हूं

**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के बीच रविवार को चेन्नई में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) के रीजनल हब पहुंचे। यहां उन्होंने सब-मशीनगन (छोटी मशीनगन) चलाई। साथ ही पिस्टल से भी निशाना लगाया। 44 साल के धोनी ने यहां कमांडोज और उनके परिवारों के साथ समय बिताया। उनके साथ खाना खाया। उन्होंने कमांडोज से पूछा- फिट लग रहा हूं न। इस पर जवानों ने सहमति देते हुए कहा- पिछली बार जब आए थे, तब इससे भी फिट थे। तब धोनी ने कहा- जैसे-जैसे टाइम बढ़ता है, मेहनत ज्यादा करनी पड़ती है। वे 2023 में एनएसजी कैंप में शामिल हो चुके हैं। धोनी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। हालांकि, वे काफ स्ट्रेन (पिंडली की चोट) के कारण इस सीजन में अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।

### धोनी और सैन्य बलों का पुराना नाता

- 2011- टेरिटोरियल आर्मी की पैराशूट रेजीमेंट में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक से सम्मानित किया गया।
- 2015- आगरा में सैन्य एयरक्राफ्ट से 5 अनिवार्य जंप पूरी कर क्वालिफाइड पैराट्रूपर बने।
- 2018- जब राष्ट्रपति भवन में पद्म भूषण सम्मान मिला तो धोनी सेना की यूनिफॉर्म पहनकर मार्च करते हुए अवॉर्ड लेने पहुंचे।
- 2019- वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से ब्रेक लेकर जम्मू-कश्मीर में 106 इन्फैंट्री बटालियन के साथ 2 हफ्ते बिताए, जहां उन्होंने गार्ड ड्यूटी और पेट्रोलिंग भी की।

**टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं धोनी** – एमएस धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। वे पैराशूट रेजीमेंट की 106 पैरा टेरिटोरियल आर्मी बटालियन का हिस्सा हैं। उन्होंने कश्मीर में भारतीय सेना के साथ दो हफ्ते की ट्रेनिंग भी की। बाद में उनका बूट पॉलिश करते हुए फोटो भी सामने आया था।



## न्यूज बाइट्स

### दुल्हन का घूंघट उठाने पर विवाद में 61 पर केस

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह थाना क्षेत्र में भगवानपुर और रामपुर गांव के बीच हुई हिंसक झड़प के मामले में कुल 61 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रथम पक्ष की ओर से गौतम पासवान के बयान पर 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष से रणधीर कुमार के बयान पर 36 लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि दोनों पक्षों द्वारा दिए गए आवेदनों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की जा रही है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। यह हिंसक झड़प बीते रविवार को शादी समारोह के दौरान दुल्हन का घूंघट उठाने को लेकर हुई गलतफहमी के कारण उत्पन्न विवाद के बाद हुई थी। इस घटना में दोनों गांवों के दर्जनों लोग घायल हुए थे।

### गीत गंगा समिति का रजत जयंती समारोह आयोजित

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के हसपुरा में संगीत की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने वाली 'गीत गंगा समिति रेवाखण्ड, दाउदनगर-हसपुरा' ने अपने 25 वर्ष पूरे होने पर भव्य रजत जयंती समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर संगीत और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे पूरा हसपुरा क्षेत्र संगीतमय हो उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीत गंगा समिति के अध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह ने की, जबकि संगीत शिक्षक अशोक कुमार ने इसका संचालन किया। समारोह की शुरुआत आनंद संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया और 'इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो ना' वंदना गीत से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ। छात्राओं सपना कुमारी, ज्योति कुमारी, अंशु कुमारी, अर्शी और गजाला ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एक स्मारिका का भी लोकार्पण किया गया। स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हारमोनियम पर बिपिन कुमार और चंदन कुमार, तबला पर आदित्य राज, ऑर्गन पर ज्ञान रंजन कुमार, वायलिन पर अताउल्लाह खान, तानपुरा पर आशीष कुमार, घटम पर राहुल कुमार और बांसुरी पर अरमान खाँ ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

उत्तर कोयल नहर परियोजना की प्रगति की मुख्य सचिव ने की समीक्षा, 60 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा

# परियोजना पूरी होने पर सिंचाई व्यवस्था होगी मजबूत, किसानों को मिलेगा पर्याप्त पानी

- परियोजना की कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर, जिसमें 61.69 किलोमीटर हिस्सा औरंगाबाद जिले में।
- सभी विभागों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर।




एसवीवी. संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना (एनकेआरपी) के निर्माण कार्यों एवं भूमि अधिग्रहण की प्रगति को लेकर सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता बिहार की मुख्य सचिव ने की। बैठक में औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित परियोजना से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान परियोजना के निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, भूमि अधिग्रहण की प्रगति तथा लंबित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के तहत कुल 9 पैकेजों में निर्माण कार्य चल रहा है। परियोजना की कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर है, जिसमें लगभग 61.69 किलोमीटर हिस्सा औरंगाबाद जिले से होकर गुजरता है। अब तक परियोजना की कुल भौतिक प्रगति 60.35 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जबकि पिछले सात दिनों में 1.03 प्रतिशत अतिरिक्त प्रगति दर्ज की गई है। यह परियोजना झारखंड से शुरू होकर औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुंबा, देव, औरंगाबाद तथा मदनपुर प्रखंडों से गुजरते हुए गया जिले तक जाती है। परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र के हजारों किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने, नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए हर स्तर पर गंभीरता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। साथ ही भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों का शीघ्र निष्पादन करने पर भी विशेष बल दिया गया।

जिला प्रशासन ने बताया कि परियोजना को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है और निर्माण एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का मानना है कि परियोजना पूरी होने के बाद दक्षिण बिहार के बड़े हिस्से में सिंचाई व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और किसानों को खेती के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

## जनता दरबार आयोजित, डीएम सुनीं आम लोगों की समस्याएं



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

समाहरणालय परिसर में सोमवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की पहल पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सात निश्चय-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे डीएम के समक्ष रखीं। जनता दरबार में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, सड़क एवं नाली-गली निर्माण, जमाबंदी, इंदिरा आवास, एलपीसी निर्गत करने, भूमि मापी, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, परिमार्जन तथा अनुग्रह अनुदान सहित कई जनहित से जुड़े मामलों की शिकायतें प्राप्त हुईं। बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने प्रशासन से त्वरित समाधान की मांग की। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाइक की टक्कर से महिला की हुई मौत




- बड़े बेटे के घर जाते समय हुआ हादसा, इलाज के दौरान तोड़ा दम
- सुबह करीब 10 बजे सड़क पार करने के दौरान अज्ञात बाइक ने टक्कर मारी।
- हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं।

निज संवाददता | गोह (औरंगाबाद)

जिले के गोह थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना एनएच-120 पर दधपी गांव के पास गया-दाउदनगर मुख्य पथ की है, जहां एक अज्ञात बाइक की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका की पहचान पनपत्तियां देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह सोमवार सुबह अपने बड़े बेटे के घर जा रही थीं। इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल दाउदनगर के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। हालांकि हालत गंभीर होने के कारण शाम करीब 3 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिवार में मातम पसर गया। परिजन शव को गोह लेकर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। गोह थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ओबरा देवी मंदिर से चार वर्षीय आदविक के अपहरण मामले में एसआईटी गठित

- सीसीटीवी में बच्चे को ले जाती दिखी महिला, अनुग्रह नारायण स्टेशन से ट्रेन पकड़ने का सुराग, आईजी विकास वैभव खुद कर रहे मॉनिटरिंग



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र से चार वर्षीय मासूम आदविक परासर के अपहरण का मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। पुलिस बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार आदविक परासर, पिता सुधीर प्रसाद, निवासी सूर्य मंदिर रोड ओबरा, 16 मई 2026 को ओबरा स्थित देवी मंदिर परिसर से अचानक लापता हो गया था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही ओबरा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल के निर्देश पर की गई जांच में एक महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा। सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात महिला बच्चे को अपने साथ ले जाती दिखाई दी। आगे की जांच में पता चला कि महिला आदविक को लेकर अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन पहुंची और वहां से ट्रेन के जरिए किसी दूसरे स्थान के लिए रवाना हो गई। इसके बाद आईजी विकास वैभव ने एएसपी सह दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। टीम को तकनीकी साक्ष्यों और वैज्ञानिक जांच पद्धति के आधार पर मामले का जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अब जीआरपी, स्थानीय पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की निगरानी खुद आईजी विकास वैभव कर रहे हैं और लगातार जांच की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आम लोगों से भी सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को आदविक या सीसीटीवी में दिख रही संदिग्ध महिला के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो तत्काल ओबरा थाना या डायल 112 पर सूचना दें। पुलिस के अनुसार अपहरण के समय बच्चा पीले रंग की टी-शर्ट पहने हुए था और उसका रंग गोरा है।

## किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय में चला नशा मुक्त अभियान, छात्राओं ने दिया जागरूकता का संदेश

- "नशा छोड़ें, जीवन संवारे" नारे के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया।
- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लिया।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




औरंगाबाद स्थित किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में "नशा मुक्त अभियान" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और समाज के बीच नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने "नशा छोड़ें, जीवन संवारे" का प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने छात्राओं से समाज में जागरूकता फैलाने और नशामुक्त वातावरण बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

अभियान के दौरान छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली और विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। रैली में छात्राओं का उत्साह देखने लायक था। पूरे परिसर में जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में प्रो. अखिलेश सिंह, बर्सर डॉ. अभिजीत घोष, डॉ. अमरेंद्र कुमार मौलाना, डॉ. रीता कुमारी, डॉ. जयंती कुमारी, डॉ. सौरभ कांति पात्रा, डॉ. जहांगीर, डॉ. सुगंध प्रिया, डॉ. अकबर हुसैन अंसारी, डॉ. बच्चनदेव सिंह, डॉ. गुड़िया कुमारी, डॉ. राहुल, डॉ. प्रभात, डॉ. शिवशंकर, डॉ. कुंदन, डॉ. पंकज, डॉ. अमरदीप, डॉ. कमलदेव, डॉ. अनुज, डॉ. अरुण मिश्रा, डॉ. अजय, डॉ. सतेंद्र, डॉ. अर्चना, डॉ. नरेश, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. पुष्पा कुमारी और डॉ. मीनू कुमारी सहित महाविद्यालय के कई शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में भंडारपाल विनोद सिंह, दीपक तथा अन्य कर्मियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण, प्रेरणादायक और जागरूकता से भरपूर रहा।

## आज पंचायतों में लगेंगे सहयोग शिविर

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** बिहार सरकार ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 'सहयोग शिविर' अभियान की शुरुआत की है। इस पहल के तहत 19 मई 2026 से राज्य की सभी पंचायतों में प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं और शिकायत निवारण की सुविधा उपलब्ध कराना है। सहयोग शिविर के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे संबंधित विभागीय अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। सरकार ने शिकायतों के समाधान के लिए 30 दिनों की समय सीमा तय की है, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। इन शिविरों में राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, सीमांकन, जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र, बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही लोगों से आवेदन और सुझाव भी प्राप्त किए जाएंगे। सरकार की ओर से 'सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100' भी जारी किया गया है।

## अनुग्रह मध्य विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप का पांचवां दिन सशक्त नारी और लोक संस्कृति को रहा समर्पित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में सोमवार को भारतीय भाषा समर कैंप 2026 के पांचवें दिन का आयोजन उत्साह, संस्कृति और प्रेरणा के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र सशक्त नारी, लोक संस्कृति, बालिका नेतृत्व और बिहार के प्रथम उपमुख्यमंत्री डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा की प्रेरणादायी जीवन यात्रा रही। कार्यक्रम में समाजसेवी महिलाओं के समूह ने भाग लेकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह, समाजसेवी अनीता सिंह, अंजली सिंह, संजीता गुप्ता और गुड़िया सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद शिक्षिका ज्योति मौर्या के निर्देशन में छात्राओं ने पारंपरिक झिझिया गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। लोकगीत की प्रस्तुति ने पूरे परिसर को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया।

समर कैंप के दौरान छात्राओं ने कहानी वाचन, लघु नाटिका, लोक आंचलिक नृत्य और बालिका क्रिकेट जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्राओं ने आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में संवाद कौशल, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित करना था। प्रेरणा सत्र में शिक्षिका रीता कुमारी ने बच्चों को डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा के संघर्षपूर्ण जीवन और उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा के माध्यम से जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। बच्चों ने भी इस सत्र में काफी रुचि दिखाई। मुख्य अतिथि अनीता सिंह ने कहा कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय में हुई थी और आज विद्यालय में हुए सकारात्मक बदलाव को देखकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें सिल्क का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं को मातृभाषा के साथ अन्य भाषाओं के अध्ययन के लिए भी प्रेरित किया और कहा कि भाषा ज्ञान व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार है।

## सबसे दूर, सबसे पहले जनभागीदारी अभियान का शुभारंभ, लगेंगे विशेष शिविर




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा "सबसे दूर, सबसे पहले" जनभागीदारी अभियान का सोमवार को भव्य शुभारंभ किया गया। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह विशेष अभियान जनजातीय बहुल और दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रशासनिक सेवाओं, सरकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। जिला प्रशासन का लक्ष्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक भी सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन अनुसूचित जनजाति समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

धान-गेहूं अधिप्राप्ति में लापरवाही पर डीएम सख्त

## सीएमआर आपूर्ति में देरी करने वाले राइस मिलरों को चेतावनी, 3-4 दिन में प्रगति नहीं हुई तो होगी एफआईआर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



समाहरणालय स्थित योजना भवन सभाकक्ष में सोमवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान एवं गेहूं अधिप्राप्ति से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) आपूर्ति, लंबित एक्सेप्टेंस ऑर्डर, भुगतान प्रक्रिया और गेहूं अधिप्राप्ति की वर्तमान स्थिति पर गहन चर्चा हुई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ राइस मिलों द्वारा निर्धारित क्षमता के अनुरूप सीएमआर जमा नहीं किया गया है। इस पर जिला पदाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित राइस मिल संचालकों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगले तीन से चार दिनों के भीतर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित नहीं होने पर संबंधित मिल मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और उन्हें काली सूची में डालने जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में डीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों के हितों से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अधिप्राप्ति प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और जवाबदेह बनाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित एक्सेप्टेंस ऑर्डर मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और तेजी से सीएमआर आपूर्ति करने वाली समितियों को प्राथमिकता के आधार पर भुगतान करने को कहा। उन्होंने राज्य खाद्य निगम के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित राशि जल्द उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में गेहूं अधिप्राप्ति लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि धान और गेहूं अधिप्राप्ति प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि किसानों को समय पर लाभ मिल सके और सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

# चिटफंड कंपनी का चेक हुआ था बाउंस, लंबी कानूनी लड़ाई के बाद मिला 15 हजार रुपये का भुगतान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला उपभोक्ता संरक्षण प्रतितोष आयोग में दायर एक मामले में 75 वर्षीय वृद्धा को वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद राहत मिली है। बारूण थाना क्षेत्र के सिरिस टोले भोपतपुर निवासी श्याम सुंदरी देवी ने वेलफेयर बिल्डिंग एंड इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ परिवाद पत्र संख्या 57/2022 दायर किया था। लंबे समय तक भुगतान नहीं मिलने के बाद अब उन्हें 15 हजार रुपये का चेक प्राप्त हुआ है। श्याम सुंदरी देवी ने बताया कि उन्होंने 10 अक्टूबर 2013 को कंपनी की स्वर्ण विकास स्कीम के तहत बॉण्ड संख्या B290448 खरीदा था। योजना के अनुसार 15 हजार रुपये जमा करने पर पांच वर्ष बाद 30 हजार रुपये मिलने थे। बॉण्ड की मैच्योरिटी 9 अक्टूबर 2018 को पूरी हो गई थी, लेकिन निर्धारित राशि का भुगतान नहीं किया गया।

वृद्धा के अनुसार कंपनी की औरंगाबाद शाखा ने 20 अप्रैल 2019 को 30 हजार रुपये का चेक जारी किया था। जब उन्होंने चेक को मगध ग्रामीण बैंक की औरंगाबाद शाखा में जमा किया तो खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गया। इसके बाद शाखा प्रबंधक ने चेक और संबंधित दस्तावेज अपने पास रखकर जल्द भुगतान कराने का आश्वासन दिया, लेकिन कई वर्षों तक राशि नहीं मिली। श्याम सुंदरी देवी का आरोप है कि उन्होंने कोरोना काल के दौरान भी कई बार कंपनी कार्यालय के चक्कर लगाए, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। अब स्थिति यह है कि कंपनी का कार्यालय अधिकतर बंद मिलता है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ गोष्ठी आयोजित

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)



औरंगाबाद सदर प्रखंड के ग्राम जम्होर स्थित मानकुमारी बद्री नारायण सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका को मजबूत करना तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव प्रेम कुमार सिंह, प्रधानाचार्य परशुराम ओझा, राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दवीणा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया एवं अन्य आचार्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और भारत माता के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

विद्यार्थी की माता संजू कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस मातृ गोष्ठी का संचालन दिव्यानी जी ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं की माताएं शामिल हुईं। गोष्ठी के दौरान माताओं ने बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार, अनुशासन और घर पर उनकी गतिविधियों को लेकर अपने विचार साझा किए। कई अभिभावकों ने बच्चों द्वारा मोबाइल फोन के अनधिकृत उपयोग पर चिंता जताई और इस पर नियंत्रण की आवश्यकता बताई। बैठक में गृहकार्य, विद्यालय अनुशासन और यातायात सुविधा जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

## फुटपाथ पर महिला ने बच्चे को दिया जन्म, प्रसव के तुरंत बाद नवजात चोरी

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद में मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 35 वर्षीय महिला ने फुटपाथ पर बेटे को जन्म दिया और प्रसव के कुछ ही देर बाद नवजात चोरी हो गया। महिला अत्यधिक रक्तस्राव की वजह से सड़क किनारे पड़ी रही और अपनी हालत के कारण नवजात को बचा नहीं सकी। बाद में स्थानीय महिलाओं की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित महिला की पहचान सविता के रूप में हुई है। अस्पताल में उसके साथ उसकी पांच वर्षीय बेटी भी मौजूद है, जो लगातार अपनी मां के पास बैठी रहती है।